सूर्योदय 6:27 सूर्यास्त 5:43

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.2 न्यू | 21.6 अधि |
| धर्मशाला | 14.9 न्यू | 26.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80220.72 |
| निफ्टी | 24472.10 |
| सोना 77,700 | चांदी 1,10,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान





भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से भी केन विलियम्स न रहेंगे बाहर

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 23 अक्तूबर 2024 | 7 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 307, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### एलओसी के पास पाक ड्रोन पर सेना के जवानों ने की गोलीबारी



**जम्मू।** सतर्क भारतीय सैनिकों ने मंगलवार सुबह जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी ड्रोन को देखकर कुछ राउंड गोलीबारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सीमा पार से आ रहे ड्रोन को एलओसी के करीब देखा गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के जवानों ने ड्रोन को मार गिराने के लिए कुछ राउंड गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि ड्रोन से कुछ गिराए जाने का संदेह होने पर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

### लॉरेंस गैंग से जुड़े 3 आरोपी गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब के मोगा जिले में पुलिस की सीआईए स्टाफ ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग जगहों से 3 लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से छह पिस्टल और बारह राउंड कारतूस बरामद हुए। आरोपियों में से एक का संबंध पटियाला गैंग से है, जबकि अन्य तीन लॉरेंस गैंग से जुड़े हुए हैं। इन गैंग्स ने मोगा जिले में कई लोगों से फिरौती भी मांगी है और वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

### झारखंड विधानसभा चुनाव: दूसरे चरण की 38 सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

**झारखंड।** झारखंड में दूसरे चरण के तहत 38 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले चुनाव की अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी गई। इसके साथ ही इन सीटों पर उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो रहा है। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 29 अक्तूबर है, जबकि पर्चों की स्क्रूटनी 30 अक्तूबर को होगी, एक नवंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

### महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में भूकंप के झटके




**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। नांदेड़ उत्तरी शहर, हदगांव और अर्धापुर तालुका के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप सुबह 6.52 बजे आया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.8 दर्ज की गई। भूकंप के इस झटके से जिले में कहीं भी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

### झारखंड में होटल कारोबारी से करोड़ों की नकदी व सोना बरामद

**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने पथलडीहा के वृंदा गांव के एक घर में छापेमारी की है। छापेमारी में पुलिस को करोड़ों रुपए कैश, भारी मात्रा में सोना के साथ-साथ कुछ आपत्तिजनक चीजें बरामद हुई हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि सोमवार की रात से ही पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। पुलिस ने घर को घेराबंदी कर रखा है। पुलिस जहां छापेमारी कर रही है, वह घर सुखदेव रजक का बताया जा रहा है, जिनका हजारीबाग के बरही में एक होटल भी है। इधर, घर पर छापेमारी की भनक लगते ही मकान मालिक सुखदेव रजक मौके पर से फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने कैश गिनने को लेकर मशीन मंगाई गई है, साथ ही इनकम टैक्स के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बदलेगा कांगड़ा एयरपोर्ट का नाम शुरू होंगी नई उड़ानें -पेज 3
- नगरोटा में होगी स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्रीः बाली -पेज 5
- प्रदेश सरकार कर रही जनता को गुमराहः इंद्र सिंह गांधी -पेज 9
- दशहरा उत्सव से वापस बागी कोठी पहुंचे देवता श्रृंगा ऋषि -पेज 11
- जयशंकर ने कनाडा के 'दोहरे मानदंडों' की आलोचना की -पेज 13


# हिमाचल में नौकरियों की बहार

## 2061 वन मित्र, 150 स्टाफ नर्सें और 100 वर्क इंसपेक्टर होंगे भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिमंडल ने वन विभाग में 2,061 वन मित्रों की नियुक्ति को मंजूरी दी है, जिसमें 10 अंकों के व्यक्तिगत साक्षात्कार की शर्त को अब समाप्त किया गया है। इसी तरह से कैबिनेट ने मुख्यमंत्री आरोग्य पशुधन योजना के तहत प्रदेश के पशु चिकित्सालय में सालों से सेवाएं दे रहे 964 जीपीवीए को अब नियमित किया जाएगा। इसके लिए कैबिनेट ने 964 पद सृजित किए. इन पदों पर जीपीवीए को रेगुलर किया जाएगा।

कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग में वर्क इंस्पेक्टर के 100 पदों को भरने की भी मंजूरी दी गई है। लोक निर्माण विभाग में वर्क इंस्पेक्टर के 75 नए पद स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, 25 वर्क इंस्पेक्टर के पदों को पहले स्वीकृति दी गई थी। इन पदों पर 3 साल का सिविल इंजीनियर डिप्लोमा धारकों का चयन किया जाएगा।

सुक्खू कैबिनेट ने डॉ. राधा कृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, हमीरपुर में 150 स्टाफ नर्स के पद भरने का भी निर्णय लिया। इसके अतिरिक्त, मंत्रिमंडल ने चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में सामान्य चिकित्सा, शिशु रोग, सामान्य शल्य चिकित्सा, अस्थि रोग, एनेस्थीसिया और रेडियोलॉजी विभागों में छह एसोसिएट प्रोफेसर के पद और 10 सहायक प्रोफेसर पद सृजित कर भरने का निर्णय लिया।



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में उपस्थित डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री व अन्य।

### ईवी चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क का विस्तार

**सुक्खू** सरकार प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने और जीवाश्म ईंधन वाहनों पर निर्भरता कम करने के लिए प्रयासरत है। इसी के तहत मंत्रिमंडल ने राज्य के छह हरित गलियारों के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क का विस्तार करने के लिए निजी खिलाड़ियों को शामिल करने को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने 450 मेगावाट शोंगटोंग कड़छम विद्युत परियोजना के संबंध में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल उपसमिति की सिफारिशों को स्वीकार करने का निर्णय लिया है, इसमें कंपनी को वित्तीय वर्ष 2026-27 तक परियोजना को पूरा करने के निर्देश शामिल हैं।

### पार्किंग के लिए उपसमिति के गठन की मंजूरी

**मंत्रिमंडल** ने शिमला शहर में पीपीपी मॉडल के तहत संचालित पार्किंग सुविधाओं के संचालन की समीक्षा के लिए मंत्रिमंडल उपसमिति के गठन को मंजूरी दी। समिति की अध्यक्षता राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे, वहीं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी इसके सदस्य होंगे। शिमला के विधायक हरीश जनारथा विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में कार्य करेंगे।

सुक्खू कैबिनेट ने हमीरपुर जिले के नादौन में एक नया उपमंडल पुलिस अधिकारी कार्यालय खोलने के साथ-साथ विभिन्न श्रेणियों में पांच पदों के सृजन और भरने को मंजूरी दी। इसमें कांगड़ा जिले के इंदौरा में एक नई अग्निशमन चौकी की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में 13 पद सृजित और भरे जाएंगे। मंत्रिमंडल ने लाहौल-स्पीति जिले के केलांग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत शिंकुला में एक नई पुलिस चौकी की स्थापना के साथ-साथ विभिन्न श्रेणियों में छह पदों के सृजन और भरने को भी मंजूरी दी। वहीं, मंत्रिमंडल ने आपदाओं और आपात स्थितियों के दौरान इसकी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) का प्रशासनिक नियंत्रण अतिरिक्त महानिदेशक (होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा) को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया। इसके सुचारु संचालन के लिए एसडीआरएफ में अधिकतम दो साल की अवधि के लिए होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति को भी मंजूरी दी।

**ब्रिक्स सम्मेलन** रूस में द्विपक्षीय बातचीत से पहले गले मिले मोदी-पुतिन

# यूक्रेन संघर्ष समाप्त करने के लिए भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार : मोदी

**एजेंसी, कजान ( रूस )**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के दौरान कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए और भारत इसके लिए हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के कजान शहर में पहुंचने के कुछ घंटों बाद पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपनी शुरुआती टिप्पणी में पुतिन से कहा कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली का 'पूर्ण समर्थन' करता है।

मोदी ने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी दूसरी यात्रा दोनों देशों के बीच 'घनिष्ठ' समन्वय और गहरे विश्वास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के मुद्दे पर लगातार संपर्क में हैं। जैसा कि मैंने पहले कहा, हमारा मानना है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'हम शांति और स्थिरता की जल्द बहाली का पूर्ण समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयास मानवता को प्राथमिकता देते हैं। भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारे पास इन सभी मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर है।' मोदी ने जुलाई में मास्को में पुतिन के साथ अपनी शिखर वार्ता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'हमारे वार्षिक शिखर सम्मेलन के परिणामस्वरूप हर क्षेत्र में सहयोग मजबूत हुआ है।' मोदी ने ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन को बधाई देते हुए कहा कि कई देश अब इस समूह में शामिल होना चाहते हैं।



ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले पीएम मोदी रूस के राष्ट्रपति पुतिन से गले मिलते हुए।

### राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्या कहा?

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि मुझे याद है कि जुलाई में हमारी मुलाकात हुई थी और कई मुद्दों पर बहुत अच्छी चर्चा हुई थी। हमने कई बार टेलीफोन पर भी बात की थी। कजान आने का निमंत्रण स्वीकार करने के लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। आज हम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे और उसके बाद रात्रिभोज करेंगे। आज अन्य नेताओं के साथ आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हमें कुछ बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लेने चाहिए। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बैठक की शुरुआत में कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अनुवादक की जरूरत ही नहीं है। पुतिन ने मोदी से कहा कि हमारे संबंध तो इतने पुराने हैं कि मुझे नहीं लगता कि आपको मुझे समझने के लिए किसी अनुवाद की जरूरत है। पुतिन ने मुस्कुराते हुए यह बात कही तो मोदी भी इस पर हंस पड़े।

# रामपुर में खाई में गिरी कार एक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर के रचोली में बीती रात एक कार गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात 10 बजे गाड़ी में सवार दोनों युवक रामपुर के जगुणी में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान इनकी कार रचोली के जबाह के समीप अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर नीचे खाई में जा गिरी।

इस हादसे में किन्नौर निवासी सचिन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल है। घायल का खनेरी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जबकि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स ने मांगी माफी

**मुंबई।** अजित पवार गुट के एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली थी। अभिनेता को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स ने धमकी के बाद सोमवार की रात मुंबई पुलिस को एक संदेश भेजकर अपनी धमकी के लिए माफी मांगी। संदेश में शख्स ने लिखा कि गलती से ऐसा हुआ।

बता दें कि पिछले हफ्ते 18 अक्तूबर को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक धमकी भरा संदेश मिला था। जिसमें गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ लंबे समय से चल रहे विवाद को निपटाने के लिए 5 करोड़ रुपए की मांग की गई थी।

# भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में गतिरोध हुआ खत्म

**एजेंसी, बीजिंग**




**चीनी विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि**

चीन ने पुष्टि की है कि पूर्वी लद्दाख में दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध को समाप्त करने के लिए भारत के साथ समझौता हो गया है। सूत्रों ने बताया कि भारत में चीनी राजदूत ने विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात की थी। हो सकता है कि ब्रिक्स के दौरान पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की संभावित मुलाकात में इस समझौते की रूपरेखा पर चर्चा हो। भारत में चीन के राजदूत, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से मिले हैं।

चीनी विदेश मंत्रालय का कहना है कि फिलहाल, दोनों पक्ष प्रासंगिक मामलों पर समाधान पर पहुंच गए हैं, जिसे चीन सकारात्मक रूप से देखता है। अगले चरण में चीन समाधान योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए भारत के साथ काम करेगा। बता दें कि चीन की तरफ से यह बयान भारत की ओर से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने के लिए चीन के साथ एक समझौते की घोषणा के बाद आया है। इसे दोनों सेनाओं के बीच चार साल से अधिक समय से चल रहे सैन्य गतिरोध को समाप्त करने में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि हाल के दिनों में चीन और भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से निकट संपर्क में हैं।

### महाराष्ट्र में कांग्रेस 100-105 शिवसेना उद्धव 96-100, राकांपा शरद 80-85 सीटों पर लड़ेगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए राज्य की 288 सीटों के लिए मंगलवार को महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच सीट शेयरिंग तय हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के रिजल्ट को आधार बनाकर विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग तय की गई है। इसमें कांग्रेस 100-105, शिवसेना उद्धव 96-100 और एनसीपी शरद 80-85 सीट पर चुनाव लड़ेगी। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को सिंगल फेज में वोटिंग होगी। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। राज्य की विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को 2024 को खत्म हो रहा है। सीट शेयरिंग फाइनल होने से पहले सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा था कि एमवीए में 288 विधानसभा सीटों में से 210 पर सहमति बन गई है। वहीं, अखिलेश की सपा ने एमवीए से 12 सीटें मांगी थीं।

# बहराइच में बुलडोजर एक्शन पर रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आदेश का उल्लंघन करने वाले रहें सचेत**



बहराइच हिंसा के आरोपियों पर कल तक बुलडोजर नहीं चलेगा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने योगी सरकार को बुधवार तक कार्रवाई न करने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वाले सचेत रहें। बता दें कि बहराइच दंगों के आरोपियों की ओर से यूपी सरकार के बुलडोजर एक्शन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

उच्चतम न्यायालय यूपी सरकार द्वारा जारी ध्वस्तीकरण नोटिस के खिलाफ बहराइच सांप्रदायिक हिंसा मामले के तीन आरोपियों की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए तत्काल सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया। सिंह ने पीठ से कहा, "यह उन व्यक्तियों की याचिका है जिन्हें ध्वस्तीकरण संबंधी नोटिस प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार ने नोटिस का जवाब देने के लिए केवल 3 दिन का समय दिया है।"

### गृह मंत्रालय ने बढ़ाया तस्लीमा नसरीन का रेजिडेंस परमिट



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की चर्चित लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता तस्लीमा नसरीन को भारत सरकार से बड़ी राहत मिली है। उन्होंने संकेत दिया है कि उनका भारत में रहने का निवास परमिट रिन्यू हो चुका है। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। मंगलवार को तस्लीमा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शाह को बहुत-बहुत धन्यवाद कहा।

# बेअदबी मामले में राम रहीम पर चलेगा मुकदमा

**एजेंसी, चंडीगढ़**



पंजाब सरकार ने वर्ष 2015 की बेअदबी की घटनाओं में जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। इन घटनाओं के बाद विरोध प्रदर्शन हुए थे और पुलिस गोलीबारी में दो आंदोलनकारी मारे गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह कदम सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा तीन बेअदबी मामलों की सुनवाई पर लगाई गई रोक को हटाने के कुछ दिनों बाद उठाया गया है। शीर्ष अदालत ने 18 अक्तूबर को पंजाब सरकार की याचिका पर यह आदेश पारित किया था, जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसने फरीदकोट में दर्ज तीन मामलों में मुकदमे पर रोक लगा दी थी। सूत्रों ने बताया कि गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसकी मंजूरी दे दी।

# हिमाचल में दिन गर्म, रातें होने लगी ठंडी

## अगले 6 दिन बारिश-बर्फबारी के आसार नहीं

**अनंत ज्ञान, शिमला**




हिमाचल प्रदेश में दिन गर्म और रातें ठंडी होने लगी हैं। दिन में मैदानी इलाकों में गर्मी पड़ रही है, मगर ऊंचे क्षेत्रों में रात का तापमान कम होने लगा है। लाहौल-स्पीति के ताबो का पारा 0.1 डिग्री तक लुढ़क गया है।

वहीं, प्रदेश के 13 शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम और 4 जगह 5 डिग्री से भी नीचे गिर गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 5-6 दिन तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं आएगा, क्योंकि 27 अक्तूबर तक बारिश-बर्फबारी के कोई आसार नहीं है। प्रदेश के ठंडे शहरों में शुमार केलांग का रात का पारा 3.1 डिग्री तक गिर गया है, लेकिन दिन का तापमान सामान्य से 8.3 डिग्री ज्यादा के साथ 18.3 डिग्री चल रहा है। वहीं मनाली में दिन का तापमान 21.2 डिग्री होने से मौसम सुहावना बना हुआ है। मगर यहां रात में तापमान 8.3 डिग्री तक गिर चुका है, हालांकि मनाली में अभी तापमान सामान्य से ज्यादा है। मौसम विभाग के अनुसार, जब तक बारिश-बर्फबारी नहीं होती, तब तक दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। प्रदेश में 27 अक्तूबर तक बारिश-बर्फबारी के आसार भी नजर नहीं आ रहे।

### सपा और कांग्रेस मिलकर लड़ेंगी विधानसभा उपचुनावः अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की 9 सीटों पर होने वाला उपचुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) मिलकर लड़ेंगी।



कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राय ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत के नतीजे चाहे जो भी हों, लेकिन विपक्षी गठबंधन मिलकर उपचुनाव लड़ेगा। कांग्रेस ने 10 में से पांच सीट की मांग की थी, हालांकि सपा ने पहले ही सात सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी और कांग्रेस को दो सीट से ही संतोष करना पड़ा। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट को लेकर अदालत में मुकदमा लंबित होने के कारण इस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नहीं हो रहा है।

**रुकावट** बजट की कमी आ रही आड़े; 10 से 15 लाख खर्च का अनुमान

# शिमला में रुका मस्जिद गिराने का काम

**अनंत ज्ञान, शिमला**



शिमला के संजौली में बीते कल अवैध मस्जिद को गिराने का काम शुरू कर दिया गया था, मगर अवैध हिस्से को हटाने का काम नहीं किया गया। दोपहर एक बजे तक काम पर कोई मजदूर नहीं देखा गया। संजौली मस्जिद कमेटी का मानना है कि इतने बड़े स्ट्रक्चर को हटाने के लिए 10 से 15 लाख रुपए की जरूरत है। अब पैसों की कमी आड़े आ रही है।

मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ ने कहा कि वह प्रदेश में भाईचारे को बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में जब माहौल बिगड़ा तो उन्होंने स्वयं मस्जिद के अवैध हिस्से को हटाने की पेशकश की। उन्होंने कहा कि हम मस्जिद के अवैध हिस्से को तय समय में तोड़ने को तैयार है, मगर पैसों की कमी आड़े आ रही है। उन्होंने कहा कि बनाने के लिए सभी ने पैसा दिया, लेकिन तोड़ने के लिए कोई नहीं दे रहा। लतीफ ने कहा कि मजदूरों को तोड़ने का काम दे दिया गया है, लेकिन वह त्योहारी सीजन की वजह से काम पर नहीं आए। मजदूरों ने दिवाली के बाद काम में तेजी लाने की बात की है।

वहीं, हिमाचल हाईकोर्ट ने स्थानीय निवासियों की याचिका पर 8 सप्ताह के भीतर केस को पूरी तरह डिसाइड करने के आदेश दिए है। वहीं, नगर निगम कमिश्नर कोर्ट में 21 दिसंबर को इस केस की सुनवाई होनी है।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटखाई स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटखाई (छात्र) में एनएसएस के साप्ताहिक आवासीय शिविर का समापन हुआ। शिविर में डॉ. विकास नाथन मुख्यातिथि रहे जो राजकीय महाविद्यालय ठियोग में सहायक आचार्य रसायन शास्त्र के पद पर कार्यरत है तथा जिला शिमला के एनएसएस के नोडल ऑफिसर भी है। डॉ. विकास नाथन ने एनएस जैसी विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर काम करने वाली संस्था पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से समाज को सही दिशा में ले जाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य जवाहर चौहान तथा रच्छपाल ब्रागटा ने मुख्यातिथि को धन्यवाद किया।

### चियोग स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**जुन्गा (शिमला)।** उपमंडल स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग के शिवांश शर्मा ने वरिष्ठ वर्ग में मैथ्स अलॉम्पियार्ड द्वितीय तथा अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया करके स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने इन दोनों छात्रों का फूलमालाओं और उपहार भेंट करके स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन करने वाले आकाश, विद्यालय के छात्र आकाश, मयंक और सृष्टि को भी प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया ।

### दो व्यक्तियों से 736 ग्राम चरस बरामद

**दशमी रावत, रोहडू ।** उपमंडल रोहडू का खारला निवासी जगमोहन सिंह (41) व सुरेश कुमार (34) बनोटी देवीधार से पुलिस ने 736 ग्राम चरस बरामद की है। एसडीपीओ रोहडू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में संलिप्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### साइंस क्विज में चौपाल स्कूल ने मारी बाजी



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल चौपाल के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौपाल में आयोजित चिल्ड्रन कांग्रेस में जूनियर क्विज प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौपाल प्रथम, भरानु दूसरे तथा डीएवी पब्लिक स्कूल चौपाल व हिमाद्री स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। सीनीयर क्विज प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल चौपाल प्रथम, नेरवा पब्लिक स्कूल दूसरे तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौपाल तीसरे स्थान पर रहा। वरिष्ठ माध्यमिक क्विज प्रतियोगिता में चौपाल प्रथम, नेरवा दूसरे तथा कुपवी तीसरे स्थान पर रहा। मॉडल प्रतियोगिता में दिव्यांशी और विक्रांत शर्मा प्रथम, सृष्टि तेगटा व सुरभि दूसरे तथा ओजस पप्टा, वंशिका, व्योम ठाकुर, तान्या तीसरे स्थान पर रहे। मैथ ओलिम्पियाड में सूर्यांश, अभिनीत और रोशन लाल प्रथम, एड्डी सोक्टा, विहान और समयर दूसरे स्थान पर तथा सूर्यांश, सेजल व विक्षांत तीसरे स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता में इसमें 45 स्कूलों के करीब 260 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। समापन पर प्रधानाचार्य हरी शर्मा ने सभी विजेता स्कूलों को इनाम वितरित किए।

### तल्याणा, हरलोग व आसपास कल पावर कट

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सब-डिवीजन कंदरौर सहायक अभियंता ई. सुरेंद्र पटियाल ने बताया कि 24 अक्तूबर को सब-डिवीजन कंदरौर के तहत आने वाले क्षेत्रों तल्याणा, हरलोग, चांदपुर, भगेड़, झंडूता, नखलेहड़ा, गेहड़वीं, अमरपुर, बरठीं, बल्हसीणा, कलोल, झबोला, घराण, जेजवीं, तलाई घुमारवीं, कुठेड़ा, मोरसिंघी, भराड़ी, पंतेहड़ा हटवाड़ , मरहाणा, बरोटा डंगार और बद्धाघाट दधोल आदि स्थानों पर सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### एबैकस में मिनर्वा के बच्चों का बेहतरीन प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मिनर्वा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं के 26 छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर एबैकस प्रतियोगिता में भाग लिया गया। चंडीगढ़ में इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जहां मिनर्वा के होनहार का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। प्रधानाचार्य व अन्य स्टाफ ने भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में हिमाचल के कुल 63 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मिनर्वा से 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि एबैकस बच्चों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम है, जो आवश्यक शिक्षण कौशल में सुधार पर केंद्रित है। इस प्रतियोगिता के लिए बच्चों के साथ अध्यापक राम व अभिषेक मौजूद रहे।

### झंडूता में बताए आपदा से बचाव के तरीके

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सौजन्य से आपदाओं से रक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड झंडूता में किया गया। इस अवसर पर जन चेतना कला मंच झंडूता के कलाकारों ने आपदा प्रबंधन के उपर नुक्कड़ नाटक समूह गीत व लोक संगीत के द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम झंडूता व कलोल में प्रस्तुत किए गए। कला मंच के अध्यक्ष मछेंद्र भारती व साथी कलाकारों देशराज, प्यार सिंह, सुरेंद्र कुमार काकू, संतोष शर्मा, रेनू शर्मा और शालू आदि कलाकारों ने अपने अभिनय से जागरूक किया व उपस्थित जन समूह का मनोरंजन किया।

### डंगार स्कूल में सीएसआईआर टीम ने बांटे पौधे

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन जिज्ञासा परियोजना और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डंगार स्कूल परिसर के विकास व सौंदर्यीकरण के लिए सीएसआईआर की टीम द्वारा पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. एचएन दीक्षित ने स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी देखरेख तथा महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। वोकेशनल शिक्षा के तहत पढ़ाई जाने वाले विषय कृषि के बच्चों को गेस्ट लेक्चर दिया गया। इसमें बच्चों को फूलों और कृषि से संबंधित अन्य जानकारी दी गई। पौधों के प्रबंधन व विकास को करियर का एक उन्नत साधन भी बनाया जा सकता है। इस मौके पर उनके साथ नीरज भरवाल भी मौजूद रहे।

### गोबिंदसागर एडवेंचर एसो. कराएगी वाटर स्पोर्ट्स कार्निवल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन जिला बिलासपुर के मंडी भराड़ी फोरलेन पुल के पास स्थित कार्यालय में किया गया। इसमें प्रस्ताव पारित किया गया किया कि गोबिंदसागर झील को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उभारने हेतु 27 अक्तूबर को पांचवें राज्य स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स कार्निवल का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर एवं कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में वाटर स्पोर्ट्स खेलों को बढ़ावा देने हेतु एवं युवाओं को नशे से दूर करने का खेलों से जोड़ने के लिए गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन बिलासपुर में वर्ष 2009 से सक्रिय कार्य कर रही है। कार्निवल में लगभग 200 प्रतिभागी भाग लेंगे। 26 अक्तूबर को प्रतिभागी बिलासपुर में पहुंचेंगे एवं 28 अक्तूबर को सुबह अपने जिलों को वापस होंगे। कार्निवल के दौरान ओपन स्विमिंग चैंपियनशिप, फील फ्री कायक, पैडल बोट, स्पीड बोट इत्यादि गतिविधियां गोबिंदसागर झील में कारवाई जाएंगी।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित, कहा-

# सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य चेकअप जरूरी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की बैठक का आयोज किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अंजना पंवार, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार ने की। इस बैठक में हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन प्रतिषेध व उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के अंतर्गत प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई।

अंजना पंवार ने कहा कि सफाई कर्मियों का साल में दो बार स्वास्थ्य चेकअप करवाया जाए। इस चैकअप में शरीर के सभी अवश्य टेस्ट करवाएं जाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों में सोसाइटी बना कर सफाई कर्मियों की तैनाती के लिए कार्य करें। हर महीने में सफाई कर्मियों के साथ संबंधित अधिकारी बैठक करते हुए विभिन्न मुद्दों के समाधान पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों से मूल पद पर ही कार्य लिया जाए। वहीं पुलिस में सफाई कर्मियों से जुड़े मामले की जांच में तीव्रता लाने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए।

नगर निगम शिमला में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे सफाई कर्मियों को आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा फ्री मेडिकल चेकअप, ग्रुप इंश्योरेंस, पीएफ डिडक्शन की जानकारी पे स्लिप पर अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। सफाई कर्मियों के रिहायशी क्षेत्रों में सामुदायिक भवन बनाए जाए। जहां पर सामुदायिक भवन है वहां पर एक कमरे में पुस्तकालय स्थापित किया जाएगा।

बैठक में उपाध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मियों को वर्दी देना सुनिश्चित करें। स्थानीय निकायों में इन आदेशों को सख्ती से लागू करें। अगर सफाई कर्मी आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगे है तो एजेंसी की जिम्मेदारी से वर्दी, जूते मुहैया करवाए जाए।

### समय पर देना होगा वेतन

**सफाई** कर्मियों को हर महीने की 1 से 7 तारीख के बीच में मासिक वेतन देना सुनिश्चित करना होगा।

### पहचान पत्र जारी करें

**सभी** सफाई कर्मियों को पहचान पत्र जारी हो। इस पहचान पत्र में नाम, ब्लड ग्रुप, पीएफ नंबर और ईएसआई नंबर का जिक्र करना अनिवार्य किया गया है।

### अनुपस्थिति पर नोटिस

**बैठक** में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों, एजेंसी संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश उपाध्यक्ष ने दिए। जब सभी को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है तो बैठक से अनुपस्थित रहना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में उठा अल्ट्रासाउंड मशीन का मुद्दा



बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

रोगी कल्याण समिति की बैठक एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा की अध्यक्षता में सिविल अस्पताल चौपाल में आयोजित हुई जिसमें वर्ष 2024-2025 का वार्षिक बजट पेश किया गया तथा उस पर समिति के सदस्यों ने चर्चा की।

सदस्यों ने सिविल अस्पताल चौपाल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध करवाने, अस्पताल के लिए फोटोस्टेट मशीन खरीदने और ऑउट सोर्स कर्मियों का मानदेय बढ़ाने पर गहन चर्चा की। सिविल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा न होने के कारण मरीजों को ठियोग और शिमला का रुख करना पड़ता है, मामला सरकार के समक्ष उठाने की मांग की गई।

एसडीएम हेम चंद वर्मा ने कहा कि सिविल अस्पताल चौपाल में जल्दी ही सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रोगी सेवा कल्याण समिति की आय बढ़ाने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अस्पताल की खाली पड़ी जमीन पर डॉक्टर और स्टाफ के लिए आवासीय कोलोनी बनाने का प्रस्ताव भी सरकार को भेजा।

## नुक्कड़ नाटक से एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**



नुक्कड़ नाटक के दौरान कलाकार।

उपमंडल चौपाल में सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

जागरूकता अभियान की इस कड़ी में भगवती सांस्कृतिक मंडल शंठा के कलाकारो द्वारा बस स्टैंड चौपाल में नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से स्थानीय लोगों को एचआईवी एड्स के कारण लक्षण और बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## उचित मूल्य की दुकानों में खाद्य तेलों की कीमत में वृद्धि नहीं : रामकुमार

**शिमला।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक राम कुमार गौतम ने बताया कि प्रदेश की उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्य तेलों की कीमतों में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य तेलों पर सीमा शुल्क में वृद्धि के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश के लोगों पर बढ़ती कीमतों का बोझ न पड़े, इसके लिए विभाग को उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्य तेलों की कीमतों को अपरिवर्तित रखने के निर्देश दिए हैं ।

## प्री नर्सरी की माही ने भारतीय प्रतिज्ञा को अंग्रेजी में किया याद

**दशमी रावत, जुब्बल**



माही राज नेपटा को सम्मानित करते गणमान्य।

हैवन हार्ट स्कूल हाटकोटी की प्री नर्सरी छात्रा माही राज नेपटा ने भारतीय प्रतिज्ञा को अंग्रेजी में याद कर हाई रेंज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे कम उम्र की बच्ची के रूप में अपना नाम दर्ज करवाया है। माही की इस असाधारण उपलब्धि पर उनके माता-पिता और स्कूल ने गर्व व्यक्त किया है। जुब्बल के कार्यवाहक एसडीएम गुरमीत सिंह नेगी ने माही को सम्मानित किया है।

यह उपलब्धि न केवल माही के परिवार, बल्कि पूरे स्कूल और क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। स्कूल के चेयरमैन पवन शर्मा ने माही की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि माही ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से स्कूल की गरिमा को बढ़ाया है।

# पोस्टर मेकिंग में सुनिधि प्रथम

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**



प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय सुन्नी में एनर्जी क्लब तथा भौतिकी विभाग ने विश्व ऊर्जा दिवस के अवसर पर ऊर्जा संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया।

एनर्जी क्लब के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए क्लब के प्रबंधक प्रो. चुन्नीलाल ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में उपलब्ध जीवाश्म ईंधन की सीमित मात्रा का ध्यान रखना तथा अनवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों की जगह नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों का विवेकपूर्ण उपयोग करना समय की मांग है। एनर्जी क्लब तथा भौतिकी विभाग ने विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, नारा-लेखन व भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ एक जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान सुनिधि बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान चारू शर्मा बीएससी तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान गौरव वर्मा बीएससी द्वितीय वर्ष ने हासिल किया। नारा लेखन में प्रथम स्थान हिमानी ठाकुर बीएससी प्रथम वर्ष।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर रामलाल शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व को बताया। कार्यक्रम में एनर्जी क्लब के प्रबंधक प्रो. चुन्नीलाल, एनर्जी क्लब के सदस्य प्रो. मनीष पाल उपस्थित रहे ।

# पंचायत कार्यालयों में हो बायोमेट्रिक हाजिरी का प्रावधान

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

पंचायत सचिव, सहायक, तकनीकी सहाय रोजगार सेवक को ग्राम पंचायत कार्यालय में हाजिरी लगाने के सरकार के इस निर्णय का चहूंओर स्वागत हुआ है।

बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि पंयायत स्तर पर बायोमेट्रिक हाजरी लगाने का प्रावधान होना चाहिए तभी इस निर्णय के अच्छे परिणाम सामने आएंगे। इनका कहना है कि सरकार ने इस वर्ग की हाजरी के निरीक्षण का जिम्मा संबंधित प्रधान अथवा खंड विकास अधिकारी को सौंपा गया है जोकि व्यवहारिक नहीं है क्योंकि अधिकांश प्रधान अपने काम में दक्ष न होने की स्थिति में उन्हें पंचायत सचिव पर निर्भर रहना पड़ता है । दूसरी ओर बीडीओ के पास पूरे ब्लॉक के विकास कार्य का जिम्मा है जिस कारण बीडीओ भी निरीक्षण का कार्य नहीं कर पाएंगे । इस निर्णय को धरातल पर कामयाब करने के लिए केवल बायोमेट्रिक हाजिरी ही सबसे स्टीक विकल्प है।

जुन्गा क्षेत्र के राकेश ठाकुर, राम प्रकाश, हेतराम, रमेश कुमार सहित अनेक लोगों ने सरकार के निर्णय पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने इस प्रकार का कड़ा निर्णय लिया है । आमजन ने सरकार से आग्रह किया है कि पंचायत के फील्ड स्टाफ ही नहीं अपितु सभी फिल्ड स्टॉफ के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी का प्रावधान किया जाना चाहिए।

इस दौरान पटवारी, बिजली बोर्ड के लाईनमैन व अन्य फील्ड स्टाफ, पशु औषधालय के फार्मास्सिट, स्वास्थ्यय कार्यकर्ता, आशा वर्कर्ज, आंगनबाड़ी वर्कर्ज अर्थात सभी फील्ड के कर्मचारियों लिए बायोमेट्रिक हाजरी का प्रावधान किया जाना चाहिए ।

# बिलासपुर फूड सेफ्टी विभाग को मिली अपनी एमएफटीएल वैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



लंबे समय बाद बिलासपुर फूड सेफ्टी विभाग को अब अपनी मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब वैन (एमएफटीएल) मिल गई। मंगलवार को यह लैब जिला अस्पताल बिलासपुर में पहुंची। विभाग के सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने अपनी टीम के साथ वैन का निरीक्षण किया और हिमाचल सरकार का आभार भी प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इस वैन के आने से बिलासपुर जिला में सैंपल प्रक्रिया में तेजी आएगी। और लोगों और दुकानदारों को जागरूक करने के लिए यह वैन कारगार सिद्ध होगी।

**सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने प्रदेश सरकार का जताया आभार**

खबर की पुष्टि करते हुए फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर के सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने बताया कि इस वैन से आने से विभाग को सैंपल की रिपोर्ट उसी वक्त पर मिल जाएगी। इससे विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का समय भी बचेगा साथ ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच भी सही समय पर हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि इससे पहले यह वैन जोन के तहत मिलती थी, जिसमें माह में एक आधी बार यह वैन बिलासपुर में आती थी, जिससे विभाग इस वैन का यूज करके सैंपल तो ले लेता था, लेकिन एक दो दिन के बाद यह वैन वापस चली जाती थी। अब बिलासपुर जिला को एक अपनी अलग से मिली और इस वैन से अधिक लाभ होंगे।

# बिलासपुर में फूड सेफ्टी विभाग ने भरे 10 सैंपल

## रसगुल्ले, गुलाब जामुन, पंजीरी लड्डू, चॉकलेट व देसी घी के सैंपल भरे

**शुभम राही, बिलासपुर**



फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर की टीम ने मंगलवार को शहर के पूर्णम मॉल में स्थित एक नामी कंपनी के स्टोर पर छापामारी की है। फूड सेफ्टी ऑफिसर खगेंद्र सिंह की अगुवाई में टीम ने 2 रसगुल्ले, 2 गुलाब जामुन, 1 पंजीरी लड्डू, 2 चॉकलेट, 1 हल्दी राम कॉबों मिठाई पैक और दो देसी घी के सैंपल भरे हैं। इन सैंपलों को विभाग जांच के लिए कंडाघाट लैब में भेजने जा रहा है। विभाग द्वारा की गई छापामारी से शहर के दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। क्योंकि त्योहारी सीजन के चलते फूड सेफ्टी विभाग काफी सक्रिय हो गया है और प्रतिदिन शहर व जिला के विभिन्न दुकानों में जाकर छापामारी की जा रही है। अभी तक विभाग 40 किलो से अधिक खराब मिठाई जिला भर की दुकानों का निरीक्षण करने के दौरान फिंकवा चुका है और खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

खबर की पुष्टि करते हुए फूड सेफ्टी विभाग के सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने बताया कि त्योहारी सीजन को लेकर विभाग प्रतिदिन जिला की दुकानों का औचक निरीक्षण कर रहा है। उन्होंने सभी मिठाई दुकानदारों को सख्त आदेश दिए हैं कि मिठाई में किसी भी तरह की मिलावट न की जाए। अगर मिलावटी मिठाई या फिर मिठाई में कोई रंग इत्यादि का इस्तेमाल करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कश्यप ने जिला के लोगों से भी अपील की है कि अगर आपके नजदीकी किसी भी खाद्य पदार्थ में कोई दुकानदार मिलावट कर रहा है तो इसकी जानकारी तुरंत विभाग का दें। विभाग सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखेगा और नियमानुसार दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)



बिलासपुर शहर में 10 सैंपल जांच के लिए भरे हैं। विभाग की टीम प्रतिदिन जिला और शहर की दुकानों में छापामारी कर रही है। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा।
**-महेश कश्यप, सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर।**

### घुमारवीं कॉलेज में मूल्यांकन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश भर के महाविद्यालयों की आंतरिक मूल्यांकन का कार्य प्रगति पर है। इस प्रक्रिया में स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के इंटर्नल क्वालिटी एश्योरेंस सेलयआईक्यूएसी द्वारा एक विस्तृत सैल्फ एसेसमेंट रिपोर्ट महाविद्यालय प्राचार्य को आगामी मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. विनोद शर्मा ने यह रिपोर्ट अनुमोदन हेतु स्टाफ काउंसिल में प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विभाग के आदेशानुसार गठित मूल्यांकन समिति का महाविद्यालय में अगले माह रिपोर्ट के सत्यापन के लिए आना प्रस्तावित है।

### डीएसपी ने व्यापार मंडल के साथ की बैठक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के तहत झंडूता बाजार में दुकानों के बाहर सामान आदि रखकर किए गए कब्जे, और रेहड़ी वाले बाजार में बेतरतीब ढंग से खड़े किए जा रहे वाहनों को लेकर पुलिस ने व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन के साथ बैठक की। इसकी अध्यक्षता डीएसपी मनीष चौधरी ने की और उनसे उनकी राय मांगी। जानकारी के अनुसार पुलिस इस सप्ताह लोगों के साथ संवाद कर रही है उनकी समस्याओं को सुलझा रही है। मंगलवार को पुलिस उपाधीक्षक झंडूता मनीष चैधरी थाना झंडूता में आए और व्यापार मंडल के प्रधान और टैक्सी यूनियन के प्रधान के साथ बैठक की उनकी समस्याओं को सुना और पुलिस थाना की मैस का निरीक्षण किया।

### घुमारवीं कॉलेज में हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय घुमारवीं में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए रखी गई थी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि सुरेश शर्मा ने किया और इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता मुकेश चंदेल द्वारा की गई। इस प्रतियोगिता में विजेता रहे नवीन व साथी को 3100 रुपए और उपविजेता रहे सुरेंद्र और पम्मी को 2100 रुपए की नकद राशि पुरस्कार के रूप में दी गई। चंदेल क्लब घुमारवीं के संयोजक मुकेश चंदेल ने सभी खिलाड़ियों का बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने पर धन्यवाद किया।

## नोग में तेंदुए की दहशत, कई कुत्तों व बकरियों को बना चुका शिकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



जिला मुख्यालय की नजदीकी नोग पंचायत के नोग गांव के लोग इन दिनों तेंदुए की बढ़ती सक्रियता से दहशत में हैं। पिछले 7-8 दिनों में तेंदुआ कई पालतू कुत्तों व बकरियों को अपना शिकार बना चुका है। इससे लोग मवेशियों के साथ ही अपनी, विशेष तौर पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से नोग पंचायत के नोग गांव में तेंदुआ लोगों के पालतू कुत्तों व मवेशियों को निशाना बना रहा है। नारायण दास, विनोद व सोहन लाल आदि ने बताया कि रात के अंधेरे में झाड़ियों से अचानक झपटकर तेंदुआ पालतू जानवरों व मवेशियों पर हमला कर रहा है। इतना ही नहीं अब तो वह दिन के समय भी रिहायशी मकानों के आसपास अक्सर नजर आने लगा है। इससे तो गांव के लोग भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्हें अपने साथ ही छोटे बच्चों की सुरक्षा की चिंता सताती रहती है। नोग पंचायत के उपप्रधान संजीव डोगरा ने नोग गांव में तेंदुए द्वारा कुछ पालतू कुत्तों व बकरियों को मौत के घाट उतारने की पुष्टि करते हुए वन विभाग से मांग की कि लोगों और मवेशियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके तेंदुए को पकड़ने के लिए समय रहते कारगर कदम उठाए जाएं।

**विकास** हिमाचल प्रदेश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ना कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता

# घुमारवीं में सड़कों पर व्यय होंगे 5 करोड़ : धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में नई सड़कों के निर्माण और रखरखाव पर लगभग 5 करोड़ व्यय किए जा रहे हैं। यह जानकारी नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री ने हाल ही में साझा की। उन्होंने बताया कि यह राशि विभिन्न सड़कों के विकास में निवेश की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सड़कों का विकास किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाता है। बेहतर सड़कें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैंए बल्कि व्यापारिक गतिविधियों और आर्थिक विकास को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने बताया कि झुग्गी से बरोटा रोड के लिए 30 लाख की स्वीकृति दी गई है। जिससे इस महत्वपूर्ण सड़क की मरम्मत और सुधार कार्य किए जाएंगे। बल्लू छिब्बर रोड के सुधार के लिए 17 लाख आवंटित किए गए हैं, जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाया जा सकेगा।

लिंक रोड गांव फेवरी के विकास के लिए 15 लाख की राशि निर्धारित की गई है, जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगी। हरलोग, मैहरन और त्युन खास क्षेत्रों के विकास के लिए 80 लाख रुपए का निवेश किया जाएगा, जिससे सड़क निर्माण और ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार होगा। लिंक रोड गांव खर्ला देवी के लिए 17 लाख रुपए का आवंटन किया गया है।

इसी प्रकार, लिंक रोड एन एच 103 से गांव बड्डू और डीएसपी ऑफिस सड़क के लिए 16 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जिससे स्थानीय प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच सुगम होगी और प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी। लिंक रोड करगोड़ा से सीर खड्डु के विकास के लिए 75 लाख रुपए की राशि आवंटित की गई है, जिससे क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों की यात्रा अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनेगी। इसके अलावा, 1 करोड़ 62 लाख रुपए की राशि से ढिंगू से सुकड़ी तक लिंक रोड में पासिंग प्लेस में सुधार, आर, वॉल क्रास, ड्रेनेज कार्य, जीएसबी, डब्ल्यूबीएम जी-2, डब्ल्यूबीएम जी-3, टायरिंग कार्य, रोड साइड ड्रेन, पैराफिट और सीसी, पेयमेरिल के कार्य किए जाएंगे।

नगर नियोजन, आवास मंत्री ने बताया कि रहियां, अमरपुर, हड़सर, घुमारवीं सुन्हानी से तुंगड़ी तक सड़क का पासिंग प्लेस सुधारने के लिए 1 करोड़ 15 लाख 7 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है।

# सचिवालय के समीप दृष्टि बाधितों ने किया चक्का जाम

## पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग, दृष्टि बाधितों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

दृष्टि बाधितों ने सरकार के खिलाफ फिर मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को शिमला में सचिवालय के समीप दृष्टि बाधित संघ ने जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही सचिवालय से कुछ दूरी पर सड़क पर आधे घंटे चक्का जाम किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

चक्का जाम से ट्रैफिक ठप हो गया। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर दृष्टि बाधित संघ के पदाधिकारियों को सड़क के एक किनारे बिठा दिया। इसके बाद ही ट्रैफिक बहाल हो पाया।

दृष्टि बाधित संघ बैकलॉग की भर्तियां न होने से नाराज है। संघ के सदस्यों ने बताया कि सरकार ने कई बार मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कैबिनेट बैठक शुरू होने से पहले दृष्टि बाधित संघ ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दृष्टिहीन संघ पिछले 362 दिनों से बैकलॉग भर्ती की मांग को लेकर शिमला में ही अनशन पर बैठा है, लेकिन सुनवाई न होने के कारण संघ ने सचिवालय के नजदीक चक्का जाम कर दिया।

इस दौरान पुलिस ने उन्हें सड़क से हटाने का प्रयास किया जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया और धक्का-मुक्की भी हुई।


मांगों को लेकर सचिवालय के समीप चक्का जाम करके नारेबाजी करते दृष्टि बाधित। चक्का जाम से ट्रैफिक ठप हो गया।

सचिवालय के बाहर चक्का जाम करते हुए राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ के सदस्य राजेश ठाकुर ने बताया कि सरकार उनकी मांगों को नहीं सुन रही। उन्हें धरने पर बैठे हुए एक साल होने वाला हैं। मुख्यमंत्री उनसे बात नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज वह तैयारी के साथ आए हैं तब तक नहीं हटेंगे, जब तक मांग नहीं मानी जाएगी। उन्हें लिखित में सरकार से जवाब चाहिए। पुलिस उनके एक सदस्य को जबरन उठाकर ले गई। उन्होंने कहा कि पुलिस धमकाने का काम कर रही है।

### संजौली मस्जिद पर बोले पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार

# मुस्लिम भाईयों द्वारा अवैध निर्माण गिराना हिमाचल प्रदेश के लिए स्वाभिमान की बात

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण को वहां के मुस्लिम भाईयों ने गिराना शुरू कर दिया है। यह समाचार हिमाचल प्रदेश के लिए बड़े स्वाभिमान की बात है। मैं संजौली के मुस्लिम भाईयों को इसके लिए धन्यवाद भी करता हूं और उनको बधाई देता हूं।

हिमाचल प्रदेश ने इस कार्यवाही द्वारा पूरे भारत के सामने एक बहुत बड़ा उदाहरण उपस्थित किया है।



उन्होंने कहा कि पूरे देश में हिंदु-मुसलमान में कई जगह आपसी टकराव होता है। कई बार इसके कारण जान-माल का भी नुकसान होता है। एक ही देश में रहने वाले केवल अलग पूजा पद्धति होने के कारण इस प्रकार के झगड़े बहुत बड़ा दुर्भाग्य है। भारत का वेदान्त यह कहता है कि हर व्यक्ति को अपने तरीके से भगवान की पूजा करने का अधिकार है। सभी धर्म अपने-अपने तरीके से उसी तरह एक भगवान तक पहुंचते है जैसे अलग-अलग रास्तों से वह कर सभी नदियां एक ही समुंद्र में मिलती है। मंजिल एक है रास्ते अनेक है। यहीं बात स्वामी विवेकानंद जी ने शिकागो में विश्व धर्म सभा में कहीं थी।

शांता कुमार ने कहा भारत में रहने वाले सभी लोग एक भारत माता के पुत्र है। पूजा करने का तरीका अलग हो सकता है। संजौली का यह विवाद जिस ढंग से शांतिपूर्वक निपटाया गया है, मैं उसके लिए उस क्षेत्र के सभी भाई, बहिनों और सरकार को बधाई देता हूं। भारत के लोगों को इससे शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### महेंद्र धर्माणी ने सरकार पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्मानी ने प्रदेश सरकार द्वारा पत्रकारों को कानूनी कार्यवाही का नोटिस देने और एफआईआर करवाने की घटनाओं को सरकार की तानाशाही तानाशाही और लोकतंत्र विरोधी कार्रवाई करार



दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस के कांग्रेस के नेताओं द्वारा प्रदेश भर में पत्रकारों तथा मीडिया के लोगों को डराने धमकाने के असफल प्रयास किए जा रहे हैं, जिसकी भारतीय जनता पार्टी कड़ी निंदा करती है। महेंद्र धर्मानी ने कहा कि आज प्रदेश में कांग्रेस के राज में चारों ओर भ्रष्टाचार पनप रहा है और जो लोग इस भ्रष्टाचार को उजागर करने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार उस सच को दबाने की असफल कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि जिस तरह आपातकाल 1975 में प्रेस पर प्रतिबंध लगाकर जनता की आवाज को कुचलने का प्रयास किया गया था। वैसे ही वर्तमान परिस्थितियों में कांग्रेस ने मीडिया की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने का प्रयास किया है। धर्मानी ने कहा कि बिलासपुर में गोविंद सागर में चलने वाले क्रूज मामले में जिस तरह एक व्यवसाई द्वारा सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों पर आरोप लगाए गए हैं। सरकार को चाहिए था कि इसकी गंभीरता को समझते हुए उसकी जांच कराती ताकि सच जनता के सामने आता, लेकिन आज तक किसी भी अधिकृत व्यक्ति ने बारे में स्पष्ट नहीं किया।

### ढांक में गिरने से 35 वर्षीय युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह में जंगल में घास काटते वक्त 35 साल के एक युवक की गहरी ढांक में गिरने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान जबड़ोग निवासी राजेश के तौर पर हुई है। ग्रामीणों के अनुसार राजेश कुमार अपनी पत्नी के साथ घास काटने गया था, जहां अचानक पांव फिसलने से वह गहरी खाई में जा गिरा। हादसे की सूचना ग्रामीणों को दी गई। लोग इकठ्ठा होकर घटनास्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसे संगड़ाह अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस थाना प्रभारी मंसाराम ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। एसडीएम संगड़ाह सुनील कायथ ने मृतक के परिजनों को फौरी राहत के तौर पर 25,000 रुपए जारी करने की पुष्टि की है।

### परवाणू के व्यक्ति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** पुलिस थाना परवाणू सूचना मिली कि गांव पुरला में एक व्यक्ति ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, जिस पर पुलिस टीम गांव पुरला पहुंची, जहां पर काफी लोग इकठ्ठा थे। मौका की तस्दीक करने पर कमरा की लाइट जली हुई थी और कमरा के अंदर छत के पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर एक व्यक्ति लटका हुआ पाया गया। निरीक्षण के दौरान मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट/खरोंच आदि के निशान न पाए गाए। लोगों से पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति का नाम व पता करण पुत्र स्व. देवानंद निवासी गांव पुरला सेक्टर-03 परवाणू तहसील कसौली जिला सोलन मालूम हुआ। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक का उसकी पत्नी के साथ पिछले 6 महीनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिस कारण यह दोनों अलग-अलग रह रहे थे।

### उद्घोषित अपराधी गुरविंदर दिल्ली से गिरफ्तार

**नाहन।** सिरमौर पुलिस ने अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस थाना माजरा में दर्ज एक मामले में उद्घोषित अपराधी गुरविंदर सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरविंदर सिंह चंडीगढ़ में भी कई मामलों में वांछित था। पुलिस ने उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक, सिरमौर ने इस सफलता के लिए पीओ सैल और पुलिस थाना माजरा की टीम को बधाई दी। मामले में आगामी अन्वेषण जारी है।

### अबूधाबी-दुबई में 500 पदों पर भर्ती का अवसर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश सरकार के प्रयासों से अब राज्य के बेरोजगार युवाओं को विदेश में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार व संयुक्त अरब अमीरात आधारित एजेंसी ईएफएस फेसिलिटिज इंडिया प्राइवेट लिमिटिड के मध्य विदेशी नियोजन के संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह जानकारी आज यहां जिला रोजगार अधिकारी जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) आधारित एजेंसी ईएफएस फेसिलिटिज इंडिया प्राइवेट लिमिटिड केंद्र सरकार के विदेश मंत्रालय से पंजीकृत है। उन्होंने कहा कि समझौता ज्ञापन के अनुसार प्रदेश के कुशल एवं अकुशल बेरोजगार युवा अब संयुक्त अरब अमीरात में रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह एजेंसी प्रदेश के 500 कुशल व अकुशल बेरोजगार युवाओं के लिए संयुक्त अरब अमीरात में रोजगार का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पद परमाणु ऊर्जा संयंत्र बराक, अबूधाबी स्थित ऊर्जा संयंत्र, प्रोविस स्कूल, अबूधाबी में तकनीकी और गैर-तकनीकी तथा दुबई में सामान पहुंचाने के लिए बाइक राइडर्स के पद हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों के लिए आयु सीमा 21 से 40 वर्ष के मध्य निर्धारित की गई है। योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, ईलेक्ट्रीशियन, बढ़ई, प्लम्बर, लिफ्ट ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर, सहायक तकनीशियन, एचवीएसी में आईटीआई, मेसन तथा चित्रकार इत्यादि निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार के पास वैध पासपोर्ट और मूल अंग्रेजी कौशल होना चाहिए।

# बदलेगा कांगड़ा एयरपोर्ट का नाम, शुरू होंगी नई उड़ानें

## हवाई अड्डा परिसर को यूजर फ्रेंडली बनाने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा एयरपोर्ट परिसर को यूजर फ्रेंडली बनाने और यात्रियों की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं को सुगम करने के लिए मंगलवार को धर्मशाला में लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गगल एयरपोर्ट का नाम बदलकर धर्मशाला कांगड़ा एयरपोर्ट रखने को प्रपोजल भेजा गया है। इससे पहले इस एयरपोर्ट को कांगड़ा व गगल के नाम से जाना जाता है, जबकि टिकट में धर्मशाला लिखा हुआ आता है। ऐसे में पर्यटकों को भी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। वहीं, कांगड़ा एयरपोर्ट से नए क्षेत्रों में नई उड़ानें जोड़ने पर भी बातचीत हुई। बैठक में उपमुख्य सचेतक व विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया और विधायक धर्मशाला सुधीर शर्मा भी उपस्थित रहे।

राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांगड़ा में हवाई सेवाओं का ज्यादातर उपयोग पर्यटक करते हैं। उन्होंने एयरपोर्ट परिसर और यहां दी जाने वाली सुविधाओं को पर्यटन के अनुरूप विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। इसके लिए पूरी तरह से समर्पित उच्च प्रशिक्षित सुरक्षा बल की आवश्यकता है। उन्होंने एयरपोर्ट में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट से प्रमुख गंतव्यों के लिए शटल बस सेवा शुरू करने को कहा। साथ ही हवाईअड्डे के समीप असुरक्षित पेड़ों के कटान को लेकर भी प्रशासन को निर्देश दिए।

**स्थानीय संस्कृति को किया जाए प्रमोट : केवल पठानिया:** उपमुख्य सचेतक व विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे में आने वाले यात्री क्षेत्र की संस्कृति से परिचित हो सकें, इसके लिए एयरपोर्ट में स्थानीय संस्कृति से जुड़ी वस्तुओं को प्रदर्शित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हवाईअड्डा परिसर में 'अवसर' योजना के तहत जो स्थान स्वयं सहायता समुहों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए दिया जाता है, वहां कांगड़ा पेंटिंग, चंबा रूमाल/थाल और क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति को दर्शाती वस्तुओं का प्रदर्शन और बिक्री होनी चाहिए।

**अन्य सदस्यों ने भी रखे विचार**
विधायक धर्मशाला सुधीर शर्मा ने जयपुर, अहमदाबाद, अमृतसर, मुम्बई जैसे शहरों से हवाई कनेक्टिविटी स्थापित करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन शहरों से ही यहां अधिकतम पर्यटक आते हैं, इन क्षेत्रों से हवाई कनेक्टिविटी से क्षेत्र में पर्यटन को लाभ होगा। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने समिति के समक्ष एयरपोर्ट विस्तारिकरण से संबंधित जानकारी रखते हुए कहा कि विस्तारिकरण की जद में आने वाले क्षेत्र और लोगों की आकांक्षाओं का पूरा ध्यान रखते हुए सरकार पूरी गंभीरता से इस दिशा में आगे बढ़ रही है। कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने एयरपोर्ट की गतिविधियों और यात्रियों के लिए दी जा रही सुविधाओं का ब्योरा समिति के समक्ष रखा।

**यह रहे उपस्थित:** बैठक में एएसपी हितेश लखनपाल, आईएएस प्रोबेशनर डॉ अंजलि गर्ग, जिला पर्यटन विकास अधिकारी विनय धीमान, एसडीएम शाहपुर करतार चंद, एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, एसडीएम धर्मशाला संजीव भोट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और नामित सदस्य उपस्थित रहे।



# सहकारिता को जनांदोलन बनाने की आवश्यकता : आशीष बुटेल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल ने जिला स्तरीय एक दिवसीय सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिला भर से सहकारी क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया।

बुटेल ने कहा कि सहकारी समितियों के जरिए, लोग मिलकर अपने आर्थिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक हितों को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों का स्वामित्व, नियंत्रण और संचालन सदस्यों के हाथ है और प्रदेश कि सभी समितियां बेहतर तरीके से इनका संचालन कर रही हैं। बुटेल ने कहा कि सहकारिता से समाज चलता है और किसी इलाके में स्वरोजगार से आर्थिकी को सुदृढ करने सहकारिता क्षेत्र अहम की भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि सहकारिता को जनांदोलन बनाने की आवश्यकता ताकि गांव और गरीब समृद्ध हो सके। उन्होंने कहा कि भारत गांव में बसता है और 70 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि, पशुपालन, बागवानी, डेयरी, मत्स्य इत्यादि से जुड़ी है।

उन्होंने कहा कि देश का किसान खुशहाल होगा तो, देश भी खुशहाल होगा और सहकारिता से जोड़कर यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सीपीएस ने अधिकारियों को सहकारिता को गंभीरता से लेते हुए गांव गांव में सहकारी समितियां बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पालमपुर क्षेत्र के भेड़पालकों को भी सहकारिता से जोड़ने और एक माह में भेड़पालन से जुड़े तथा बुनकर व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिये रोडमैप तैयार करने के विभाग को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सहकारिता में कृषि, खाद्य सामग्री, खाद इत्यादि के अतिरिक्त विविधता लाकर अन्य क्षेत्रों को भी शामिल करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में देश की पहली सरकार जिसने गेंहू और मक्का की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है।

# पोस्ट कोड 916 व 977 के अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करने की सिफारिश

## मंत्रिमंडल की आगामी बैठक में लिया जाएगा अंतिम फैसला



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (पूर्ववत हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग) द्वारा पोस्ट कोड 916 फायरमैन और पोस्ट कोड 977 मार्केट सुपरवाइजर के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करने की सिफारिश की गई।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में मंत्रिमंडल की आगामी बैठक में अंतिम फैसला लिया जाएगा। इन पदों का परिणाम घोषित किया जा चुका है और अब सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करने की संस्तुति की गई है।

बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चैहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा, सचिव कार्मिक एम सुधा देवी, विधि सचिव शरद कुमार लग्वाल, एडीजी विजिलेंस सतवंत अटवाल त्रिवेदी, डीआईजी विजिलेंस राहुल नाथ और हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर के सचिव डॉ. विक्रम महाजन उपस्थित रहे।

# लोक निर्माण विभाग को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने किरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हनोगी से दयोड़ सड़क की खस्ता हालत पर कड़ा संज्ञान लिया है। अदालत ने लोक निर्माण विभाग को कड़ी फटकार लगाते हुए पूछा कि विभाग ने मात्र एक मीटर सड़क के रखरखाव पर एक लाख रुपए कैसे खर्च कर दिए। अगली सुनवाई को इस पर विभाग अदालत को बताए।

सरकार ने इस पर हलफनामा दायर करने के लिए और समय मांगा। इस मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने इस मामले को सुना। अदालत में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बताया कि अभी तक 6.6 किलोमीटर लंबी सड़क के रखरखाव के लिए लगभग 13 करोड़ रुपए राज्य लोक निर्माण विभाग को दिए जा चुके हैं।

इसके बाद भी सड़क की हालत नहीं सुधरी है। यह पैसा विभाग कहां खर्च हो रहा है, इस पर वे अपनी रिपोर्ट हमें दें।

## कार्रवाई की मांग


फेसबुक यूजर बुधादित्य मोहंती द्वारा राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने के खिलाफ मंगलवार को हमीरपुर में एनएसयूआई हिमाचल के प्रदेशाध्यक्ष टोनी ठाकुर तथा उनके साथियों ने सदर थाना में शिकायत कर एफआईआर दर्ज करवाकर सख्त कार्रवाई की मांग की ।

# हिमाचल सरकार गांवों में गुजारेगी रात, दुख-सुख की करेगी बात

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में दिसंबर में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने जा रही कांग्रेस सरकार अब गांवों का रुख करेगी। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री और मंत्री पंचायतों में रात गुजारकर लोगों की समस्याओं को निपटाएंगे। इस दौरान प्रशासनिक अमला भी साथ में रहेगा। 26 अक्तूबर को जिला शिमला के डोडरा क्वार से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस योजना की शुरूआत करेंगे। नवंबर से सभी कैबिनेट मंत्रियों को नियमित तौर पर गांवों में जाकर प्रवास करना होगा। पूर्व भाजपा सरकार में हिमाचल प्रदेश में जनमंच का आयोजन किया जाता था। इस दौरान अधिकारियों से मौके पर ही मंत्री शिकायतों का निपटारा नहीं होने को लेकर सवाल-जवाब करते थे। उस समय कांग्रेस ने इस योजना का खूब विरोध किया था।

**प्रशिक्षण** | पिरड़ी स्थित राफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित हो रहा राफ्टिंग का एडवांस प्रशिक्षण कोर्स

# ब्यास की धाराओं में राफ्टिंग के गुर सीख रहे युवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के पिरड़ी स्थित देश के एकमात्र राफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र में राफ्टिंग का एडवांस प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के माध्यम से आयोजित किये जा रहे इस शिविर में जिला कुल्लू के 18 युवा भाग ले रहे हैं और ब्यास की जलधारा में राफ्टिंग के करतब सीख रहे हैं।

ब्यास की लहरों में युवाओं को राफ्टिंग का एडवांस प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युवा प्रशिक्षण पाकर तैराकी, कयाकिंग, राफ्टिंग और आपदा प्रबंधन में निपुण बनेंगे।



अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली के अनुदेशक एवं इंस्ट्रक्टर गिमनर सिंह ने जानकारी दी कि प्रतिभागियों को आधी रात को ब्यास नदी में उतारा गया और बीच नदी में पूरी रात यह प्रतिभागी नाईट सर्च ऑपरेशन के गुर सीखते रहे। उन्होंने बताया कि रिवर राफ्टिंग केंद्र पिरड़ी में युवाओं को 30 अक्तूबर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार को युवाओं ने ब्यास में कयाकिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस एडवांस कोर्स में दो सर्वाइवल नाईट, नाईट सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन इस कोर्स का पार्ट हैं जो हर एक गाइड को करना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि यह युवाओं ने नदी में करतब भी दिखाए। युवाओं को अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान मनाली की ओर से प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### डरोह और आसपास आज बंद रहेगी बिजली




**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि 11 केवी डरोह फिडर की आवश्यक मरम्मत हेतु 23 अक्तूबर को विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों डरोह,बारी, बस्केहड़, पीटीसी डरोह, अटियालादाई, बोदा, जैंद खडुल, भोडा, कलेहड़, केदारा, मरूंह, भेडू ब्लॉक कार्यालय तथा मट आदि में विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। उन्होंने स्थानीय जनता से सहयोग की अपील की है।

### जमानाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप शुरू




**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जमानाबाद में मंगलवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजय कुमार के कर कमलों द्वारा हुई।। इस अवसर पर कार्यक्रम के कार्यक्रम अधिकारी सुरजीत सिंह ने वालंटियर्स को एनएसएस के उद्देश्य, एनएसएस के प्रतीक चिह्न, एनएसएस के मुख्य कार्य, एनएसएस का मोटो और एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला विंग की तरफ से एनएसएस पीओ उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी वालंटियर्स व अध्यापकों भाग लिया। कैंप में 50 वालंटियर्स मौजूद रहे।

### गर्ल्स स्कूल नगरोटा का एनएसएस कैंप संपन्न



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा बगवां में सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समापन समारोह के मुख्यातिथि प्रसिद्ध समाजसेवी तथा घोड़ब पंचायत के उपप्रधान अजय सिपहिया थे। कार्यक्रम अधिकारी रक्षा कुमारी ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर के दौरान गोद लिए गए नजदीकी गांव कवाडी, नारदा शारदा मंदिर लक्ष्मी नारायण मंदिर तथा विद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए गए व लोगों को रैलियों द्वारा जागरूक किया गया। समापन समारोह के अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि ने एनएसएस के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने पर बल दिया। उन्होंने अपनी तरफ से 11,000 रुपए की धनराशि स्वयंसेवियों को भेंट की। समाजसेवी रोहित जगोतरा द्वारा छात्रों को मिष्ठान बांटा गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य निखिल शर्मा एसएमसी प्रधान राकेश कुमार, अशोक सरोतरी, रोहित करोतरा, स्वामी राम शर्मा कार्यक्रम अधिकारी रक्षा कुमारी रीना, सपना, देवी, विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक वर्ग गैर शिक्षक वर्ग व छात्राएं शामिल रहे।

### चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में आदित्य तीसरे स्थान पर



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ स्कूल सुकाहर के नौवीं कक्षा के छात्र आदित्य ठाकुर ने प्रागपुर में आयोजित उपमंडल स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में मैथ ओलिंपियाड में तीसरा स्थान प्राप्त किया। आदित्य ठाकुर की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रधानाचार्य राजेश पटियाल और एसएमसी प्रधान पूजा ठाकुर ने शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे अवसर बच्चों को निखारने में मदद करते हैं।

# नगरोटा में होगी स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री : बाली

## बोले, हिमईरा शॉप्स करवाईं तैयार, महिलाओं की आर्थिक स्थिति होगी सुदृढ़

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं का पलायन नहीं हो सके और घर-द्वार पर ही रोजगार प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिकी स्थिति सुदृढ़ करने के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विपणन के लिए नगरोटा बगवां में हिम ईरा शॉप्स निर्मित की गई हैं। इन दुकानों के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बेचने के लिए सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। कहा कि इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने नगरोटा बगवां में जनसमस्याएं सुनने के उपरांत बताया कि स्टार्ट अप योजना को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की विशेष तौर पर कैरियर कांउसलिंग भी की जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा स्टार्ट अप के साथ जुड़कर स्वाबलंबी बन सकें।



उन्होंने प्रत्येक गांव के अति निर्धन परिवारों के सदस्य को रोजगार के अवसर देने के कार्य को भी प्रमुखता में लिया है, ताकि इन परिवारों का जीवन बेहतर हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को उसके उचित हकदार तक पहुंचना हमारा प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य और वर्ष 2032 तक देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में गंभीरतापूर्वक प्रयास कर रही है।

### गांव और गरीब का विकास प्रथम कर्तव्य

**आरएस** बाली ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के गांव और गरीब का विकास करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव और गरीब के विकास कार्यो में किसी भी तरह की कोताही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा विधानसभा क्षेत्र में बड़े विकास कार्यो के साथ-साथ गांव और गरीबों तक विकास पहुंचाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है ताकि प्रत्येक व्यक्ति तक सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा सकें। उन्होंने कहा कि गांव और गरीब की समस्याओं को जानने के लिए उन्होंने पंचायत संवाद कार्यक्रम शुरू किया है जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत के ग्रामीणों से मिलकर उनकी प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

# अत्यधिक थकावट, सीने में दर्द हृदयाघात के संकेत : डॉ. भार्गव



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

### जीजीडीएसडी राजपुर कॉलेज में स्वस्थ जीवन विषय पर व्याख्यान का आयोजन

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर में हेल्थी लाइफ स्टाइल और नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजी पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब और एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित इस व्याख्यान में डॉ. आदर्श भार्गव ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वस्थ जीवन, हृदय रोग और हृदय को प्रभावित करने वाली स्थितियों की जानकारी दी। उन्होंने मानसिक तनाव, कम शारीरिक गतिविधियां, मोबाइल पर अधिक स्क्रीन टाइम, और जंक फूड को हृदय रोगों का बड़ा कारण बताता। नॉन इनवेसिव कार्डियोलजिस्ट और प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में ही कार्यरत डॉ. भार्गव ने हृदय संबंधी समस्याओं के बारे में विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि दिल का दौरा अचानक नहीं होता है। इससे पहेल शरीर कुछ संकेत देता है। अत्यधिक थकावट, सांस फूलना, अनिंद्रा, सीने में दर्द, अत्यधिक पसीना आना हार्ट अटैक आने के लक्षण हैं। अगर ऐसी कोई समस्या हो तो मरीज को तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अच्छी नियमित जीवनशैली व खान-पान से हम अपने शरीर और हृदय को स्वस्थ रख सकते हैं।

महाविद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं और हार्ट अटैक का खतरा सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित न रहकर आज की युवा पीढ़ी को भी चपेट में ले रहा है। इसी विषय को ध्यान में रखकर इस व्याख्यान का आयोजन किया गया।

# निर्धारित स्थानों पर ही बिकेंगे पटाखे

**राकेश डोगरा, डरोह**

दिवाली के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पटाखों की बिक्री निर्धारित स्थानों पर ही की जा सकेगी। उपमंडल मजिस्ट्रेट पालमपुर नेत्रा मेती ने उपधारा 163 बीएनएसएस के तहत निहित शक्तियों प्रयोग कर निर्दिष्ट क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे पटाखों की विक्री के लिए आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार इसके लिए विक्रेताओं को अनुमति लेनी होगी और सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।

मुख्य बाजार पालमपुर और आसपास के क्षेत्र के लिए शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा मैदान निर्धारित किया गया है। मारंडा तथा आसपास के क्षेत्र के लिए नजदीक ट्रक यूनियन के समीप खुला स्थान निर्धारित किया गया है। पंचरुखी बाजार तथा आसपास के क्षेत्र के लिए बीडीओ कार्यालय के समीप मैदान निर्धारित किया गया है।भवारना बाजार और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भवारना का मैदान स्कूल बंद होने के पश्चात निर्धारित किया गया है। पाहड़ा बाजार के लिए बास्केट बॉल ग्राउंड पाहड़ा परौर बाजार के लिए नजदीक मैदान परौर बाजार, डाढ बाजार और आसपास के लिए नजदीक डाढ मैदान, नगरी बाजार और आसपास के लिए टैक्सी स्टैंड के नजदीक मैदान, सुलह बाजार तथा आसपास के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के नजदीक मैदान सुलह। डरोह बाजार एवं आसपास क्षेत्र के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के नजदीक मैदान छुट्टी होने के पश्चात, आर्मी कैंट होल्टा पालमपुर के लिए खुला स्थान नजदीक होल्टा जबकि खैरा के लिए माता सुनियारी मंदिर के नजदीक मैदान निर्धारित किया गया है। आदेशों के मुताबिक नियम 31 अक्तूबर तक लागू रहेगा और अवहेलना करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### पलौहड़ा स्कूल में उपमंडल स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का समापन

# मैथ ओलंपियाड में प्रियांशु चौधरी प्रथम

**अनंत ज्ञान, जवाली**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पलौहड़ा में चल रही दो दिवसीय 32वीं उपमंडल स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का समापन हो गया, जिसमें स्कूल प्रिंसिपल सुखदेव जम्वाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसमें जवाली के 40 व फतेहपुर के 22 स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें जूनियर, सीनियर व सीनियर सेकेंडरी स्तर के मुकाबले हुए। क्विज प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में शिवांश गुलेरिया व रिमशा प्रथम, वंश कौंडल व वंश भारद्वाज द्वितीय, पार्थ गुलेरिया व अनवी तृतीय रहे। सीनियर कैटेगिरी में विभूति धीमान व समर्थ डडवाल प्रथम, दिव्यांशी व सोनम धीमान द्वितीय, जानवी भारद्वाज व गूंजन चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर सेकेंडरी कैटेगिरी में वंशिका व पीयूष अंबिया प्रथम, वंश व शुभ्रा द्वितीय, दिव्यांशी व स्पर्श तृतीय स्थान पर रहे।

मैथमेटिक्स ओलंपियाड के जूनियर कैटेगिरी में प्रियांशु चौधरी प्रथम, रिया चौधरी द्वितीय व अंश गुलेरिया तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ की जानवी प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फतेहपुर के अदक्ष पुरोहित द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मस्तगढ़ की सुहाना मंडाल तृतीय रही। स्कूल प्रिंसिपल सुखदेव जम्वाल ने प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## अनंत ज्ञान फैशन

# ऑफिस मीटिंग में सबको करना है इंप्रेस तो पहनें ऐसा सूट

**कपड़ों की जब बात आती है, तो कई लोग ये बोलते दिखते हैं कि अरे कपड़े में क्या रखा है? दफ्तर में आपका काम बोलता है। वैसे तो यह बात काफी हद तक सच है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आपका अटायर बिलकुल ही यूजलेस है। खासतौर से जब ऑफिस की बात हो, तो क्लीन एंड क्रिस्प दिखना काफी मददगार साबित हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सामने वाले पर आपका इंप्रेशन कैसा जा रहा है, इसमें आपके क्लोद्स काफी अहम भूमिका निभाते हैं। अगर आपकी कोई अहम मीटिंग आने वाली है और समझ नहीं आ रहा कि उसके लिए कैसे तैयार होकर जाया जाए, तो महिलाएं श्रद्धा कपूर के लेटेस्ट लुक को एज इट इज कॉपी कर सकती हैं।**



सोशल मीडिया पर शेयर्ड पिक्स में अदाकारा को सूट सेट पहने देखा जा सकता है, जो एक ओर प्रोफेशनल फील दे रहा है, तो दूसरी ओर बेहद स्टाइलिश भी लग रहा है। और खास बात ये है कि ये लुक हर बॉडी टाइप पर काफी फबेगा। श्रद्धा कपूर ने फ्लेयर्ड ट्रॉउजर पहने थे, जिसके साथ ऊपर उन्होंने बिना किसी टेक्सचर या प्रिंट वाला स्क्वेयर नेकलाइन टैंक टॉप पेयर किया था। इसके साथ स्लिमफिट सूट जैकेट थी, जिसमें लैपल, पॉकेट्स और पावर शोल्डर्स जैसी डिजाइनिंग डीटेल्स डाली गई थीं। इसकी फिट श्रद्धा के स्लिम फिगर के मुताबिक थी। इस वजह से बटन लगाने पर जैकेट का लुक और ज्यादा बढ़िया नजर आ रहा था।

**जूलरी रखी मिनिमलः** इस लुक में जूलरी को मिनिमल रखा गया था। श्रद्धा ने एक्ससरीज में सिर्फ गोल्डन टॉप्स पहने थे, जिनकी डिजाइन स्टाइलिश थी। अगर आपके पास ऐसे ईयररिंग्स न हों, तो आप हूप्स, पर्ल या फिर प्लेन गोल्ड स्टड्स भी पहन सकती हैं। और अगर डायमंड ईयररिंग्स हैं, तब लुक में रिच टच जुड़ जाएगा। सूट और एक्ससरीज का ये कॉम्बिनेशन इतना शानदार लगेगा कि टीम मेट्स से लेकर बॉस तक के सामने आप इम्प्रेसिव नजर आएंगी।



# 70 साल की रेखा ने बनारसी कली लहंगे में बिखेरा जलवा

**बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा रेखा की दीवानी आज भी लोगों के बीच अलग ही देखने को मिलती है। तभी तो हसीना जहां जाती हैं अपने अंदाज से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच ही लेती हैं। 70 की उम्र में भी रेखा अपने स्टाइल से यंग हसीनाओं को मात दे जाती हैं, तो साड़ी में तो उनका कोई जवाब ही नहीं। लेकिन, जब हाल ही में हसीना ने साड़ी की बजाए लहंगा पहना, तो उनकी खूबसूरती देखने लायक थी।**



**दरअसल,** रेखा ने अपनी एक परफॉर्मेंस के लिए कस्टम मेड लहंगा पहना था। जिसमें हसीना का नूर अलग ही देखते बना, तो उनकी %उमराव जान% जैसी अदाएं भी फैंस को दीवाना कर गईं। और, अब जब से रेखा की ये तस्वीरें सामने आई हैं, हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। यकीन मानिए आप भी खुद को उनकी तारीफ करने से रोक नहीं पाएंगे। रेखा यहां गुलाबी रंग के बनारसी कली लहंगे में नजर आ रही हैं। जिसे फेमस डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस कस्टम मेड लहंगे पर सुनहरे प्रिंट के साथ ही बॉर्डर पर जरदोजी कढ़ाई की गई है। जिसे हसीना ने बड़े ही ग्रेस के साथ कैरी किया। जिसमें उनका एलिगेंस से भरपूर अंदाज दिल जीत गया।

# फेस्टिव सीजन पर चाहती हैं ट्रेडिशनल लुक तो ट्राई करें ये स्कर्ट और टॉप



**फेस्टिव सीजन में महिलाएं ट्रेडिशनल लुक में नजर आती हैं और इसके लिए वो बेस्ट आउटफिट की तलाश में रहती हैं। लेकिन, अगर आप परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक चाहती हैं तो आप ये लेटेस्ट डिजाइंस वाले स्कर्ट और टॉप वियर कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा।**

**फॉयल प्रिंट स्कर्ट और टॉपः** इस तरह का फॉयल प्रिंट स्कर्ट और टॉप भी ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। यह आउटफिट फॉयल प्रिंट में है और इसके साथ जो दुपट्टा है वो रॉयल लु देने का काम करेगा। इस तरह के आउटफिट में बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगी और इस आउटफिट को आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ हो ऑफलाइन भी आपको ये आउटफिट 2,000 रुपए में मिल सकता है।

### प्रिंटेड टॉप और स्कर्ट

**यह** प्रिंटेड टॉप और स्कर्ट भी आप फेस्टिव सीजन में पहन सकती हैं। इस आउटफिट में जो टॉप है वो फ्लोरल प्रिंट में है और जो स्कर्ट जो वो प्लेन है। इस तरह के आउटफिट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस आउटफिट को आप 1,500 रुपए की कीमत में ले सकती हैं।

**शर्ट स्टाइल टॉप और स्कर्टः** यह शर्ट स्टाइल शर्ट और स्कर्ट भी आप फेस्टिव सीजन में रॉयल लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस आउटफिट के साथ जो टॉप है वो शर्ट स्टाइल में है और इसके साथ जो स्कर्ट है उसमें बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया हुआ है। यह आउटफिट रॉयल लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस आउटफिट को आप 2,500 रुपए की कीमत में खरीद सकती हैं।

## अपनी हाइट के हिसाब से चुनिए कपड़े

# सुंदर भी लगेंगी विश्वास भी बढ़ेगा

**छोटी हाइट वाले लड़के हो या लड़कियां, उन्हें कपड़ों का सेलेक्शन करने में काफी ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में परफेक्ट कपड़ों का चुनाव करना अपने आप में एक बहुत बड़ा चैलेंज है, लेकिन आज हम आपको इस दिशा में कुछ खास टिप्स देंगे।**



**फैशन** के मामले में हर लड़की काफी ज्यादा कॉन्शियस होती है। समय और जगह के हिसाब से उन्हें अपने आउटफिट्स पहनना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। सिर्फ इतना ही नहीं मौसम के हिसाब से कपड़े पहनना तो उनका खास शौक होता है, लेकिन छोटी हाइट के कारण स्मार्टनेस कम हो जाती है। आप कितनी भी सुंदर हो लेकिन आपकी हाइट कम है तो आप कुछ भी नहीं पहन सकते है। क्योंकि हर कपड़ा आप पर अच्छा लगे यह जरूरी नही है, जिसके कारण अंदर ही अंदर कॉन्फिडेंस कम होने लगता है।

छोटी हाइट वाली लड़कियां ऐसे कपड़ों का चुनाव करें जो आपके लिए परफेक्ट साबित हो, जिसे कैरी करने या पहनने के बाद आप सुंदर लगें। अगर आप कुर्तियों के शौकीन हैं तो लंबे कुर्ते पहनें। साथ ही साथ इसके साथ चूड़ीदार पहने। अनारकाली सूट अगर पहनें तो वी नेक शेप रखें। अगर आपके कंधे ब्रॉड है तो चाइनीज कॉलर और पफ्ड स्लीव्स को बिलकुल इग्नोर करें। आपको सलवार या प्लाजो को बिलकुल इग्नोर करना चाहिए।

शॉर्ट हाइट वाली लड़कियां वर्टिकल स्ट्राइप पैंट्स, जींस, स्लिट्स और स्कर्ट्स पहन सकती है। यह एकदम फिट लगती है। सर्दियों में इनके साथ ओपन स्ट्रेट कार्डिगन व जैकेट पहन सकती है। कपड़ों पर छोटे प्रिंट्स पहनें।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर और बगली सब-स्टेशन के तहत आज एवं सिद्धपुर के तहत कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल शाहपुर विक्रम शर्मा ने जानकारी दी कि 33/11 के.वी. सब-स्टेशन शाहपुर की मरम्मत और उचित रख रखाव के चलते शाहपुर, मझियार, झंगी, डोहब, कयारी, संढु, हरनेरा, बडंज, 39 मील, आईटीआई, द्रमण, छतड़ी, सिहुंआ, मनियार, हटली, गोरड़ा, भनाला, रेहलू, पलवाला, दरगेला, दरीणी, बोह, सल्ली व साथ लगते क्षेत्रों में 23 अक्तूबर को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

**धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-2, रमेश धीमान ने बताया कि 11 के.वी. बगली फीडर में 23 अक्तूबर को विद्युत लाइनों की सामान्य मरम्मत के चलते सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अथवा कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान नंदेहड़, पुराना मटौर, अनसोली, घूंडी, घना, गंग भैरों, बगली, पटोला, चैतड़ू, बनवाला, मनेड़, मस्तपुर, इच्छी, कंदरेहड़, चकवां ढगवार, सराह, लोअर सकोह, पुलिस लाइन सकोह, चेलियां, जवाहर नगर, सुधेड़ और साथ लगते क्षेत्रों में बिजल बंद रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।




**धर्मशाला।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल, सिद्धपुर कर्म चंद भारती ने सूचित किया है कि 33/11 केवी सब स्टेशन सिद्धपुर में बिजली लाइनों और विद्युत उपकरणों के जरूरी रख-रखाव के चलते 24 अक्तूबर को सुबह 9:30 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान सिद्धबाड़ी, योल, योल बाजार, नरवाना, सिद्धपुर, होडल, घुरलु, फतेहपुर, सुक्कड़, बागणी, होटल क्लब महिंद्रा, दाड़नू, चोहला, रक्कड़, दाड़ी, खनियारा, स्लेट गोदाम, बन्नी बनोरडू, मोहली, तपोवन, झिओल, बरवाला, थातरी, खड़ोता, धलूं, तंगरोटी, रमेढ, सेराथाना, 53 मील, रोनखड़, रजियाना, टंग, गयतो मोनिस्ट्री, चतेहर, थेरू, जलोह, तंगरोटी, उथराग्राम, टंग बाजार, बलेहर, खिरकु, सालिग, कंड कड़ियाना, टिकरी, बगियारा, जूल, तिरंगा, मछहां, उप्पर बड़ोल, लोअर बड़ोल, धौलाधार कालोनी, शीला, पासू, भटेहड़, कनेड़, लोअर सुक्कड़ आदि क्षेत्रों मे विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

### हटवास में चिल्डन साइंस कांग्रेस का समापन



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** उपमंड़ल कांगड़ा का 32वां चिल्डन साइंस कांग्रेस का आयोजन रावमा पाठशाला हटवास में 21 से 22 अक्तूबर तक किया गया, जिसमें 71 स्कूलों के 415 विधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, गणित ओलंपियाड व इनोवेटिव साइंस मॉडल आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं। कार्यक्रम के समन्वयक का कार्य रवींद्र सिंह, अशोक कुमार तथा गंतव्य समन्वयक हरभजन सिंह द्वाया किया गया। कार्यक्रम की सचिव नवीता परमार रही। कार्यक्रम का समापन स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य हरभजन सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी के सीनियर सेकेंडरी वर्ग में रावमापा समलोटी के आलीशा एवं आकाश प्रथम, रेनवो इंटरनेशनल स्कूल के मनन एवं प्रतिभा दूसरे और रावमापा गर्ल्स स्कूल नगरोटा बगवां की हर्शिता एवं आकृति तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, गणित ओलंपियाड में सीनियर सेकेंडरी वर्ग में रेनवो इंटरनेशनल स्कूल के अंकुश प्रथम, रावमापा डुगयारी नीशार द्वितीय और रावमापा रजियाणा के सहजल तीसरे स्थान प रहे।

### आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, जवाली।** राजकीय उच्च विद्यालय नंदपुर में मंगलवार को आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार जी ने की। इस मौके पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोडीन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व है, हालांकि नमक से आयोडीन की आपूर्ति की जा रही है फ़िर भी इसकी कमी के कारण समस्या अभी भी बनी हुई है आज भी आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों से करोड़ों लोग पीड़ित हैं जिनमें गंडमाला एक महत्वपूर्ण विकार है जबकि हमारे देश में ग्वाइटर एक बड़ी समस्या नहीं रह गई है लेकिन इसकी कमी के कारण अन्य विकार अभी भी मौजूद है।गवाईटर के अलावा हाइपोथायरायडिज्म, भाषण दोष, श्रवण दोष, मानसिक बीमारियां,बौनापन, गर्भपात, मृत जन्म,नवजात मृत्यु,नयूरोमसकुलर कमजोरी,क्रेटिनिजम, भैंगापन, सुस्ती, कमजोरी, थकान आदि आयोडीन की कमी के परिणाम है।

### ऋषि वैली स्कूल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम



**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल खैरा में धीरा जोन का 32वां बाल विज्ञान मेला आयोजित किया गया। बाल विज्ञान मेले का समापन मंगलवार को किया गया। इस विज्ञान मेले में कुल 31 स्कूलों के 236 विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन समारोह में अनिल नाग रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर प्रारंभिक शिक्षा विभाग कांगड़ा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। बाल मेले में ऋषि वैली स्कूल गढ़ बसदी के बच्चों ने जूनियर वर्ग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शीतल और अर्पित ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्कूल के मुख्यातिथि पूर्व डिप्टी डायरेक्टर अनिल नाग तथा खैरा स्कूल के प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने उन्हें मोमेंटो तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही ऋषि वैली स्कूल के प्रिंसिपल को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ऋषि वैली स्कूल के प्रिंसिपल रवि चौहान ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों तथा उनको तैयारी करवाने वाले अध्यापकों नवजीत, अंजू रानी तथा शिवानी जम्वाल को भी इस सफलता पर बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### प्रश्नोत्तरी में देहरा पब्लिक स्कूल खबली विजेता

**सालबिया शर्मा, गरली।** ब्लॉक स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस प्रतियोगिता में प्रश्नोत्तरी में देहरा पब्लिक स्कूल खबली बिजेता बना है। स्कूल के प्रधानाचार्य रमा सिंह ने बताया दो दिवसीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का ब्लॉक स्तर का आयोजन राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में हुआ, जिसमें देहरा पब्लिक स्कूल खबली के दक्षेश बरनयाल व दिव्यांश ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि सीनियर कैटेगिरी में नमन व वात्सन और भरत गुलेरिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अब दिव्यांश और दक्षेश बरनयाल जिला स्तर पर देहरा ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। (अनंत ज्ञान)



### गढ़ जमूला में सात दिवसीय एनएसएस कैंप शुरू

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ जो 22 से 28 अक्तूबर तक चलेगा । इस शिविर का उद्घाटन समाजसेवक कुलदीप कटोच ने किया। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने मुख्यातिथि को एन एस एस कैंप तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया 7 इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना है और उन्हें सेवा और सामाजिक उपयोग के माध्यम से ज्ञानार्जन करने का अवसर प्रदान करना है। मुख्यातिथि कुलदीप कटोच ने इस अवसर पर अपने शब्दों से छात्रों को प्रेरित किया और उन्हें सामाजिक सेवा के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी विकास नाग व ऊषा कुमारी ने बच्चों को इस शिविर की विशेष जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# अपील खारिज होने के बाद वन भूमि से हटाए 8 खोखे

## विभाग ने आरओ सुमित शर्मा की अगुवाई में पर्यटन स्थल नड्डी में की कार्रवाई

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**





वन भूमि पर अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को पर्यटन क्षेत्र धर्मशाला के नड्डी में 8 खोखों पर कार्रवाई की गई। मंगलवार सुबह पहुंची वन विभाग की टीम ने वन भूमि पर कब्जे के चलते इस कार्रवाई को अंजाम दिया। वन विभाग की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार उक्त मामले को लेकर कब्जाधारियों ने डिविजनल मजिस्ट्रेट की अदालत में अपील कर रखी थी। अपील खारिज होने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने 8 अस्थायी दुकानों को गिरा दिया। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने वन भूमि पर कब्जा करके यहां खोखों का निर्माण कर रखा था। उधर, वन विभाग ने इनको कई बार नोटिस दिए, लेकिन कब्जाधारी टस से मस न हुए। वन विभाग तथा कब्जाधारियों के बीच चल रहे इस मामले में डिविजनल मजिस्ट्रेट की अदालत में भी कब्जाधारकों की अपील खारिज हो गई। इसके बाद वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए ये अवैध खोखे गिरा दिए। विभाग के रेंज ऑफिसर सुमित शर्मा की अगुवाई में नड्डी पहुंची वन विभाग की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। इस मौके पर पुलिस टीम भी किसी आपात स्थिति से निपटने को लेकर तैनात रही। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम जेसीबी समेत सुबह नड्डी पहुंच गई थी। वन विभाग के अनुसार स्थानीय लोगों के धमकाने के चलते इसका ड्राइवर मौके से भाग गया। वन विभाग के कर्मचारियों को खोखे ढहाने पड़े। उधर, इस संदर्भ में जानकारी देते हुए रेंज ऑफिसर सुमित शर्मा ने बताया कि वन भूमि पर अतिक्रमण के 8 मामलों में कार्रवाई करते हुए 8 खोखे गिराए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# टांडा अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाया अलग काउंटर

## अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

कुछ दिन पहले अनंत ज्ञान समाचार पत्र में टांडा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अस्पताल की डिस्पेंसरियों पर दवाइयां लेने के लिए अलग से कोई काउंटर नहीं होने का मामला प्रमुखता से उठाया था। समाचार में टांडा अस्पताल में फैली अव्यवस्था को लेकर प्रशासन की पोल खोली गई थी। तब मौके पर वहां वरिष्ठ नागरिकों ने भी इन अव्यवस्थाओं को लेकर काफी रोष व्यक्त किया था।

वहीं, सोमवार को जब अनंत ज्ञान ने अस्पताल में स्थित दोनों डिस्पेंसरियों, एक जो अस्पताल के भीतर है व दूसरी सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक में स्थित है, का दौरा किया तो पाया कि उक्त दोनों डिस्पेंसरियों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक अलग काउंटर बनाया गया है। अस्पताल प्रशासन ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए तो अलग काउंटर बना दिया है, पर महिला व पुरुषों के लिए जो अलग से काउंटर थे, उन्हें संयुक्त रूप से एक ही कर दिया गया है। वहीं, इस संदर्भ में टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमएस डॉक्टर अशोक वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए तो अलग से काउंटर बना दिया गया है। वहीं महिला व पुरुषों के लिए भी अलग से काउंटर बनाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही इन्हें भी अलग से बना दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



टांडा अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से बनाया गया काउंटर।

# शहीद जोगराज के घर तक दिवाली से पहले बनकर तैयार होगा रोड

**अनंत ज्ञान, बड़ोह**



नगरोटा बगवां हलके के तहत सद्दूं पंचायत में शहीद जोगराज के नाम पर बने लिंक रोड को पक्का करने का काम दिवाली से पहले पूरा कर लिया जाएगा। छू-घेरा, सद्दूं-खोआ-ज्वालामुखी रोड के बीच सद्दूं पंचायत में शहीद जोगराज के घर तक जाने वाले लिंक रोड की हालत काफी खराब थी। एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, समाजसेवी व नंबरदार बलविंद्र सिंह बबलू ने जिला प्रशासन व विभाग से इस बारे में गुहार लगाई थी।

इस बारे में सददूं पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी ने बताया कि मनरेगा और डीसी फंड के जरिए इस लिंक रोड पर करीब 12 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। मार्ग का कुछ हिस्सा पीडब्ल्यूडी बना रहा है। उम्मीद है कि दिवाली से पहले काम पूरा हो जाएगा। पंचायत प्रधान ने कहा कि क्षेत्र में जमीन की एनओसी मिल रही है, वहां रोड का निर्माण किया जा रहा है। औपचारिकताएं पूरी करने वाले हर क्षेत्र में रोड बनाए जाएंगे। इस बारे में एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, समाजसेवी व नंबरदार बलविंद्र सिंह बबलू ने कहा कि अब एक क्रेट वर्क होना है। जिस स्थान पर क्रेट वर्क होना है, वहां जलशक्ति विभाग की पैयजल सप्लाई का टैंक है। इस टैंक को भी खतरा बना हुआ है। विभाग और सरकार को जल्द क्रेट वर्क करना चाहिए। इसके लिए जिला प्रशासन, विधायक व प्रदेश सरकार को मदद करनी चाहिए। वहीं, शहीद के भाई मदन लाल, प्रकाश चंद ने सडक़ बनाने के लिए एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू व पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी का आभार जताया है।

# विधायक पठानिया ने नवाजे नन्हे वैज्ञानिक

## बोले, बच्चों का होता है वैज्ञानिक दिमाग, इन्हें प्रश्न पूछने के लिए करें प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बच्चों का वैज्ञानिक दिमाग होता है जिस वजह से इनके अंदर चीजों को जानने की अनंत जिज्ञासा रहती है। हमें इनके हर प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करना चाहिए और उन्हें ज्यादा से ज्यादा प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करना चाहिए। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हारचक्कियां में आयोजित बाल विज्ञान कांग्रेस के समापन में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया है और भविष्य में क्षेत्र के दूरदराज क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा। यह क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के 38 विद्यालयों के 192 बच्चों और 43 अध्यापकों ने भाग लिया। बाल विज्ञान कांग्रेस में विभिन्न श्रेणियों में साइंस क्विज, मैथ ओलंपियाड और इनोवेटिव साइंस मॉडल की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पठानिया ने बाल विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया और प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया।





### इनोवेटिव साइंस मॉडल में ये होनहार रहे अव्वल

**इनोवेटिव** साइंस मॉडल की सीनियर प्रतियोगिता में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर के आर्यन ठाकुर ने पहला स्थान प्राप्त किया, न्यू ईरा स्कूल छतड़ी की स्तुती दूसरे स्थान पर रहीं तथा तीसरा स्थान डीएवी मनई की आरूषी ने हासिल किया। इनोवेटिव साइंस मॉडल की जूनियर प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चड़ी के करिश पहले स्थान पर रहे जबकि न्यू ईरा स्कूल छतड़ी के नंदित शर्मा दूसरे स्थान पर रहे।

# बिंद्रावन में 4 करोड़ से बनेगा पार्क : बुटेल

## सीपीएस बोले, चिंबलहार हिल व्यू कॉलोनी की समस्याएं होंगी दूर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने पालमपुर विधान सभा क्षेत्र चिंबलहार हिल व्यू कॉलोनी में लोगों से रू-ब-रू हुए। आशीष बुटेल ने कहा कि हिल व्यू कॉलोनी नई कॉलोनी बनीं है। यहां की सभी समस्याओं से कॉलोनी के लोगों ने अवगत करवाया है और इन समस्याओं को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के धन की कोई कमी नहीं है और पालमपुर के शहरी क्षेत्र में शहरी सुविधाओं और ग्रामीण क्षेत्र में भी सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। पालमपुर में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए सड़कों का विस्तार और पालमपुर शहर में प्रथम चरण में 500 गाड़ियों की पार्किंग बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बिंद्रावन में 100 हेक्टेयर क्षेत्र में 4 करोड़ से पार्क और झील बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पालमपुर हलके में 600 करोड़ से अधिक राशि विकास कार्यों पर व्यय की जा रही है। पालमपुर के छुटे निगम वार्डों में 135 करोड़ रुपए पेयजल सुधार और सीवरेज सुविधा पर व्यय होगा। बुटेल ने कहा कि हिल व्यू कॉलोनी में ड्रेन बनाने का कार्य नवंबर माह तक बनकर तैयार कर लिया जाऐगा। 15 दिनों के भीतर अप्लाई करने वाले लोगों ट्यूबवेल के पानी का कनेक्शन दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिल व्यू कॉलोनी में सभी लोगों के सहयोग से स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि वोल्टेज कि समस्या दूर करने के लिए गुग्गा मंदिर के पास बड़ी क्षमता का ट्रांसफर लगाया गया है।

# ज्वालामुखी से 23 वर्षीय युवती लापता

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के अंतर्गत एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उनकी 23 साल की लड़की सोमवार शाम से लापता है। लापता युवती की मां ने शिकायत में बताया है कि उनकी लड़की किसी लड़के के साथ बाइक पर गई थी, लेकिन उसके बाद वापस लौटकर नहीं आई। उन्होंने कहा कि लड़का पंजाब राज्य के गुरदासपुर का बताया जा रहा है। परिजनों ने शक जाहिर किया कि उनकी बेटी को बाइक वाला युवक भगाकर ले गया है। परिजनों ने पुलिस से जल्द लड़की की तलाश व उचित कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ज्वालामुखी विजय कुमार शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति ने स्थापित किए कई आयाम : डॉ. उत्तम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश में इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के विकास में योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा। जारी बयान में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उत्तम चंद कौंडल ने बताया कि संगठन ने 1999 से 2024 तक का सफर तय किया है और इन 25 वर्षों में कई आयाम स्थापित किए हैं।

देश भर के चिकित्सकों को बेहतर दवाओं की उपलब्धता के साथ काउंट सीज़र मैट्टी के ज्ञान-विज्ञान का प्रचार प्रसार करके पद्धति का आधार मजबूत किया है । डॉ. कौंडल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के चिकित्सक देश में सेमिनारों का आयोजन करके चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के चिकित्सक प्रति माह के अंतिम रविवार को धर्मशाला में राज्य स्तरीय बैठक करके शैक्षिक गतिविधियों व अनुभवों को साझा करते हैं। गौरतलब है कि इस बार 27 अक्तूबर को आयोजित बैठक में संगठन के 25 वर्ष पूरे होने पर विशेष रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिसमें हिमाचल प्रदेश के चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा।

### निक्षय मित्र योजना पर करवाई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षय रोगियों के लिए चलाई जाए जा रही निक्षय मित्र योजना की एक कार्यशाला का आयोजन जोनल हॉस्पिटल धर्मशाला के सभागार किया गया, जिसमें टीबी के साथ जी रहे व्यक्तियों को जिला कांगड़ा के विभिन्न बैंकर्स द्वारा निक्षय मित्र बनकर द्वारा अपनाया गया और उनके पोषण को ध्यान में रखते हुए पोषण किट वितरित की। तिलक डोगरा, एलडीएम ने कहा कि नर सेवा ही नारायण की सेवा होती है और हमें निक्षय मित्र बन कर जरूरतमंद टीबी के रोगियों की मदद करनी चाहिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सूद ने कहा कि सही पोषण की, टीबी के रोग को जल्द ठीक करने में अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि टीबी का रोगी 6 महीने का ट्रीटमेंट लेने पर पूर्णता स्वस्थ हो जाता है।

### ज्वालाजी में अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का आज होगा शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुशील रतन राजकीय महाविद्यालय ज्वालाजी में चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का आरंभ 23 अक्तूबर को होगा और 26 अक्तूबर को इसका समापन होगा इस कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि ज्वालामुखी विधायक संजय रतन होंगे और समापन में मुख्यातिथि कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा होंगे। प्राचार्य डॉक्टर सुशील बस्सी के अनुसार इस प्रतियोगिता में राज्य के 65 महाविद्यालयों के 780 प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

### जुगल ने पास की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा

**अनंत ज्ञान, गरली।** गरली के निकटवर्ती गांव सदबां के जुगल किशोर पुत्र अमर सिंह ने राष्ट्रीय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में संगीत में सहायक प्रोफेसर की परीक्षा पास की है। जुगल किशोर ने यह परीक्षा पंजाब राज्य के पटियाला यूनिवर्सिटी से पास की है। जुगल किशोर ने जानकारी देते हुए कहा कि उसने पजांबी यूनिवर्सिटी पटियाल में इस परीक्षा के लिए जून 2024 में भाग लिया था, जिसका परिणाम हाल ही में घोषित हुआ है। उन्होंने 172 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। बताते चलें कि जुगल किशोर ने स्नातक की पढ़ाई राजकीय महाविद्यालय अंब से की तथा मास्टर आफ आर्ट्स संगीत विषय में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला से उत्तीर्ण की है। वर्तमान समय में यह ठाकुर कॉलेज ढलियारा से बीएड कर रहे हैं।



**क्रिकेट**

## अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल-सी में खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले

# डीएवी कांगड़ा और चंबा कॉलेज ने जीते अपने-अपने मैच

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जा रहे अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल-सी के प्री क्वार्टर फाइनल का पहला मुकाबला एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगडा और राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के बीच खेला गया। इसमें अजय सूद, सक्रेटरी हिमाचल बास्केटबॉल एसोसिएशन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी धर्मशाला की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम के सलामी बल्लेबाज आयुष 4 गेंदों का सामना करके शून्य पर आउट हो गए। इसके बाद सक्षम और श्लोक ने पारी को संभाला। मध्यक्रम के बल्लेबाज उज्जवल ने 18 गेंद में तेज तर्रार 27 रन की पारी खेली लेकिन साजन और आर्यन की घातक गेंदबाजी के सामने धर्मशाला की टीम 17.4 ओवर में 104 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आर्यन ने अपने अंतिम ओवर की चार गेंदो में धर्मशाला के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा ।

लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा की टीम ने मात्र 11 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर ली। अरशद ने 23 गेंद में 37 और श्याम ने 9 गेंद में 19 रन बनाए। दूसरा मैच राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी और राजकीय महाविद्यालय चंबा के बीच खेला गया। इसमें प्रसिद्ध समाजसेवी अमित वर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी की टीम 19.5 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 134 बना सकी। साहिल ने 27 और आदित्य ने 23 रन बनाए । चंबा की तरफ से लावण्य ने 3 और लक्ष्य ने 1 विकेट हासिल किया।

वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए राजकीय महाविद्यालय चंबा की टीम ने 18.3 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर ली। करणवीर ने 50 और संस्कार ने 21 रनों की पारी खेली। चुवाड़ी की तरफ से राघव ने 3 अनमोल और साहिल ने 2-2 विकेट हासिल किए। डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के टीम मैनेजर प्रो् सुमित पठानिया ने विशेष बातचीत में बताया कि बुधवार को डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा और राजकीय महाविद्यालय चंबा के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी उत्साहित हैं और सभी खिलाड़ी खेल भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रो सुमित ने बताया कि टीम के प्रमुख खिलाड़ी संदर्भ सूद, जो कि पिछले मैच में घायल हो गए थे, चोट से उभर रहे हैं और उन्हें पूरी उम्मीद है कि कल होने वाले मैच में वह पूरी तरह फिट हो जाएंगे।



### श्रीमद्भागवत कथा में सभी वेदों का सार

**बिलासपुर।** श्रीमद्भागवत कथा सभी वेदों का सार है। इस कथा को सुनने मात्र से मनुष्य को जन्म-जन्मांतर के पापों से भी मुक्ति मिल जाती है। सदाचार इस कथा का मूल मंत्र है। जिस मनुष्य में सदाचार के गुण होते हैं, उसे समाज में पूरा आदर-सम्मान मिलता है। यह उद्गार कथा व्यास पंडित पंकज गौतम ने दनोह-कुनाला स्थित गोपाल मंदिर में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के तहत प्रवचन करते हुए मंगलवार को प्रकट किए। पंकज गौतम ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पाप कर्म करता हुआ मृत्यु को प्राप्त होने के बाद प्रेत योनि में चला गया हो तो भागवत कथा सुनने से उसे उस योनि से भी छुटकारा मिल जाता है और वह भगवान के बैकुंठ धाम में वास करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबोह में किशोरियों को करियर के बारे जागरूक किया



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** आंगनबाड़ी केंद्र चंबोह द्वारा किशोरियों को जागरूक करने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबोह में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। करियर काउंसलर शीतल वर्मा ने किशोरियों को करियर बारे जागरूक किया और बताया कि आज से ही एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसके लिए निरंतर प्रयास करें, तभी सफल हो पाओगे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन कुमारी ने सरकार कि विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दी।

### सुजानपुर में हजारों लोगों ने चखा प्रसाद



**सुजानपुर।** स्थानीय बस स्टैंड में हनुमान मंदिर के सामने भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### राज राजेश्वरी कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापकों एवं बीए के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान सरोजिनी नायडू सदन की दीक्षा, द्वितीय स्थान रानी लक्ष्मी बाई सदन की दीक्षा ठाकुर एवं तृतीय स्थान डॉ. राधा कृष्णन सदन की नेहा कुमारी ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं हमारी कला और संस्कृति को दर्शाती हैं।

### सहकारी सभा बलोह में किसान सभा आयोजित



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** जिला हमीरपुर ब्लॉक टौणी देवी की बलोह कृषि सहकारी समिति में प्रगतिशील किसानों के लिए किसान सभा का आयोजन किया गया, जिसमें 35 से ज्यादा प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। इस किसान सभा में कृषि सेवा सहकारी समिति के प्रधान मदन लाल शर्मा, सचिव चमन लाल शर्मा, इफ्को के विशिष्ट उर्वरक सहायक अनुज द्वारा नैनो उर्वरकों, इफ्को नैनो यूरिया तरल व इफ्को नैनो डीएपी तरल बारे जागरूक किया गया कि किसान पारंपरिक यूरिया के इस्तेमाल कम करके नैनो यूरिया का ज्यादा इस्तेमाल करें, ताकि फसल की पैदावार में वृद्धि हो सके व हमारी मिट्टी को दूषित होने से बचाया जा सके। इफ्को नैनो डीएपी से बीज को उपचारित करें व फसल लगाने के 45 दिन बाद 4 मिलीलीटर एक लीटर पानी मे डाल कर फसल पर स्प्रे करें। यह (एनपीके व डीएपी) खाद का एक अच्छा विकल्प है। इसके अतिरिक्त पानी मे शत प्रतिशत घुलनशील उर्वरकों की भी जानकारी दी गई व किसानों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के भी उत्तर दिए गए। साथ में किसानों के समक्ष नैनो डीएपी से गेहूं के बीज को उपचारित किया गया।

### शहीद सुरजीत सिंह गैस एजेंसी ने मनाया इंडेन दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहीद सुरजीत सिंह गैस एजेंसी हमीरपुर में इंडेन दिवस धूमधाम से मनाया गया। एजेंसी के प्रबंध निदेशक संजीव डडवाल ने बताया कि मंगलवार को 59 इंडेन दिवस एजेंसी में मनाया गया। इस उपलक्ष पर शहर के वरिष्ठ नागरिक राम स्वरूप को केक काटकर सम्मानित किया गया और उपभोक्ताओं को इंडेन गैस के बारे में जागरूक किया गया। संजीव ने बताया कि समय-समय पर उपभोक्ताओं को इंडेन गैस के बारे क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिएं, के बारे में जागरूक किया जाता है ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो। इस उपलक्ष पर एजेंसी के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### आदर्श ग्राम पंचायत बनने के लिए किया जागरूक



**नादौन।** पंचायतीराज विभाग के सौजन्य से सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा गीत संगीत व नाटक के माध्यम से ग्राम पंचायत मालग कांगू व रंगस में पंचायत जन प्रतिनिधियों को 9 उद्देश्यों के बारे में अवगत करवाया गया, जिसका मूल उद्देश्य जिला की हर ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाना है। नटराज कला मंच के प्रधान राजीव जसल ने बताया कि ग्राम पंचायत विकास योजना में विकास लक्ष्यों की भूमिका 2025-26 के अंतर्गत जो भी पंचायत लक्ष्यों को 2030 तक पूरा करेगी, उसे राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक पंचायत 9 थीम की आपूर्ति के लिए हर वर्ष की भी दो थीम हर साल चुन सकती है। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर कपिल कुमार, जीपीडीपी बाल सभा महिला सभा ग्राम सभाओं के आयोजन के संबंध में जानकारियां दी। इस अवसर पर नजदीक के सभी पंचायतों के प्रधान सचिव व पंचायत जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### क्विज प्रतियोगिता में रिदिमा और प्रकृति प्रथम



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** 32वां दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन मंगलवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता बच्चों को सम्मानित किया। इस बाल विज्ञान सम्मेलन में 82 निजी और सरकारी स्कूलों के करीब 491 छात्रों ने भाग लिया। बाल विज्ञान मेले में छात्रों ने साइंस क्विज, साइंस मॉडल और मैथ ओलंपियाड में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में जूनियर वर्ग की क्विज प्रतियोगिता में गौरांश व अंशिका प्रथम, वृतिका और अर्पण द्वितीय, ऐश्वर्या और आर्यन तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, सीनियर वर्ग के रिदिमा व प्रकृति प्रथम, शिवम और मन्नत द्वितीय तथा शिवांगी व प्रद्युमन तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर सेकेंडरी क्विज में श्रद्धा व शिवांशु प्रथम, शगुन व वंशिका द्वितीय तथा अक्षय व कृष तृतीय स्थान पर रहे, जिन्हें प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह ने सम्मानित किया।

### ठेके में चिट्टे का सेवन करने पर मामला दर्ज

**हमीरपुर।** थाना हमीरपुर की पुलिस टीम गश्त के दौरान अणू में मौजूद थी तो गुप्त सूचना मिली कि गांव अणू कलां में देसी व अग्रेजी शराबके ठेके के अंदर चार व्यक्ति शराब ठेका के अंदर चिट्टा का सेवन कर रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा स्थानीय व्यक्तियों की मौजूदगी में नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। जो शराब ठेका के अंदर से भूरे रंग का ठोस नुमा पदार्थ वजन 0.67 ग्राम व काले रंग का गोल ठोस नुमा पदार्थ वजन 2.50 ग्राम मिला, जो उपरोक्त चारों आरोपियों द्वारा भूरे रंग के पदार्थ को चिट्टा व काले रंग के पदार्थ को चरस होना जाहिर किया। इस संदर्भ में मुकदमा दर्ज थाना किया गया है तथा आगामी अन्वेषण जारी है।

## त्योहारी सीजन को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग हुआ सख्त

# सुजानपुर में मिठाइयों के भरे सैंपल

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

त्योहारी सीजन शुरू हो गया है, ऐसे में दुकानदार खराब मिठाइयां या खाद्य पदार्थ लोगों को न बेच सकें, इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने अपना अभियान शुरू कर दिया है। त्योहारों के समय खराब मिठाइयां खाने से लोग बीमार हो सकते हैं। इसी के मद्देनजर जिला के विभिन्न बाजारों में मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने सुजानपुर बाजार में मिठाई, होटल, ढाबों और दुकानों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया। इस दौरान मिठाई की दुकानों से 13 सैंपल लिए, जिन्हें जांच के लिए भेज दिया गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बेसन के लड्डू, पिस्ता, शहद और गुलाब जामुन के सैंपल लिए हैं। हालांकि विभाग के पास लैब टेस्टिंग वैन भी है, जो मौके पर ही सैंपल लेकर जांच कर रही है। वहीं, कई सैंपल लैब में भी भेज जा रहे हैं जिससे इनकी जांच अच्छे से की जा सके। बता दें कि दिवाली में लोग



त्योहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग कर रहा खाद्य पदार्थों की जांच।

**सैंपल फेल होने पर दुकानदारों पर की जाएगी कार्रवाई : अनिल शर्मा**

एक-दूसरे को सबसे अधिक मिठाई उपहार के रूप में देते हैं, ऐसे में लोगों को नकली या मिलावटी मिठाई दुकानदार न बेच सकें, इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग अलर्ट हो गया है।

आने वाले दिनों में भी जिला के अन्य बाजारों में भी नकली मेवे, मिठाइयां और खाद्य पदार्थों की जांच की जाएगी। मंगलवार को सुजानपुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मधु बाला की टीम ने मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया और सैंपल भरे। रविवार को टौणी देवी में मिठाई की दुकानों से 13 सैंपल लिए हैं, उन्हें भी जांच के लिए भेजा गया है। इस बारे में सहायक आयुक्त अनिल शर्मा ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम जिला के सभी बाजारों में मिठाई या अन्य खाद्य पदार्थों का निरीक्षण कर रही है। उन्होंने बताया कि मिठाई की दुकानों से लिए गए सैंपलों की जांच की जाएगी, यदि मिठाई के सैंपल फेल होते हैं तो ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## पीएम की कथनी-करनी में बहुत अंतर : अनीता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बीते दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा में कहा था कि राजनीति में परिवारवाद को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा तथा एक लाख नए लोगों को राजनीति में उतारा जाएगा, जिनके परिवारों का राजनीति से कोई संबंध नहीं है।



प्रधानमंत्री के दिए इस बयान पर कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनीता वर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह अलग-अलग भाषण देते हैं और जनता को गुमराह करने का कार्य करते हैं। अनीता वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री अगर इस तरह की पहल करना चाहते हैं तो महाराष्ट्र और झारखंड में हो रहे चुनाव से ही शुरुआत कर देते, लेकिन भाजपा द्वारा महाराष्ट्र में ही दो विधायकों के बच्चों को टिकट दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र में ही कई ऐसे उदाहरण देखने को मिलेंगे, जहां पर भाजपा में ही परिवारवाद को बढ़ावा दिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने नादौन को दी एक और बड़ी सौगात

# उपमंडल पुलिस अधिकारी कार्यालय खोलने की कैबिनेट में मिली मंजूरी

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

**प्रबुद्ध लोगों ने जताया सीएम सुक्खू का आभार**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन विधानसभा क्षेत्र के लिए एक और बड़ी सौगात दी हैं। कैबिनेट की हुई बैठक में नादौन में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए नादौन में उपमंडल पुलिस अधिकारी कार्यालय खोलने का कैबिनेट में निर्णय लिया गया है। इसके लिए विभिन्न श्रेणियों में पांच पद सृजित कर उन्हें भरने का भी फैसला लिया हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा नादौन को दी गई इस सौगात से नादौन विधानसभा के लोगों में खुशी की लहर है और इसके लिए बड़ा जोन के कांग्रेस प्रभारी डॉ. मोहन लाल कौंडल, 20 सूत्रीय जिला कार्यक्रम के सदस्य कुलदीप सिंह पटियाल एवं राजेश कुमार पिंका, पंचायत बड़ा के पूर्व वार्ड प्रतिनिधि प्रवीण चौधरी, सुदर्शन सिंह जरियाल, देव राज गोस्वामी, सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी, अंकुश परमार, लाल चंद परमार, पंचायत चौड़ू के उपप्रधान विकास बलौरिया, डॉ. जय प्रेम सिंह, पंचायत पुतड़ियाल के उपप्रधान संजीव कुमार, संदीप कुमार ने मुख्यमंत्री सुक्खू का विशेष रूप से धन्यवाद किया है।

उन्होंने कहा कि नादौन में उपमंडल पुलिस अधिकारी कार्यालय खोलने से नादौन में कानून व्यवस्था ओर अधिक दुरुस्त होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू का डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के लिए 150 पद नर्सिंग कर्मियों के सृजित कर उन्हें भरने एवं जरनल मेडिसन, पीडियाट्रिक्स, अर्थोपेडिक्स, एनेस्थीसिया, रेडियोलॉजी विभागों में 6 एसोसिएट प्रोफेसर के पद एवं 10 असिस्टेंट प्रोफेसर के पद भरने पर भी आभार प्रकट किया है। इससे इस मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाएं भी सशक्त होगी। गौर है इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री सुक्खू नादौन विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को बढ़ावा देते हुए कई बड़ी सौगातें प्रदान कर चुके हैं।

## बड़सर-धनेटा सड़क के लिए 20.23 करोड़ मंजूर : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि विधायक प्रयोरिटी में धनेटा से बड़सर सड़क के चौड़ीकरण और रखरखाव के लिए नाबार्ड बैंक के माध्यम से 20 करोड़ 23 लख रुपए की स्वीकृति मिली है। बहुत जल्द ही इस सड़क के विस्तारीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा।

वहीं, उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त बड़सर से चंबेह और बड़सर से नेरी एवं गुजरेड़ा सड़क के लिए भी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत विस्तारीकरण का पैसा उपलब्ध हुआ है। उन्होंने इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया है। विधायक इंद्रद लखनपाल ने कहा कि विधानसभा के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## सभी उपभोक्ताओं की हो ई-केवाईसी : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने खाद्य आपूर्ति विभाग तथा राशन डिपो होल्डरों को निर्देश दिए हैं कि वे शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी सुनिश्चित करें और उचित मूल्य की दुकानों में डिजिटल पेमेंट सुविधा का प्रावधान करें। जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिला में 85 प्रतिशत राशन कार्ड उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी हो चुकी है। शेष उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी के लिए अधिकारी और डिपो होल्डर मिशन मोड में कार्य करें।

उन्होंने कहा कि जिले से बाहर रहने वाले उपभोक्ता दिवाली के समय बड़ी संख्या में घर आ सकते हैं। उनकी ई-केवाईसी के लिए डिपो होल्डर स्थानीय स्तर पर कार्य करें। इसमें पंचायत जनप्रतिनिधियों की मदद भी ली जा सकती है। मौजूदा समय की जरूरतों के अनुसार डिपो होल्डरों को अब डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था भी करनी चाहिए। डिजिटल पेमेंट में सराहनीय कार्य करने वाले डिपो होल्डरों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। जिले में उचित मूल्य की 315 दुकानों के माध्यम से 1,51,649 राशन कार्ड धारकों की कुल 5,41,019 जनसंख्या को खाद्य वस्तुएं प्रदान की जा रही हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार नए डिपो खोलने के मामलों पर भी समिति ने व्यापक चर्चा की तथा कुछ मामलों को मंजूरी भी प्रदान की।

उपायुक्त ने कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी श्रमिकों को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राशन कार्ड उपलब्ध करवाए जाने हैं। जिले में अभी तक 310 ऐसे प्रवासी श्रमिकों के राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं। उपायुक्त ने अन्य ऐसे प्रवासी श्रमिकों की भी पहचान करके उन्हें तुरंत कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। जिले में 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' योजना के तहत भी प्रवासी श्रमिकों को राशन दिया जा रहा है। जिला में रसोई गैस की सप्लाई, खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता और अन्य मुद्दों पर भी समिति के सदस्यों ने व्यापक चर्चा की।

खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण, सैंपलिंग और टेस्टिंग करते रहें। बैठक में जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अरविंद शर्मा ने ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष बबली देवी और समिति के अन्य सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## राजेंद्र राणा का निशाना 'हिमाचल के मुख्यमंत्री छोटे कामों के लोकार्पण तक ही सीमित'

**हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब बड़ी परियोजनाओं और विकास कार्यों की बजाए वर्षाशालिकाओं, सुलभ शौचालयों और मैदानों में घास लगाने जैसे छोटे कामों के उद्घाटन करने लगे हैं, जो अमूमन नगर परिषद के अध्यक्ष या काउंसलर द्वारा किए जाते हैं। राजेंद्र राणा ने कहा कि इस तरह के छोटे कार्यों के लोकार्पण से मुख्यमंत्री पद की गरिमा कम हो रही है और यह सुक्खू सरकार के विकास के प्रति सोच और विजन की कमी को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ने मंत्रियों की शक्तियों को सीमित कर दिया है, जिससे उनके कार्य करने की स्वतंत्रता खत्म हो गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक फरमान के तहत कोई भी मंत्री एक करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बिना नहीं कर सकता, जिससे मंत्रियों अपमानित हो रहे हैं।

## हमीरपुर की मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 29 अक्तूबर से 28 नवंबर तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर की मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य 29 अक्तूबर से आरंभ किया जाएगा। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजीत सिंह ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 29 अक्तूबर से 28 नवंबर तक मतदाता सूचियों में नए नाम शामिल करने के दावे और किन्हीं कारणों से स्थान छोड़ चुके मतदाताओं, मृतकों और अन्य अपात्र लोगों के नाम इन सूचियों से हटाने बारे आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। ये दावे या आपत्तियां निर्धारित प्रपत्रों- फार्म-6, फार्म-6ए, फार्म-7 और फार्म-8 पर प्राप्त की जाएंगी। दावे या आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 9-10 नवंबर और 23-24 नवंबर को विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि इस प्रक्रिया के लिए क्षेत्र के सभी 94 मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले अभिहित अधिकारियों और सुपरवाइजरों के लिए 25 और 26 अक्तूबर को बीडीओ कार्यालय परिसर हमीरपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 25 अक्तूबर को मतदान केंद्र नंबर एक से 50 तक के अधिकारियों को और 26 अक्तूबर को मतदान केंद्र नंबर 51 से 94 तक के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। एसडीएम ने इन सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के निर्देश दिए हैं।

## खाद्य आपूर्ति निगम के गोदामों से डिपुओं में कम भेजी जा रही सामग्री

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**निगम ने कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया तो डिपो धारक गोदामों से नहीं उठाएंगे राशन : अशोक कवि**

खाद्य आपूर्ति निगम डिपो धारकों से उनके द्वारा दी गई मांग के अनुसार राशन के पैसे तो पूरे ले रहा है, लेकिन गोदामों के इंचार्ज डिपो धारकों को राशन पूरा न देकर क्विंटलों राशन का चूना लगा रहे हैं। प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि समिति को प्रदेश भर से ऐसी शिकायतें हर माह मिल रही हैं।

इसी माह बिलासपुर जिले के घुमारवीं ब्लॉक में सेऊ स्थित उचित मूल्य की दुकान पर भी निगम के गोदाम से आटा व चावल कम भेजे गए। डिपो धारक ने इसकी शिकायत खाद्य आपूर्ति विभाग व समिति से की। उक्त डिपो धारक का आटा व चावल विभागीय निरीक्षक ने गोदाम इंचार्ज के सामने डिपो पर चेक किया और समिति का अध्यक्ष होने के नाते मैंने भी खुद जाकर मीडिया के सामने माल तुलवाया तो आटा व चावल दोनों कम पाए गए।

इस सारे मामले को निदेशक खाद्य आपूर्ति के ध्यान में भी लाया गया, लेकिन विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। इसी माह सराज विधानसभा क्षेत्र के बाली चौकी ब्लॉक में एक डिपो पर रिफाइंड तेल के पाउच में 910 ग्राम के बजाए 560 ग्राम रिफाइंड तेल निकला। प्रदेश भर से ऐसी शिकायतें भी मिल रही हैं कि निगम द्वारा डिपुओं पर भेजी जा रही सरसों तेल व रिफाइंड की पेटियों में 12 पाउच के बजाए 11 पाउच ही निकल रहे हैं तो कभी पाउच कटे-फटे आ रहे हैं, जिससे डिपो धारकों का आर्थिक नुकसान भी हो रहा है और उपभोक्ताओं को भी पूरा राशन नहीं मिल पा रहा है।

अशोक कवि ने कहा कि सरकार डिपो संचालकों को मात्र 4 प्रतिशत कमीशन दे रही है जो डिपो का संचालन करने पर ही खर्च हो जाता है। डिपो धारकों को निगम द्वारा शॉर्टेज भी नहीं दी जाती है जबकि निगम को सरकार द्वारा शॉर्टेज भी दी जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनावों से पूर्व कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के डिपो धारकों को सरकार बनने पर 20,000 रुपए मासिक वेतन व वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करने का वादा किया था, जो कि पूरा नहीं हो पाया है।

कवि ने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से मिलकर अपनी लंबित मांगों से अवगत करवाया जाएगा, यदि फिर भी सरकार ने शीघ्र हमारी मांगें नहीं मानी तो प्रदेश स्तरीय अधिवेशन करके अगली रणनीति बनाकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजाएंगे।

## पुलिस लाइंस हमीरपुर में पुलिस स्मृति दिवस 2024 के साप्ताहिक आयोजन



**हमीरपुर।** पुलिस समृति दिवस 2024 के साप्तहिक आयोजन के संदर्भ में पुलिस लाइन हमीरपुर में पुलिस सेवाकाल के दौरान जिन पुलिस कर्मचारियों की मृत्यु हो गई थी, उन कर्मचारियों के परिवारजनों से मीटिंग की गई। इनमें 13 परिवार के सदस्य हाजिर पुलिस लाइन आए व 5 परिवारजन ऑनलाइन के माध्यम से मीटिंग में शामिल हुए। इस दौरान परिवारजनों की समस्यों को सुना गया व मीटिंग में ही समस्याओं का समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त 11 पुलिस कर्मचारी भी मीटिंग में शमिल हुए और उन्होंने अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा किऐ। सभी परिवारजनों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मीटिंग के बारे में खुशी जाहिर करी। मीटिंग में परिवारजनों को व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आश्वासन दिया गया कि उन्हे भविष्य में कोई विभाग से संबंधित कोई भी परेशानी कोई भी आती है तो बिना किसी संकोच के तुरंत पुलिस अधीक्षक कार्यालय हमीरपुर से संपर्क कर सकते हैं।

## उहल, कक्कड़ बजरोल, जंदड़ू में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** विद्युत उपमंडल कक्कड़ के अंतर्गत 33केवी विद्युत उपकेंद्र के उपकरणों की आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते 24 अक्तूबर को गांव बजरोल, पलभू, खनौली, भेरडा, कक्कड़, पुरली, उटपुर, भटेड़, ननोट, उहल, कलोह, पौहंज, कढ़ियार, सुराह, परनाली, लगदेवी, जंदड़ू, पानटिक्कर और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता अंकज गुप्ता ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## समर्थ गुप्ता मैथ ओलंपियाड में रहे प्रथम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सब डिवीजन सुजानपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चबूतरा में दो दिवसीय बाल विज्ञान कांग्रेस का समापन बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। समापन समारोह के मुख्यातिथि विधायक कैप्टन रनजीत सिंह राणा ने सभी विजेता छात्रों को सर्टिफिकेट व मोमेंटो प्रदान किए व उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साइंस क्विज प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में एनएमपीएस कक्कड़ स्कूल की छात्रा अंशिका व छात्र अनुराग प्रथम रहे।

साइंस क्विज प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में डीएवी स्कूल गुबर की छात्राएं श्रेया कुमारी व सोनल प्रथम, साइंस क्विज सीनियर सेकेंडरी वर्ग में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल चैरी की छात्राएं कोमल व रुचिका राणा प्रथम रहीं। इसी तरह मैथ ओलंपियाड के जूनियर वर्ग में एमएससी सुजानपुर टिहरा स्कूल का छात्र समर्थ गुप्ता प्रथम रहा।





चबूतरा पाठशाला में बाल विज्ञान कांग्रेस का समापन हुआ।

मैथ ओलंपियाड के सीनियर वर्ग में हिमाचल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजानपुर टीहरा का छात्र अनमोल प्रथम रहा। इसी तरह मैथ ओलंपियाड के सीनियर सेकेंडरी वर्ग में शिशु निकेतन स्कूल सुजानपुर का छात्र दिव्यांश कटवाल प्रथम रहा। साइंस इनोवेटिव मॉडल प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में शिशु निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजानपुर की दिवांशी चंदेल प्रथम, इसी तरह साइंस मॉडल के सीनियर सेकेंडरी वर्ग में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल वीर बगेड़ा की छात्रा सुजाता प्रथम रही। बाल विज्ञान सम्मेलन के इस कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार, जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम, कन्वीनर राकेश चौहान व रजनीश कुमार ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

## बधानी स्कूल में एनएसएस कैंप शुरू





**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बधानी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के उद्घाटन समारोह में प्रधान ग्राम पंचायत बधानी विनोद कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान अश्वनी कुमार उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य केवल ठाकुर ने समारोह में अतिथियों का स्वागत किया और शिविर के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवी छात्रों को समाज का एक कुशल नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अधिकारी कमल दीप प्रवक्ता हिन्दी ने सात दिन तक चलने वाली गतिविधियों की विधिवत जानकारी दी। इस अवसर पर स्वंयसेवी छात्र-छात्राओं ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उद्घाटन समारोह के अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## सख्ती एसडीएम कोर्ट में किराया न देने वाले दुकानदारों की पेशी 26 अक्तूबर को

# 28 दुकानदारों के पास फंसे हैं 63 लाख रुपए

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बस स्टैंड हमीरपुर के सामने बने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में दुकानों का किराए न देने वाले 28 दुकानदारों के खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम कोर्ट में किराए न देने के मामले की पेशी 26 अक्तूबर को तय की गई है। प्रशासन इनसे किराए की राशि वसूलने के लिए कानूनी प्रक्रिया का सहारा ले रहा है। यदि यह किराए की राशि का भुगतान नहीं करते हैं तो आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

दुकानदारों के पास करीब 63 लाख रुपए की राशि फंसी हुई है। बता दें कि हमीरपुर जिला प्रशासन ने बस स्टैंड के सामने बने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में दुकानों



बस स्टैंड हमीरपुर के सामने बने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बनी दुकानें।

का निर्माण कर उन्हें व्यापारियों को किराए पर अलॉट किया है। हालांकि सभी दुकानें अलॉट नहीं हुई हैं, लेकिन जो अलॉट हुई हैं उनमें कारोबार कर रहे अधिकांश व्यापारी लंबे समय से किराया नहीं दे रहे हैं। इसके चलते किराए की राशि 63 लाख रुपए के करीब पहुंच चुकी है। हालांकि दुकानदारों को किराया देने के लिए नोटिस भी भेजे गए, लेकिन किराए की राशि का भुगतान न करने पर प्रशासन ने 28 व्यापारियों के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवाया है। व्यापारियों पर दर्ज इस केस की सुनवाई 26 अक्तूबर को एसडीएम कोर्ट में तय की गई है। वहीं, जिला प्रशासन की माने तो सभी दुकानदारों से किराए की रिकवरी की जाएगी। किराए का भुगतान न करने वाले व्यापारियों की दुकानों को सील किया जाएगा और नए लोगों को दुकानें आवंटित की जाएंगी।

हमीरपुर के एसडीएम संजीत सिंह ने कहा कि 28 दुकानदारों के खिलाफ मामला चल रहा है। मामले की पेशी एसडीएम कोर्ट में 26 अक्तूबर को प्रस्तावित है। कानून की मदद से इन दुकानदारों से दुकानों के किराए की रिकवरी की जाएगी। यदि यह किराए का भुगतान नहीं करते हैं तो इनके दुकानों के संचालन का अधिकार समाप्त कर दिया जाएगा, साथ ही इनके ऊपर नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत गारली**
**विकास खण्ड बिझड़ी जिला हमीरपुर (हि. प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 के लिए निमाण सामग्री क्रय करने के लिए कुटेशन ली जानी है। क्रय की जाने वाली सामग्री का ब्यौरा निम्न प्रकार से है।
रेता क्रेशर प्रति cft, रेता धूला प्रति cft, बजरी क्रेशर प्रति cft, रोड़ा प्रति cft, पक्की ईंट प्रति ईंट, शैटरींग स्टील डंगा व रास्ता प्रति वर्ग फूट, शैटरींग स्टील लेंटर प्रति वर्ग फूट, शैटरींग लकड़ी डंगा व रास्ता प्रति वर्ग फूट, शैटरींग लकड़ी लेंटर प्रति वर्ग फूट।
उपरोक्त कुटेशन दिनांक 30.10.2024 को सुबह 11.00 बजे तक बन्द लिफाफे में कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। इसके उपरांत प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। रेता, बजरी की सप्लाई के साथ m फार्म अनिवार्य होगा। तथा निविदा देने वाली फार्म को अपना Gst प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है तथा सशर्त वाली निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए रदद करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत गारली

## न्यूज ब्रीफ

### जंगला गांव छह दिन से पानी को तरस रहा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एक तरफ सरकार पानी के बिल को लेकर विधानसभा में बिल पास करती है और कहती है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का आएगा लेकिन दूसरी तरह हम देखते है। भट्टियात विधानसभा के जतरुन पंचायत के जंगला गांव में पिछले छह दिनों से गांव के लोग पानी को तरस रहा है। ग्रामीणों का कहना है गर्मी के मौसम में भी यह पानी तीसरे दिन आता था लेकिन अभी भारी बरसात के बाद छह दिन के बाद भी गांव में पानी नहीं आ रहा है। अगर जल्द से जल्द इस पानी की समस्या पर कोई प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करती है तो गांव के लोगों के द्वारा प्रशासन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जाएगा, इसके लिए प्रशासन खुद जिम्मेदार होगा।

### बच्चों के व्यवहार पर रखें नजर : अपूर्व देवगन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनकार्ड) की जिला स्तरीय समिति की बैठक में उपायुक्त अपूर्व देवगन व पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने संयुक्त रूप से जिला में नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने, विद्यार्थियों को नशे से बचाने, चौहार घाटी और बाली चौकी क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खेती को रोकने के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक का आयोजन पुलिस लाईन मंडी में किया गया। इस दौरान समिति के सदस्य पुलिस, पंचायत, वन, स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा के अधिकारी, शिक्षण संस्थानों के प्रमुख उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में अध्ययनरत युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सामाजिक संस्थाओं ब्रह्मकुमारी और आर्ट ऑफ लिविंग के साथ एमओयू किया है। स्कूलों में नशे के प्रति आयोजित होने वाले जागरूकता शिविरों में इनके प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अध्यापक और अभिभावक बच्चों के व्यवहार पर नजर रखें। अध्यापक स्कूल कैंपस, बाथरूम इत्यादि के बाहर बच्चों की नियमित चेकिंग करें कि बच्चे नशा तो नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में एंटी ड्रग कमेटियों का गठन किया जाए। उन्होंने बताया कि जिला के चौहारघाटी और बालीचौकी क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की खेती की जानकारी प्राप्त कर इसे उखाड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों के परिसरों में भांग के पौधे न उगें, इसके लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

### अवाहदेवी मंदिर कमेटी का सदस्यता अभियान 25 से

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** जालपा माता मंदिर अवाह देवी के प्रधान रमेश गुलेरिया ने बताया कि मंदिर कमेटी की सदस्यता 25 अक्तूबर से 10 नवंबर तक की जा रही है। इसके लिए कोई आयु सीमा नहीं रखी गई है, कोई भी भक्त सदस्यता ले सकता है। जो भी भक्तजन मंदिर की सदस्यता लेना चाहता है वह अपना आधार कार्ड और निर्धारित सदस्यता शुल्क लेकर अवाहदेवी मंदिर आ सकते हैं। मंदिर की पुरानी सदस्यता समाप्त कर दी गई है।

### डिपुओं में नहीं पहुंचा अक्तूबर माह का राशन

**चंबा।** मैहला ब्लॉक के सस्ते राशन के डिपुओं में राशन का वितरण जारी है किंतु इस बार अब तक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पास दालें व आटे का कोटा नहीं पहुंचा है। जिससे आटा व दालें न मिल पाने के कारण उपभोक्ताओं को सामान बाजार से महंगे दाम पर खरीदना पड़ रहा है जिससे उन्हें आर्थिक चपत लग रही है। विभाग की तरफ से दाल चने, माह व मलका की दालें बारी- बारी से उपभोक्ताओं को दी जाती है। लेकिन इस बार त्यौहारी सीजन में राशन का महत्वर्पूण कोटा न पहुंचने के कारण उपभोक्ताओं को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा उपभोक्ताओं कों सस्ते राशन के सरकारी डिपुओं में आटा, चावल, दालें, नमक, व चीनी उपलब्ध करवाई जाती है। किन्तु हर रोज रसोई में इस्तेमाल होने वाला सामान डिपुओं से गायब होने से उपभोक्ता परेशान हैं।

# सतर्कता से करें आपदा पर रिपोर्टिंग ज्यादा सनसनी न फैलाएं : डीसी

**ओपी शर्मा, चंबा**

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आज 22 अक्तूबर को चंबा, हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रबंधन विषय पर मीडिया कार्यशाला वार्तालाप आयोजित की गई। वार्तालाप का आयोजन पीआईबी द्वारा आपदा प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर सरकार और चौथे स्तंभ के बीच सार्थक संवाद और विचारों के उपयोगी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।

वार्तालाप का उद्घाटन चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने किया। उपायुक्त ने कहा कि आपदा प्रबंधन एक ऐसा क्षेत्र है, जो अति सनसनीखेज होने के कारण अनावश्यक रूप से प्रभावित हो सकता है। उदाहरण के तौर पर उन्होंने बताया कि 2023 के मानसून में चम्बा अपेक्षाकृत रूप से अप्रभावित रहेगा, लेकिन अति सनसनीखेज होने तथा पूरे राज्य में व्यापक नुकसान होने की धारणा के



बैठक के दौरान उपायुक्त व साथ हैं अन्य।

कारण पर्यटन को बड़ा झटका लगा है।

डीसी ने कहा कि मीडिया की प्राथमिक भूमिका सरकार से जवाबदेही लेना और अनसुनी आवाजों को राज्य तक पहुंचाना है।

नूरपुर में 14वीं एनडीआरएफ के सेकेंड इन कमांड रजनीश शर्मा ने एनडीआरएफ की भूमिका आपदा प्रतिक्रिया में समुदाय और राज्य कैसे एक साथ आते हैं पर अपने दृष्टिकोण साझा किए।

आपदा प्रबंधन के विकास के बारे में कहा कि आजादी के बाद आपदा प्रबंधन में प्रयासों का प्रारंभिक जोर सिर्फ राहत-केंद्रित था और आपदा प्रबंधन अधिनियम के लागू होने तक तैयारियों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया था। चंबा में 1905 के भूकंप, भोपाल गैस त्रासदी और 1999 के ओडिशा सुपर साइक्लोन के दौरान आपदाओं से निपटने के लिए कोई कानूनी ढांचा नहीं था। हालांकि, अधिनियम के लागू होने के बाद हताहतों की संख्या में कमी आई है। भारत सरकार ने 1999 के ओडिशा सुपर साइक्लोन के बाद एक उच्चस्तरीय समिति गठित की थी। इस समिति ने आपदा प्रबंधन अधिनियम बनाने और आपदा प्रबंधन के उन्मुखीकरण को राहत-केंद्रित से तैयारी की ओर बदलने की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम के लागू होने के बाद भले ही भारत में कई सुपर साइक्लोन आए, लेकिन जानमाल के नुकसान में काफी कमी आई है। सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना तैयार की है।

शर्मा ने बताया कि अधिनियम में कहा गया है कि पूरे देश में एनडीएमए, एसडीएमए और डीडीएमए को मिलाकर त्रिस्तरीय व्यवस्था होगी। भारत ने आपदा प्रबंधन पर संयुक्त राष्ट्र के विश्व सम्मेलन में अपनाए गए जोखिम न्यूनीकरण ढांचे को अपनाया है।

उन्होंने बताया कि जलवायु संबंधी आपदाएं मौसम की परवाह किए बिना घटित होने लगी हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ऐसी नीतियों पर काम कर रही है जिसके तहत पंचायत स्तर पर भी त्वरित प्रतिक्रिया उपकरण उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

चंबा के एडीएम अमित मेहरा ने वनों में लगने वाली आग को कम करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रशासन ने मनरेगा गतिविधियों के तहत चीड़ की पत्तियों को एकत्रित करने का सुझाव दिया है।

# किसानों की उन्नत आर्थिकी के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध : दिनेश



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य लोग।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिला मुख्यालय मे स्थित जालपा निवास मुहल्ला माई का बाग मे किसान कांग्रेस जिला चम्बा के अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार की अध्यक्षता मे जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणियों की संयुक्त कार्ययकारिणी बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित किसान कांग्रेस की ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने उपस्थित समस्त पदाधिकारियों से परिचय करने के साथ साथ उनके क्षेत्रों मे किसानों के सम्मुख आने वाली समस्या के बारे मे विस्तार से जानकारी हासिल की व इनके चरणबद्ध तरीके से हल किये जाने बारे विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि किसानों के उत्थान व पारम्परिक कृषि से वैज्ञानिक कृषि के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कई योजनाए चलाई जा रही हैं। लेकिन पर्याप्त जानकारी के अभाव मे किसानो को इसका अधिक लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुक्खू व्यापक स्तर पर कृषि के विकास के लिए वचनबद्धता से अपना कार्य कर रहे है। वहीं प्रदेश के ऊर्जावान कृषि मंत्री प्रोफेसर चौधरी चंद्र कुमार भी गुणवत्तापूर्ण कृषि के विकास के लिए दिन रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जिला चम्बा के तराई वाले क्षेत्र मे खट्टे फलों के उत्पादन के लिए अपार संभावनाए है इसलिए इस क्षेत्र को प्रदेश के महत्वाकांक्षी शिवा प्रोजेक्ट मे शामिल किए जाने का मामला प्रदेश सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। साथ ही जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत मिलने वाले कृषि लाभों को हर एक किसान तक पहुंचाया जाएगा।

## विवाहिता की मौत का मामला
# पति 14 दिन की न्यायिक हिरासत पर

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

उपमंडल धर्मपुर के गांव रखेड़ा में हाल ही में पंखे से लटककर जान गंवाने वाली 29 वर्षीय विवाहिता निशा देवी के पति संदीप कुमार को सरकाघाट पुलिस ने मंगलवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने संदीप कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में मंडी जेल भेजने का आदेश दिया है।

घटना के अनुसार निशा देवी ने करवाचौथ से एक दिन पहले अपने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। इस दुखद घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मृतका के परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए इसे हत्या करार दिया और निशा के पति संदीप कुमार पर गंभीर आरोप लगाए थे।



पुलिस ने आरोपों की जांच के बाद संदीप कुमार को हिरासत में लिया और अब उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत मंडी जेल भेज दिया गया है।

मामले की जांच अभी जारी है और पुलिस द्वारा अन्य तथ्यों की जांच के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकती है। डीएसपी सरकाघाट संदीप गौतम ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# बाल विज्ञान मेला भरमौर में शुरू

**भरमौर।** भरमौर में दो दिवसीय 32वें खंड स्तरीय बाल विज्ञान मेला का आयोजन शुरू हो गया है। इस बाल विज्ञान लेने का शुभारंभ समाज सेविका सावित्री देवी ने किया।

इस मौके पर मुख्यातिथि सावित्री देवी सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि बड़े बुजुर्गो का हमेशा सम्मान करें भगवान के बाद बुजुर्गों का आशीर्वाद ही मिलता है।

आज साइंस क्विज मैथ ओलंपियाड वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग में भाग लेंगे। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य अरुणा चारक खणी स्कूल के प्रधानाचार्य लफटेन सिंह प्रवक्ता नीलम जगपाल चौहान ओम प्रकाश कृष्ण पखरेतिया मुख्याध्यापक रेबल जरयल विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति के लिए जानकारी महत्वपूर्ण : मुकेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में नशा-मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में गुंजन संस्था के सहयोग से जिला में प्रभावी नशा निवारण गतिविधियों के आयोजन को लेकर आज मास्टर वालंटियर की क्षमता विकास के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला में गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। उपायुक्त ने कार्यशाला में मास्टर वॉलिंटियरों के साथ संवाद करते हुए कहा कि समाज में नशा मुक्ति के लिए जानकारी एवं जागरूकता गतिविधियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा



जानकारी देते उपायुक्त।

सकती हैं। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि विशेष कर युवा पीढ़ी को नशे की घातक प्रवृत्ति से रोकने के लिए अभिभावक एवं शिक्षक तथा समाज के बुद्धिजीवों वर्ग को अपना विशेष योगदान देना चाहिए । उन्होंने जिला जिला कल्याण अधिकारी को चंबा ज़िला में जानकारी एवं जागरूकता गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मास्टर वॉलिंटियर की संख्या को बढ़ाने के लिए चंबा चैप्टर शुरू करने को निर्देशित किया ।

उन्होंने मास्टर स्वयंसेवकों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपने आस-पड़ोस के क्षेत्र से शुरुआत करने का आग्रह किया । उन्होंने उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि मास्टर स्वयंसेवकों द्वारा शुरुआत में उठाए गए छोटे-छोटे कदम भविष्य के लिए एक मजबूत आधार बनाएंगे।

इससे पहले उपायुक्त मुकेश रेपसवाल का जिला कल्याण अधिकारी चमन शर्मा ने स्वागत करते हुए उन्हें शाल- टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने नशा-मुक्त भारत अभियान के तहत ज़िला में जारी विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी प्रदान की।

# लाहड़ू में एंबुलेंस और बस में टक्कर

**बबलू पठानिया, भटियात**

चुबाड़ी से लाहड़ू की तरफ जा रही एंबुलेंस कि अचानक ब्रेक फेल हो गई और बस से जा टकराई।

जानकारी अनुसार जैसे ही एंबुलेंस लाहड़ू के समीप पहुंची तो ड्राइवर ने ब्रेक लगाने लगा तो गाड़ी की ब्रेक नहीं लगी।

ब्रेक फेल हो गई ड्राइवर ने होशियारी दिखाते हुए गाड़ी को अंदर की तरफ मोड़ दिया यदि ड्राइवर गाड़ी को अंदर की तरफ नहीं करता तो पहाड़ के नीचे गाड़ी चली जाती और कोई बड़ी घटना घट जाती।

एंबुलेंस का मामूली सा नुकसान हुआ है। इस समय मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो उसमें पाया कि एंबुलेंस की ब्रेक फेल हो



दुर्घटनाग्रस्त एंबुलेंस व बस।

गई थी बस और एंबुलेंस के ड्राइवर में आपस में समझौता हो गया और बस अपने रोड पर चली गई, वह एंबुलेंस को ठीक करवाने के बाद वहां से लाया जाएगा। मामले की पुष्टि रमन चौधरी ने की।

एंबुलेंस ड्राइवर से बात हुई तो उसने बताया कि गाड़ी की ब्रेक फेल हो गई थी यदि गाड़ी में अंदर की तरफ न करता तो गाड़ी पहाड़ के नीचे चली जातीं और और उसमें किसी को कुछ भी हो सकता था इसलिए एंबुलेंस को अंदर की तरफ मोड़ा इतने में आगे से आ रही बस के साथ भीड़त हो गई लेकिन गनीमत यह रही के इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई इस समय चुबाडी पुलिस ने मौके पर पहुंच गई थी दोनों पक्षों में सहमति बन गई।

# दिव्यांग छात्रों के साथ बर्बरता निंदनीय : जयराम

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में दिव्यांग छात्रों के साथ पुलिस की बर्बरता की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलने की मांग को लेकर सचिवालय जाने पर जिस तरह से प्रदेश के दिव्यांगों के साथ बर्बरता की गई है उसे यह साफ होता है कि सरकार हर स्तर पर मानवीय संवेदना से दूर हो गई है और हर मामले में संवेदनहीनता से निपट रही है।

दिव्यांग छात्रों के साथ यह पहली बार नहीं हुआ है। इसके पहले भी दो बार दिव्यांग छात्रों को सचिवालय जाने पर रोका गया उन्हें सड़कों पर घसीटा गया। क्या प्रदेश का मुख्यमंत्री आम आदमी की पहुंच से इतना दूर हो सकता है की उससे मिलने की कोशिश करने पर ही लाठियां खानी पड़े।

# रचनात्मक लेखन में क्षबाथरी की मशिनेन प्रथम

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

मंगलवार उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत में खंड स्तरीय बाल-मेला का आयोजन किया गया। इसमे प्रधानाचार्य प्रीतम चंद ठाकुर और शिक्षा अधिकारी मनी बहादुर खण्ड थापा बतौर मुख्यातिथि शिरकत की इनके साथ एसएमसी अध्यक्ष गुरुचरण सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस बाल मेले में शिक्षाखंड बनीखेत के माध्यमिक कक्षा एवं प्राथमिक कक्षा के सभी कलस्टर के बच्चों ने भाग लिया।

इस बाल मेले विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। माध्यमिक कक्षाओं की प्रतियोगिताओं को रचनात्मक लेखन में क्षबाथरी की मशिनेन ने प्रथम स्थान, बलेश का संदीप



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य मेहमान व अन्य।

कुमार ने दूसरा स्थान व बनीखेत की रागनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में आदित्य और ईशिका ने पहला स्थान हासिल किया। कविता वाचन प्रतियोगिता में बेली की ईशिता ने पहला स्थान।भाषण प्रतियोगिता में गंगड की अवनी ने प्रथम स्थान, कंडेई के साहिल राणा कक्षा ने द्वितीय व बनीखेत के अभिषेक ने तृतीय स्थान हासिल किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में गंरगड़ ने प्रथम स्थान, 1999 बलेग ने द्वितीय स्थान व नैनीखंड ने क्लस्टर के तृतीय स्थान पाया।

प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में चूहन ने पहला स्थान, बनीखेत ने द्वितीय स्थान, वे नगाली और भरुड़ी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। शतंश्च प्रतियोगिता में ढलोग का सुजल प्रथम, तप्पर को द्वितीय, चकरा का नक्श तीसरे स्थान पर रहा। कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में ढलोग परमजीत ने प्रथम, बैली के कुश ने द्वितीय व चूहन के कृष्णा अबरोल ने तृतीय स्थान हासिल किया। मॉडल प्रदर्शनी में बेली का मयंक में प्रथम स्थान बनीखेत के सचिन ने द्वितीय व शेरपुर की अर्पिता ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्किर प्रतियोगिता में कलह देवी देहरा ने प्रथम स्थान व दम बेली ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

प्राथमिक कक्षाओं की प्रतियोगिताओं में सुलेख प्रतियोगिता में ढलोग विद्यालय का आर्यन प्रथम, खड्डी विद्यालय की कल्पना द्वितीय व डलहौजी विद्यालय की सदिति तृतीय रही। लविता वाचन प्रतियोगिता में बनीखेत प्रथम,मेल द्वितीय रहे। कैसी ड्रेस प्रतियोगिता में बाथरी स्वाल को अमार्या प्रथम रही।

## सूडोकु 0097 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0096 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

23 अक्तूबर, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : आश्विन, **तिथि** सप्तमी : (01:21): **नक्षत्र** पुनर्वसु, **पक्ष** : कृष्ण **योग** : शिव (6:58) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:05 -01:29)।

**विशेष दिन**

» 23 अक्तूबर : हेमंत ऋतु आज से प्रारम्भ।

» 24 अक्तूबर : अहोई अष्टमी कल।

**मेष:** आप पूरी तरह से स्वस्थ हैं और उत्साह से भरे हैं। शारीरिक सहनशक्ति उत्तम रहेगी। आपका मन अधिक ग्रहणशील और सामान्य से अधिक सचेत रहेगा।

**वृषभ:** स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है। खुद को अधिक न थकाएं। छोटी-मोटी बीमारियों या थकान की संभावना है। एलर्जी और वायरल संक्रमण के प्रति सावधानी बरतें।

**मिथुन:** आज आप तरोताजा और तंदुरुस्त होने की खुशी महसूस करेंगे। स्वास्थ्य संबंधी कोई बड़ी समस्या नहीं दिख रही है। आज आप काफी फुर्तीले और आतुर रहेंगे।

**कर्क:** चिकित्सा निदान पर कुछ पैसे खर्च हो सकते हैं। अस्पताल भी जाना पड़ सकता है। अपने विचार अपने पास ही रखें। मानसिक स्पष्टता पाने के लिए कुछ समय लगेगा।

**सिंह:** वेदना कष्ट का कारण बन सकते हैं। पेट के रोग सहित कई समस्याएं होने की संभावना है। बच्चों की वृद्धि और प्रगति आपकी खुशी और गर्व का स्रोत बनेगी।

**कन्या:** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आप सक्रिय और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आवश्यक्ता से अधिक खाने से बचें। शांति और सामंजस्य की भावनाएं बनी रहेंगी।

**तुला:** आज आप को नई ऊर्जा और आशावाद का एहसास होगा। आज आप आसपास के लोगों के साथ अपने आप को अधिक जुड़ा हुआ महसूस करेंगे।

**वृश्चिक:** गर्दन के निचले हिस्से, कंधे और बाहों में दर्द हो सकता है।भाई-बहनों का स्वास्थ्य भी तनाव का कारण बन सकता है। आयुर्वेदिक उपचार से राहत मिलेगी ।

**धनु :** आज आप ऊर्जा का आवेग अनुभव करेंगे और संभवतः एक नए मुकम्मल स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। आप आज मित्रतापूर्ण और हंसमुख चित्तवृत्ति में रहेंगे।

**मकर:** स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज प्रतिकूल परिस्थितियों पर साहस और विश्वास के साथ विजय प्राप्त करने के लिए आप अपनी अन्तर्निहित ऊर्जा का प्रयोग करेंगे।

**कुंभ :** अधिक तंदुरुस्त और ऊर्जावान पाएंगे। कोई नया प्राकृतिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू करने की संभावना है। स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए संतुलित आहार लें।

**मीन:** स्वास्थ्य का आनंद उठा पाएंगे और आप सक्रिय रहेंगे। आप की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होगी। शांत रहें और सामंजस्यपूर्ण वातावरण बनाए रखने का प्रयास करें।

# 25 को पांगी के प्रवास पर रहेंगे नेगी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजस्व, बागवानी , जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 25 अक्तूबर को एक दिवसीय पांगी(किलाड़) प्रवास पर रहेंगे।



विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताएं कि जगत सिंह नेगी 24 अक्तूबर को सांय 5 बजे किलाड़ पहुंचेगे और उनका रात्रि ठहराव लोक निर्माण विश्राम गृह किलाड़ में रहेगा। 25 अक्तूबर को जनजातीय विकास मंत्री आवासीय आयुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में सुबह 10 बजे परियोजना सलाहकार समिति की बैठक, बाद दोपहर 3 बजे लाडा समिति की बैठक तथा 4 बजे वन अधिकार अधिनियम-2006 की होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

उनका रात्रि ठहराव लोक निर्माण विश्रामगृह किलाड़ में रहेगा। 26 अक्तूबर को प्रातः 8 बजे राजस्व मंत्री किलाड़ से केलांग के लिए रवाना होंगे।

# नौकरी छीनने वाली बनी सुक्खू सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी में कांग्रेस सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरते हुए नौकरी देने के बजाए छीनने वाली सरकार का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि पेंशन वाली पक्की और 58 साल नौकरी की गारंटी देने वाले अब कच्ची नौकरी वालों को भी घर बैठा रहे हैं। कॉस्ट कटिंग के नाम पर आज बिजली बोर्ड के 80 से ज्यादा ड्राइवरों की सेवाएं सरकार ने समाप्त कर दी। पिछले दिनों



बिजली बोर्ड के इंजीनियरिंग वर्ग के 51 पदों को डिनोटिफाई कर दिया गया है। जिसका मतलब हुआ कि वे सारे पद खत्म हो गए हैं। चार दिन पहले नादौन में जल शक्ति विभाग के सबसे ज्यादा आउटसोर्स कर्मचारी को बाहर कर दिया। लोगों को नौकरियां से निकालना, कर्मचारियों का वेतन रोकना आउटसोर्स के कर्मचारियों को कई-कई महीने वेतन न देना सुक्खू सरकार की दिनचर्या का हिस्सा हो गया है। मुख्यमंत्री और उनके तमाम सहयोगियों को यह बताना चाहिए कि समय चल क्या रहा है प्रदेश में। अखबारों में खबरें छपवाते हैं कि दीपावली का तोहफा दिया जा रहा है और दीपावली के तोहफे के नाम पर आउटसोर्स कर्मियों की नौकरियां छीनी जा रही हैं।

# चार दलों ने राज्य स्तरीय ठोडा खेल के लिए किया क्वालिफाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश ठोडा खेल एवं सांस्कृतिक महासंघ के तत्वावधान में नेरवा में तीन दिवसीय जोनल प्रतियोगिता शनिवार को सम्पन हुई। जिसमें 25 दलों ने भाग लिया इस प्रतियोगिता का शुभआरंभ हिमाचल प्रदेश ठोडा खेल एवं सांस्कृतिक महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व चौपाल निर्वाचन क्षेत्र के विधायक बलबीर सिंह वर्मा ने किया। नेरवा, कुपवी व चौपाल ज़ोन में द्रोणाचार्य ट्रॉफी ठोडा दल सराल- दठाल सरी देवठी ने जीती और उपविजेता ठोडा दल लिहाटरू (लिहाट) रहा उन्हें अर्जुन ट्रॉफी पधान की गई। सर्वश्रेष्ठ परिधान व उत्कृष्ट सेवा के लिए ठोडा दल झीना को प्रथम पुरस्कार दिया गया। उत्तम अनुशासन के लिए ठोडा दल जोड़ना को नवाज गया इसके अतिरिक्त चार बजंत्री कलाकार दलों को पुरस्कार दिए गए।



प्रतियोगिता में हिसा लेने वाले लोग।

नेरवा, कुपवी व चौपाल ज़ोन के चार श्रेष्ट दलों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया। जिसमे ठोडा दल सनाई खुंद,शीलू खुंद,खोग खुंद खागना व ठुन्डू (ठुड्ना) अपने फूल में प्रथम आए व सेमीफाइनल के लिए प्रवेश किया। सभी चारो दलों को कंसिलेशन प्राइज दिया गया परम्परागत परिधान के लिए ठोडा दल चंदलोक पजाइक को ट्रॉफ़ी दज गई तथा खुंद ननाहारु व नेवल टिकरी को उत्तम प्रशासन के लिए ट्रॉफ़ी प्रदान की गई। ठोडा प्रतियोगिता में क्षेत्र के 6 प्रमुख लोकनृत्य दलों ने परम्परागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस क्षेत्र का मुख्य आकर्षक उत्तराखंड के दो मशहूर ठोडा दल को आमंत्रित किया गया। मापन समारोह की अध्यक्षता ग्रामीण विकास व पंचायती राज मन्त्री राणा अनुरुद्ध सिंह के कर कमलों द्वारा समापन समारोह और 25 खुन्दों को अपना आशीर्वाद दिया।

# निगम की टीम ने पुलिस दल के साथ किया शहर का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी**

नगर निगम मंडी की टीम द्वारा मंगलवार को शहर का निरीक्षण कर अनाधिकृत रूप से हर कहीं बैठे लोगों को हटाया गया। इस मौके पर टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए तहबाजारियों द्वारा इंदिरा मार्केट की छत पर चेन के साथ बांधे हुए आठ बैड जब्त किए गए।



निरीक्षण करते पुलिस जवान व निगम के कर्मी।

इसके अलावा छत पर प्रवासी लोगों द्वारा बार-बार बैठने और शहर में अनाधिकृत रूप से बैठने और गंदगी फैलाने के दौरान पुलिस बल के साथ गस्त की गई। नगर निगम की टीम ने ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी ने भी नगर निगम के नियमों का अतिक्रमण किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस बारे में नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने कहा कि आए दिन अपनी मर्जी से ही बैड लगाकर सामान बेचा जा रहा है, जिससे आम लोगों को चलने फिरने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर नगर निगम के सफाई निरीक्षक सतीश भी मौजूद रहे।

**फूलों** की सुगंध हवा की दिशा में ही फैलती है, लेकिन इंसान की अच्छाई हर दिशा में फैलती है। –**चाणक्य**

## संपादकीय

# चांदी की चमक

चांदी की चमक अचानक इतनी क्यों बढ़ गई ? यह प्रश्न सबके मन में कौंध रहा है। दिवाली से पहले चांदी की कीमत एक लाख रुपए किलो होना हैरानीजनक है। इससे पहले चांदी में इतनी तेजी कभी नहीं देखी गई। चांदी का इस्तेमाल करने के पीछे कई वैज्ञानिक और आयुर्वेदिक कारण छिपे हुए हैं। दरअसल, चांदी एक अत्यंत शुभ, शीतल और शांतिदायक तथा शाही धातु मानी जाती है, जो हर किसी को अपने ओर आकर्षित करती है। जीवन में चांदी का ज्यादा इस्तेमाल पौराणिक काल से चला आ रहा है। ऐसा माना जाता है कि जिस घर में चांदी के बर्तन होते हैं वहां सुख, वैभव और संपन्नता आती है। ज्योतिष शास्त्र में भी चांदी का संबंध चंद्रमा और शुक्र से माना जाता है। शायद इस वजह से भी लोग अब चांदी को ज्यादा तवज्जो देने लग पड़े हैं। चांदी का महत्व न केवल आभूषण के रूप में है, बल्कि इसे स्वास्थ्य के लिए भी अत्यधिक फायदेमंद माना गया है। चांदी को पहनना न केवल फैशन है, बल्कि यह स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए भी लाभदायक है। विशेषज्ञों को इस साल चांदी की बिक्री पिछले साल के मुकाबले 20 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है, जिसके चलते आने वाले समय में चांदी का भाव सवा लाख रुपए तक पहुंच सकता है।

चांदी की वैल्यू अचानक इतनी बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं। जब भी देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, तो लोगों की आय बढ़ती है और वे अधिक खर्च करने की स्थिति में होते हैं। इससे चांदी की मांग बढ़ती है और इसकी कीमतें भी बढ़ जाती हैं। चांदी का उपयोग कई औद्योगिक उत्पादों में होता है, जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल आदि में। जब इन उत्पादों की मांग बढ़ती है, तो चांदी की मांग भी बढ़ती है और इसकी कीमतें बढ़ती हैं। चांदी में निवेश करना एक अच्छा विकल्प माना जाता है, खासकर जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव होता है। जब लोग शेयर बाजार से निकलकर चांदी में निवेश करते हैं, तो इसकी कीमतें बढ़ती हैं। जब देश में मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो लोग अपनी बचत को सुरक्षित रखने के लिए चांदी में निवेश करते हैं। इससे चांदी की कीमतें बढ़ती हैं। इन कारणों से चांदी की वैल्यू अचानक बढ़ जाती है। यदि चांदी की मांग बढ़ने से इसकी कीमतें बढ़ जाती हैं तो यह आर्थिक विकास का संकेत हो सकता है। पहले चांदी की कीमत सोने की तुलना में कम होती थी, इसलिए इसे उतना अमूल्य नहीं माना जाता था। पहले चांदी का औद्योगिक उपयोग कम था, जिससे इसकी मांग कम थी। पहले निवेश के लिए अन्य विकल्प जैसे कि शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड आदि उपलब्ध थे, जो चांदी की तुलना में अधिक आकर्षक थे, लेकिन अब चांदी की मांग बढ़ रही है और इसकी कीमतें बढ़ रही हैं, जिससे यह एक अच्छा निवेश विकल्प बन गया है। पिछले कुछ समय से चांदी के भाव में जोरदार तेजी देखी जा रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में सोने और चांदी की कीमतों पर कस्टम ड्यूटी घटाई थी। इससे सोने और चांदी के भाव में कुछ कमजोरी दिखी थी, लेकिन अब दोनों कीमती धातुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। कमोडिटी मार्केट के जानकारों का कहना है कि औद्योगिक मांग में तेजी के चलते चांदी की कीमतों में भारी उछाल आया है।

साथ ही, इसे सोने के भाव में तेज उछाल का भी फायदा मिल रहा है। यही नहीं, नई पीढ़ी में चांदी के गहने पहनने का चलन भी बढ़ रहा है। बहरहाल, चांदी की तेजी का रुख मजबूत दिखाई दे रहा है। निवेशक गिरावट को खरीददारी के मौके के तौर पर लेते रहेंगे। इससे आने वाले सत्रों में चांदी को अच्छा समर्थन मिलेगा। जिंस बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी बाजार में जारी तेजी का मुख्य कारण औद्योगिक मांग और सोने में आई तेजी है। दूसरी ओर, सर्राफा कारोबारी सोने की कीमतों में उछाल की वजह त्योहारी और शादी-विवाह के मौसम में बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की खरीददारी में आई तेजी को बता रहे हैं। इसके अलावा, विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ-साथ शेयर बाजारों में गिरावट ने सोने की सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में मांग को बढ़ा दिया। चांदी में यह उछाल न केवल अधिक किफायती कीमती धातु के रूप में इसकी अपील के कारण है, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र और फोटोवोल्टिक अनुप्रयोगों की बढ़ती मांग के कारण भी है। अगले हफ्ते दिवाली है। सोने और चांदी की कीमतों में तेजी इसी तरह जारी रहेगी या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा। ग्राहकों का रुझान इन दोनों कीमती धातुओं के प्रति क्या रहने वाला है यह देखने वाली बात होगी। ■

# जाति के सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करना समय की जरूरत

हम असीम अस्तित्व के अंग हैं, इसलिए लघु से महत होने की संभावनाएं भी हैं। हम शरीरधारी हैं। हमारी पहली सीमा शरीर है। इससे संबंधित बड़ी सीमा परिवार है। परिवार के बाद बड़ी संस्था है समाज। परिवार तक ही सीमित रहे तो समाज से अलग रहते हैं। यूरोप और अमेरिकी समाज परिवार से भी पहले वाली सीमा में हैं। वे व्यक्तिवादी हैं। भारत में परिवार और समाज से राष्ट्रभाव का विकास हुआ है। भारतीय पूर्वज राष्ट्र की सीमा के बाहर भी आत्मीय रूप में संवेदनशील थे। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अनुभूति भारतीय चिंतन से ही निकली है। इसके बाद आकाश, सौरमंडल और फिर असीम ब्रह्म विस्तार का आच्छादन। यहां इकाई अनंत हो गई है। मैं इन पंक्तियों का लेखक भारतीय समाज की जाति सच्चाई के अनुसार ब्राह्मण जाति का हूं। जाति सीमा को तोड़कर बाहर आऊं तो मानव समाज का हिस्सा हूं। हम इसे और गहरे अनुभव करते हैं तो मैं विश्व मानवता का सदस्य। इसे और फैलाता हूं तो प्रकृति का भाग हूं। अब मैं कीट, पतंग और वनस्पति जगत का भी सहोदर हूं। मैं अंततः ब्रह्मांड का हिस्सा हूं। संपूर्णता पूर्ण है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। संपूर्णता आनंदित करती है। संसार का जानना जरूरी है, लेकिन हम स्वयं से पूरा परिचित नहीं हैं। आखिरकार हम हैं कौन ? प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है।

हम ही प्रश्नकर्ता हैं और हम ही उत्तरदाता हैं। मोटे तौर पर हम सबका उत्तर होगा कि हम मनुष्य हैं। मनुष्य का अर्थ है मनु के। मनु का उल्लेख ऋग्वेद में है, अथर्ववेद में भी है। दर्शन अनुभूति में हम चेतन हैं। लोक व्यवहार में हम भारतीय अमेरिकी या जापानी वगैरह भी हैं। हम विराट प्रकृति का अंग हैं। आस्तिकता के कारण हम जरथुस्त्र, ईशा, इस्लाम या भारतीय धर्म के अंग हैं। हमारे बहिरंग परिचय के अनेक रूप हैं। हम पिता हैं, पुत्र हैं। अनेक रिश्तों के बंधन में हैं। अनेक परिचय हैं हमारे। हम किसी न किसी जाति के भी हैं और जाति में होने का कारण हमारा किसी समूह विशेष में जन्म लेना ही है, लेकिन भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होती तो अच्छा होती। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना है। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान कम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लंबे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ. अंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय (1916) में जातियों की उत्पत्ति और संरचना पर शोध प्रस्तुत किया था।


**लेखक :हृदय नारायण दीक्षित**
उ.प्र. विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

उन्होंने कहा था 'प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। वर्ग भी जन्मना नहीं होते। डॉ. अंबेडकर ने कहा कि किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा। वे कहते हैं कि जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन-सा था जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। मैं इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूं। हिंदू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की ? यह एक भिन्न प्रश्न है ? प्रश्न उचित है। ऋग्वैदिक काल में जाति वर्ण नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं।

वर्ण जन्मना नहीं थे। इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्मतिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है। ब्राह्मणों पर जति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। अंबेडकर ने इसी शोध में कहा था, जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गलतियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे, लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी। सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था भी अपने शासित वर्ग के लोगों के बड़े समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकती। जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनीं, लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम भी किए। महात्मा गांधी, डॉ. अंबेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद तथा दयानंद ने भी जाति भेद के विरोध में नवजागरण किया। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब कब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में अगस्त 2001 में नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था।

भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था, लेकिन डॉ. अंबेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है। सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है। राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरुद्ध जन अभियान चलाना चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है, बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है। अपने जिले या राज्य क्षेत्र में किसी के भी प्रतिष्ठित होते ही जाति के प्रश्न उठ जाते हैं। अनुसूचित या अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिष्ठित होने वाले लोग आशावाद भी जगाते हैं। वे वंचित निराश लोगों की प्रेरणा भी वनते हैं। दलित या अन्य पिछड़ा वर्ग होने के बावजूद कोई प्रतिष्ठा का आकाश छू रहा है तो उसी वर्ग के सामान्यजन भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते ? जाति का कोई औचित्य नहीं है। भारत को जातिभेद विहीन समाज बनाना होगा। 'सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय' भारतीय संविधान की उद्देशिका के मूल तत्व है। राजनीतिक न्याय ने मताधिकार दिया है। सरकारें विधायिका के प्रति जवाबदेह हैं। प्रशासन उत्तरदायी नहीं है। वंचित वर्गों के लिए बहुत सारा नीति निर्माण हुआ है तो भी प्रशासनिक संवेदनहीनता के चलते सामाजिक न्याय दूर है। दार्शनिक क्षेत्र में भारत विश्व प्रतिष्ठ है। यहां कण-कण में परमात्मा की बातें कही जाती हैं, लेकिन जन-जन में जाति है और जाति भेद भी है। जाति की चर्चा से बचा नहीं जा सकता। सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करना चाहिए। एकात्मवादी विचार आदर्श है। इस विचार के लिए विमर्श भी जरूरी है। परंपरा के साथ विज्ञान और जाति मुक्त चिंता के साथ जाति समूहों का व्यथा चिंतन भी होना चाहिए। जाति अतिक्रमण का यही मार्ग है। यह काम सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और धर्मगुरुओं को भी करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# उपेक्षा का शिकार हिमाचल का एकमात्र होम्योपैथिक महाविद्यालय

होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय से आखिर सौतेली मां जैसा व्यवहार क्यों हो रहा है और यह सरकारीकरण से उपेक्षित क्यों है ? बात हो रही है उस चिकित्सा महाविद्यालय की जो 2002 में हिमाचल सरकार की अनुमति से सोलन शहर के परिसर में कार्यरत तो हुआ, परंतु आज तक हिमाचल सरकार का संरक्षण नहीं पा सका। यूं तो यह हिमाचल में होम्योपैथिक का एकमात्र चिकित्सा महाविद्यालय है, परंतु बिना किसी हिमाचल सरकार के अनुदान व सहायता के पिछले 23 वर्षों से कई आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं को झेलता हुआ हजारों युवाओं और युवतियों को उच्च होम्योपैथिक चिकित्सा प्रदान कर रहा है।


**लेखक : कटोच रामेश्वर सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार

देश व विदेश में इस होम्योपैथिक महाविद्यालय से उपाधि प्राप्त शिक्षार्थियों के माध्यम से हिमाचल का नाम रोशन हो रहा है। पूर्व जयराम सरकार के स्वास्थ्य मंत्री विपिन सिंह परमार ने इस महाविद्यालय के सरकारीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार करके पारित करवाने का प्रयास तो किया, परंतु वह किस कारणवश वास्तविक रूप न दे पाए ? यह एक प्रश्नचिन्ह अभी तक बना हुआ है। हिमाचलियों को अच्छी तरह ज्ञात है कि करोना महामारी के भयानक प्रकोप को शांत करने के लिए कुमारहट्टी स्थित इस महाविद्यालय एवं चिकित्सालय ने सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाकर जहां करोना का टीकाकरण नहीं हुआ था होम्योपैथिक की कारगर एवं मनुष्य पर ही शोध द्वारा प्रमाणित दवाइयां वितरित करके 92 प्रतिशत सफलता प्राप्त कर हिमाचल के गांव में रह रही गरीब जनता को करोना से निजात दिलवाई और हिमाचल सरकार की स्वास्थ्य संबंधित एक बड़ी समस्या का समाधान भी सस्ती होम्योपैथिक दवाइयों को प्रयोग में लाकर किया।

हिमाचल सरकार द्वारा निरुपयोगी समझे जाने वाले होम्योपैथिक कॉलेज एवं चिकित्सालय ने अन्य चिकित्सा जगत के चिकित्सकों और सरकारी तंत्र से करोना काल के बीच में कंधे से कंधा मिलाकर संपूर्ण बंधुत्व से दिन-रात अपनी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की हैं। सोलन होम्योपैथिक संस्थान 23 साल से दी जा रही चिकित्सा और शिक्षा तथा अन्य रोगों की गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के कारण सरकारीकरण के लिए समर्थ हो चुका है इसलिए वर्तमान समय में शीघ्र ही इसका अधिग्रहण करके सरकारीकरण होना अति अनिवार्य है। प्रदेश में ही नहीं, भारतवर्ष के हर राज्य में कुछ वर्षों से विकास के नाम पर बड़ी ही निम्न स्तर की राजनीति स्थायी घर कर गई है, जहां राजनीतिज्ञ और उनसे जुड़ी 81 प्रतिशत जनता सत्ता से बाहर रहकर तो प्रदेश और देश हित के प्रति सजग एवं निष्ठावान कार्यरत बने रहते हैं, परंतु जैसे ही यह राजनीति से संबंधित लोग सत्ता या सत्तापक्ष में आते हैं, तो वास्तविक विकास के हर कार्य या विषय को नकार देते हैं। सत्ता से बाहर हमारे भारतवर्ष का हर राजनीतिज्ञ वोट लेने के चक्कर में लोक लुभावन वादे करते हैं तथा आश्वासनों, गरीब भारतीय जनतंत्र का पेट अग्रिम पांच वर्ष के लिए भरकर उनका मन हर लेते हैं। फिर क्या, सत्ता में आने के वाद 'तू कौन और मैं कौन' का नजारा हर राजनीतिज्ञ के पटल पर प्रत्यक्ष होता ही है। यह संस्थान अगर सरकार की उपेक्षा का शिकार बना रहेगा, तो उसका उत्तर तो अब हिमाचल की जनता को ही हिमाचल सरकार से लेना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**कविता**



## नियत को साफ रख

*रवींद्र कुमार शर्मा*

*खुला मन है अगर तो खुशियां मिलती जहां की*
*ईर्ष्या अगर मन में है तो रहती हमेशा उदासी है*
*कर्म तेरे अच्छे हैं तो किस्मत तेरी दासी है*
*नियत अच्छी है तेरी तो घर में मथुरा काशी है*
*तन की मैल को तो पानी निकाल ले गया*
*कपड़ों की गंदगी भी साबुन ले जाएगा*
*उजला तन हो गया कपड़े भी उजले हो गए*
*मन में जो गंदगी भरी है उसको कैसे धो पाएगा*
*नियत को साफ रख कर्म भी अच्छे कर ले*
*गुनाहों को छोड़ कर नेकी को गोद में भर ले*
*आखिर में यही काम आनी है तेरे*
*बुरे कार्मों को त्याग कर कुछ अच्छे काम कर ले*
*छोड़ेगा जब बुरे कर्म मन अपने आप अच्छा हो जाएगा*
*मजबूती मन को मिलेगी कोई गम नहीं सताएगा*
*अच्छा करेगा तो आगे भी अच्छा ही मिलेगा*
*बुरा चाहेगा भी कोई तेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा*

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत के ग्यारहवें उपराष्ट्रपति

**भैरोंसिंह** शेखावत भारत के ग्यारहवें उपराष्ट्रपति और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री थे। वे राजस्थान के राजनीतिक क्षितिज पर काफी लंबे समय तक छाए रहे। राजस्थान की राजनीति में उनका जबर्दस्त प्रभाव था। उनके कार्यकर्ताओं ने उन पर एक जोरदार नारा भी दिया, जो इस प्रकार था- 'राजस्थान का एक ही सिंह, भैरोंसिंह....., भैरोंसिंह.....। यह नारा बहुत लंबे समय तक गूंजता रहा था। राजस्थान में जब वर्ष 1952 में विधानसभा की स्थापना हुई थी, तब भैरोंसिंह शेखावत ने अपना भाग्य आजमाया और विधायक बने। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और सफलताएं अर्जित करते हुए विपक्ष के नेता, फिर मुख्यमंत्री और उपराष्ट्रपति के पद तक पहुंच गए। 'भारतीय जनता पार्टी' के सम्माननीय नेताओं में से वे एक थे। भैरोंसिंह शेखावत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव की पाठशाला में ही प्राप्त की। उन्होंने हाई स्कूल की शिक्षा गांव से 30 किलोमीटर दूर स्थित जोबनेर से प्राप्त की। यहां पढ़ने आने के लिए भैरोंसिंह शेखावत को प्रतिदिन पैदल जाना पड़ता था। हाई स्कूल करने के पश्चात् उन्होंने जयपुर के 'महाराजा कॉलेज' में दाखिला ले लिया। उन्हें प्रवेश लिए अधिक समय नहीं हुआ था कि पिता का देहांत हो गया। अब शेखावत जी पर परिवार के आठ प्राणियों के भरण-पोषण का भार आ पड़ा। इस कारण उन्हें हल हाथ में उठाना पड़ा। बाद में पुलिस की नौकरी भी की, लेकिन उसमें मन नहीं रमा और त्यागपत्र देकर वापस खेती करने लगे। वर्ष 1941 में भैरोंसिंह शेखावत का विवाह सूरज कंवर से कर दिया गया। इनकी पुत्री का नाम रतन कँवर है। ■


**भैरोंसिंह शेखावत**
**जन्म :** 23 अक्तूबर, 1923
**मृत्यु :** 15 मई, 2010

## अपनी बात

**नशा** एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तंबाकू और धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम) सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता ही है साथ ही स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी भारी नुकसान पहुंचाता है। नशे के आदी व्यक्ति को समाज में हेय की दृष्टि से देखा जाता है। नशे करने वाला व्यक्ति परिवार के लिए बोझ स्वरूप हो जाता है, उसकी समाज एवं राष्ट्र के लिया उपादेयता शून्य हो जाती है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है तथा शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। नशा अब एक अंतरराष्ट्रीय विकराल समस्या बन गई है। दुर्व्यसन से आज स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग और विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पा लेने में ही मानव समाज की भलाई है। **मंजु शर्मा, मनेड**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# मजहब नहीं सिखाता आपस में वैर रखना! हिंदी हैं हम

सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद दु:ख भाग्ववेत। कितना महान और कितनी उदार है भारतीय संस्कृति की पहचान। भारतीय संस्कृति पूरी सृष्टि में अपने उदार चिंतन और विश्व बंधुत्व की भावना को बनाए रखने में सदैव स्मरणीय है और विश्व को सकारात्मक दिशा और दृष्टिकोण के लिए प्रेरित करती है। वास्तव में हमारे धर्म में किसी भी समुदाय, पंथ, जाति को निम्न और हीन भावना से नहीं देखा जाता है। विवेकानंद जी के शब्दों में 'संसार में सभी धर्म श्रेष्ठ हैं हर धर्म एक दूसरे के लिए सम्माननीय है'। 11 सितंबर 1893 को तीस वर्ष के युवा संन्यासी ने शिकागो की धर्म संसद में धर्म की जो उदार व्याख्या प्रस्तुत की थी वह धार्मिक आस्था के इतिहास में अतुलनीय उदाहरण बन गया था, परंतु कालांतर में हमारे समाज में बढ़ रहे भौतिकवादी दृष्टिकोण, संवेदना हीन हृदय और स्वार्थ सिद्धि की भावना ने धर्म की परिभाषा और व्यवहार को ही विकृत कर दिया है।

धर्म वास्तव में किसी भी प्राणी के सामाजिक जीवन और कर्तव्य की भावना से निहित होता है। भारतीय दर्शन में कभी भी किसी समुदाय तक धर्म को संकुचित और सीमित नहीं किया है। भारतीय दर्शन में सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाए की भावना निहित है। हम सभी लोगों और प्राणी मात्र की भलाई की कामना करते हैं। विगत कुछ वर्षों से हमारे समाज में और राष्ट्र में धर्म की जो तस्वीर प्रस्तुत की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। धर्म के नाम पर आपसी मतभेद, टकराव, दंगा फसाद और हत्याएं एक स्वस्थ समाज के माथे पर कलंक है, जिस से बचा जाना चाहिए। धार्मिक उन्माद और टकराव की घटनाओं का अगर गहराई से मंथन किया जाए।


**लेखक :**विक्रम वर्मा
स्वतंत्र लेखक

तो यह प्रतीत होता है कि ऐसे कृत्यों में सम्मिलित लोगों को न तो धर्म का ज्ञान है और न ही समझ, आस्था और श्रद्धा तो दूर की बात है! ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ राष्ट्र विरोधी शक्तियां सिर्फ अपने स्वार्थ सिद्धि हेतु और अपनी सत्ता और अस्तित्व को बचाए रखने के लिए समाज के निर्धन और जरूरत मंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें धार्मिक उन्माद और कट्टरवाद के गर्त में धकेल रहे हैं और धर्म के आधार पर हमारे समाज और संस्कृति को बांटकर अपना स्वार्थ सिद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं। यह संपूर्ण सृष्टि मानवता की राह देख रही है, संसार के अधिकांश देशों में छिड़ी जंग संसार के विनाश के द्वार खोल रही है। धर्म और संप्रदाय के नाम पर मतभेद और दुश्मनी संसार में एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं जिस से मानवता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। यह इस धरा पर मानव के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए गंभीर चुनौती है।

आज हम भौतिकवादी युग में जी रहे हैं, मानव हृदय से भावनाओं और संवेदनाओं का ह्रास होता जा रहा है। जो कि गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। अगर सभी बातों पर गंभीरता से विचार किया जाए, तो प्रतीत होता है कि यह जो सारे कृत्य कुछ मानसिक रूप से विकृत लोगों द्वारा किए जाते हैं, उनका धर्म से और धार्मिक आस्था और श्रद्धा से दूर-दूर तक कोई भी वास्ता नहीं है। यह मात्र उनकी मानसिकता को दर्शाता है कि किस प्रकार से समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारा को समाप्त कर के अपने स्वार्थ सिद्धि की जाए। हमारा धर्म कभी भी किसी से मतभेद नहीं रखने की भावना रखता है, सभी प्राणियों में सद्भावना को और बंधुत्व की भावना को पल्लवित और पुष्पित करता है। धर्म तो वह भावना है जो एक दूसरे का सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देने का कार्य करता है। वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को बनाए रखता है। भारतीय संस्कृति में यह अद्भुत समावेशी क्षमता है कि यहां पर सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं और विविधता में एकता की भावना को बनाए रखे हुए हैं। धर्म एक जीवन दर्शन है।

जिसमें मानवता को सर्वोच्च सम्मान और महत्व दिया गया है। अगर हम धर्म के नाम पर आपसी मतभेद, हिंसा और उत्पात का मार्ग अपनाते हैं तो हम किंचित मात्र भी धार्मिक नहीं हैं, धर्म हमेशा अहिंसा और समन्वय स्थापित करने का प्रयास करता है। यह धरती यह वसुंधरा ब्रहमांड में एक अद्वितीय ग्रह है जिस पर जीवन संभव है, अन्य किसी भी ग्रह पर नहीं है,यह प्रकृति का अनमोल उपहार है, मगर वर्तमान समय में सत्ता और भौतिकता के मद में चूर इंसान, स्वयं ही मानवता के लिए भयंकर खतरा उत्पन्न कर रहा है ऊपर से धार्मिक भावनाओं की आड़ में मानवता के विनाश की लीला रची रहा है जो गंभीर चिंता का विषय है। वर्तमान समय में मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म मानवता और मानवता की सेवा करना है ताकि धरा पर मानव जीवन का अस्तित्व बना रहे और मानव मात्र खुशहाली के साथ अपने जीवन का आनंद उठा सकें, क्योंकि वसुधैव कुटुंबकम् की भावना हमारे देश की मूल भावना है और हमारा कर्तव्य भी है और यही धर्म है कि अगर हम सच में धर्म में आस्था और श्रद्धा रखते हैं तो सभी प्राणियों में सद्भावना विकसित करने का प्रयास करना चाहिए, यही प्रकृति का भी संदेश है और हमारा दायित्व भी अन्यथा प्रकृति जब अपनी लीला दिखाती है तो उसके आगे मानव का कोई अस्तित्व नहीं है और प्रकृति सर्वोच्च सत्ता है। अत: मानव जीवन में धर्म की सच्ची व्याख्या और व्यवहारिकता को परिलक्षित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि, मजहब नहीं सिखाता आपस में वैर रखना, हिंदी हैं हम,वतन है हिंदोस्ता हमारा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा करना भी राष्ट्र सेवा है

देश के हर व्यक्ति में राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की भावना होनी चाहिए ,क्योंकि राष्ट्र से बड़ा कुछ नहीं है। नागरिक जितने जिम्मेदार होंगे, उस राष्ट्र की महिमा उतनी ही अधिक होगी। राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का योगदान राष्ट्र की प्रगति में सहायक होता है, इसलिए हम जिस भी स्थिति और परिस्थितियों में हों, हमें राष्ट्र प्रेम की ज्योति जलाए रखनी होगी। इस सकारात्मक सोच से ही हमारे देश की व्यवस्था और मौजूदा व्यवस्था में सुधार हो सकता है। हम हर दिन जापान जैसे छोटे से देश को याद करते हैं कि कैसे एक छोटे से देश ने पूरी दुनिया में अपना एक नया मुकाम स्थापित किया है, चाहे वह तकनीक का मामला हो, अनुशासन का, स्वच्छता का या बुलेट ट्रेन का। अपने वर्चस्व की लड़ाई में जापान ने अपने बच्चों और बुजुर्गों का जो साथ दिया है, वह देखने लायक है।

भारत भी बहुत सराहनीय तरीके से विकास कर रहा है और उसने चंद्रयान-3 जैसे मिशन से पूरी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। जब हमारा देश विकसित होगा, तो हम भी विकसित कहलाएंगे और जब हमारे देश का सम्मान होगा, तो हम भी सम्माननीय कहलाएंगे। हमारे सीमा सुरक्षा बल को देश की सुरक्षा की पहली पंक्ति कहा जाता है। मैं यहां स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम सभी नागरिक अपने देश की सुरक्षा की पहली पंक्ति हैं और देश की सुरक्षा के लिए सजग हैं तथा समय आने पर मर मिटने के लिए भी तैयार हैं। युवाओं से अपेक्षा है कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी क्षमता सिद्ध करें तथा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए अपना तथा पूरे राष्ट्र का भला करें। हमारे संविधान में मौलिक कर्तव्यों में उल्लेख किया गया है कि हमें वैज्ञानिक सोच रखनी चाहिए।


**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हमें प्रत्येक जीव के प्रति दया का भाव रखना चाहिए तथा पर्यावरण, वृक्ष, जलस्त्रोतों तथा जीव-जंतुओं की भी रक्षा करनी चाहिए। हम प्रदूषण, भ्रष्टाचार तथा अन्य कुरीतियों को समाप्त करके भी राष्ट्र सेवा का परिचय दे सकते हैं। अंत में मैं यही कहना चाहूंगा कि राष्ट्र सेवा किसी भी प्रकार से की जा सकती है। अपनी भाषा तथा संस्कृति की रक्षा करना भी राष्ट्र सेवा है तथा समाज के उत्थान के लिए कार्य करना भी राष्ट्र सेवा है। 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिलने के बाद, देश के लोगों को यह लगने लगा था कि भारत सरकार द्वारा अब आगे अपने कार्य-कलाप अंग्रेजी भाषा में नहीं किए जाने चाहिए। परंतु प्रश्न यह था कि अंग्रेजी नहीं तो आखिर भारत सरकार किस भाषा में अपना कार्य-कलाप करे ? काफी सोच-विचार तथा विचार-विमर्श के पश्चात 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा हिंदी को सर्वसम्मति से, ध्यान दें कि सर्वसम्मति में किसी पर कुछ थोपने या लादने जैसी कोई बात नहीं होती, संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया तथा इसको अमल में लाते हुए, भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 के ,खंड 1 में यह प्रावधान किया गया कि 'संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।' व 'संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा।'

इस पर भी भारत के बहुभाषी स्वरूप को ध्यान में रखते हुए, अनुच्छेद 343 के, खंड 2 में यह व्यवस्था की गई कि भारत के संविधान लागू होने के 15 वर्ष बाद तक भी संघ के शासकीय प्रयोजनों में अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता रहेगा व खंड 3 ए के अनुसार 15 वर्ष के बाद भी संसद विधि द्वारा अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किए जाने की व्यवस्था कर सकेगी। ज्ञातव्य है कि संविधान के लागू होने के 74 वर्ष बाद तक आज भी अंग्रेजी का प्रयोग जारी है। तो प्रश्न है कि हिंदी को कहां, कब और किस पर थोपा गया। इससे भी आगे बढ़कर संविधान के अनुच्छेद 345 में यह प्रावधान किया गया कि भारत के राज्यों के विधान मंडल, विधि द्वारा उस राज्य में प्रयोग होने वाली भाषाओं में से किसी एक या एक से अधिक भाषाओं को अपने राज्य की राजभाषा या राजभाषाएं बना सकते हैं। इसमें भी हिंदी के लिए किसी प्रकार की कोई जबरदस्ती या दुराग्रह नहीं था। 1963 में जब भारत सरकार द्वारा 'राजभाषा' अधिनियम' लाया गया तो उसकी धारा 3.3 में प्रावधान रखा गया कि केंद्र सरकार के कार्यालयों द्वारा ऐसे सभी दस्तावेज जिनका स्वरूप सार्वजनिक हो अनिवार्य रूप से द्वि-भाषी यानी कि हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किए जाएं न कि केवल हिंदी में।

संविधान में क्योंकि हिंदी को संघ की राजभाषा बनाया गया। अत: इसके अनुच्छेद 351 में हिंदी भाषा के प्रसार को बढ़ाना तथा उसका विकास करना संघ का कर्तव्य तो निश्चित किया गया और इसी सब परिप्रेक्ष्य में संघ द्वारा राजभाषा अधिनियम 1963 तथा राजभाषा नियम 1976 भी लाए गए, परंतु विशेष बात यह है कि भारत सरकार की राजभाषा नीति हिंदी का प्रसार प्रोत्साहन द्वारा किए जाने की रही, राजभाषा नियमों को लागू हुए 42 वर्ष से भी अधिक का समय हो गया है, परंतु आज तक भी सरकार उनको पूरी तरह से लागू किए जाने के लिए प्रयासरत ही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### विभिन्न रबी फसलों के बीज विक्रय केंद्रों में उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रबी फसलों के बीज कृषि विभाग के विक्रय केंद्रों में उपलब्ध हो गए हैं। किसान गेहूं, जौ, बरसीम, मटर सहित अन्य सब्जियों के बीज विभिन्न विक्रय केंद्रों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। चौंतड़ा ब्लॉक में 1200 क्विंटल तो,पधर ब्लॉक में 1400 क्विंटल बीज विक्रय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चौंतड़ा ब्लॉक में 1200 क्विंटल गेहूं का बीज विक्रय का लक्ष्य रखा गया है। उधर विषयवाद विशेषज्ञ कृषि पधर सोनम कुमारी ने बताया कि पधर ब्लॉक में इस बार 1400 क्विंटल गेहूं का बीज विक्रय करने का लक्ष्य रखा गया है।

### हिम आंचल पेंशनर संघ की बैठक 25 को



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ, जिला मंडी की त्रैमासिक बैठक 25 अक्तूबर को जोगिंद्रनगर के सामुदायिक भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन मंडी जिला प्रधान बलीराम ठाकुर की अध्यक्षता में सुबह 10:30 बजे किया जाएगा, जिसमें पेंशनरों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में 75 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों को बकाया राशि की अदायगी, 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते की घोषणा, 28 अक्तूबर को दीपावली से पूर्व पेंशन जारी करने और लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए बजट प्रावधान पर सरकार का आभार व्यक्त किया जाएगा। जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड के अध्यक्ष नेक राम शास्त्री ने बताया कि एक सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा।

### वृद्धावस्था थीम पर सम्मान समारोह आयोजित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** आईटीआई मंडी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए गरिमा के साथ वृद्धावस्था थीम पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मंडी शहर के जाने-माने 15 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। इस दौरान सभी वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अनुभवों को भी कार्यक्रम के दौरान साझा किया। कार्यक्रम के दौरान बीरबल शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वृद्धा अवस्था में कैसे गरिमापूर्ण जीवन जीना चाहिए उद्देश्य था। राजेंद्र कटोच ने बताया गरिमा के साथ वृद्धावस्था थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में 15 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया है।

### राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आज से

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्रों की राज्य स्तरीय खेल को प्रतियोगिता का शुभारंभ और मुख्य संसदीय सचिव ठाकुर सोहनलाल द्वारा 23 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंदर नगर में आयोजित होने वाली इन प्रतियोगिताओं का समापन 25 अक्तूबर को 2 बजे उप मंडलाधिकारी (नागरिक) अमर नेगी द्वारा किया जाएगा।

### स्वयंसेवियों को दी नशे से दूर रहने की सलाह



**अनंत ज्ञान, लेदा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुरूकोठा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गुरूकोठा स्कूल से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मोहिंदर पाल ठाकुर ने शिरकत की। इस दौरान गुरूकोठा स्कूल की प्राचार्य सपना ठाकुर, एसएमसी प्रधान दिलीप सिंह, उपप्रधान नरेश राठौर भी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र चंदेल और निधि सैनी ने 7 दिवसीय कैंप में आयोजित गतिविधियों का ब्यौरा मुख्यातिथि के समक्ष रखा। बेस्ट वालंटियर का खिताब अर्जुन और दिवांशी ने प्राप्त किया और सभी स्वयंसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### कुत्ते को जान से मारने के मामले में केस दर्ज

**सुंदरनगर।** पटसल गांव में पालतू कुत्ते द्वारा एक लड़की को काटने पर गुस्साएं परिजनों ने मालिक के आंगन में घूस कर चेन से बंधे कुत्ते को पत्थरों व रॉड से प्रहार कर मारने का मामला सामने आया है। कुत्ते के मालिक ने सुंदरनगर थाना में इसको लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में सोहन सिंह पुत्र संतराम निवासी गांव पड़सल डाकघर कपाही ने कहा कि कुत्ते को घूमा रहा था। इसी दौरान रुपलाल, उनकी बेटी और उसकी भतीजी सड़क पर घूम रहे थे। उसे देख कर उसका कुत्ता भागने लगा और उसके हाथ से छूट गया और उसने रुपलाल की भतीजी को काट लिया। इसके बाद रुपलाल व उसका भाई लाभ सिंह घर के आंगन में आए और उन्होंने चेन से बंधे कुत्ते पर पत्थरों व लोहे की रॉड से प्रहार कर उसे जान से मार डाला। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### हेल्थ कैंप में 30 लोगों ने करवाया चेकअप



**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम पंचायत भरौण (दुदर) के उप स्वास्थ्य केंद्र बडोग में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य समन्वयक कृतिका शर्मा, आशा कार्यकर्ता सुनीता ठाकुर व सोमा देवी द्वारा लगभग 30 गांववासियों का ब्लड प्रेशर, शूगर, खून की जांच और अन्य सामान्य परीक्षण किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्र द्वारा समय-समय पर विभिन्न गांवों में इस तरह के कैंप लगातार आयोजित किए जाते हैं जहां वरिष्ठ व अन्य नागरिक घर द्वार पर ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

### बस अड्डा सुंदरनगर में बेसहारा पशुओं की भरमार



**भीम बसेड़ू, महादेव।** किरतपुर-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग नंबर-21 से जुड़ा बस अड्डा सुंदरनगर में भी बेसहारा पशुओं की भरमार है। सुंदरनगर शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आते बस अड्डे में पिछले कई वर्षो से यात्रिगण उपेक्षित हालत में दर-दर फिरते इन बेसहारा पशुओं, सांडों आदि से आतंकित हालत में दिख रहे हैं, क्योंकि बहुत बार बेसहारा पशु, यात्रियों को भी सींग मारकर बुरी तरह घायल करते रहे हैं, जिससे भय का माहौल व्याप्त होना स्वाभाविक सी बात है। मजे की बात यह भी है कि सांड पूछताछ काउंटर के नजदीक घूमते-विचरते देखे जा सकते हैं। बात यहीं खत्म नहीं हो जाती बेसहारा पशु नियंत्रण को लेकर सभी प्रदेश में रही सरकारों ने कई बार लोक लुभावने वादे किए तो जरूर, मगर इस दिशा में ऊंट के मुंह में जीरा जितना काम भी नहीं किया, जिससे लोगों में भारी रोष पनपा है। लोगों ने संबंधित विभाग व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि अन्य स्थानों सहित बस अड्डा सुंदरनगर में भी सांडों के आतंक से मुक्ति दिलाई जाए।

---

डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने अधिकारियों से बैठक कर दिए कड़े निर्देश, कहा-

# एफसीए के मामलों का हो निपटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिले भर में लंबित पड़े एफसीए के मामलों को लेकर डीसी मंडी अपूर्व देवगन सक्रिय हो गए हैं। मंगलवार को डीसी मंडी ने एफसीए (फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट) के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त मंडी ने कहा कि जिला में वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के तहत लंबित मामलों का रणनीति बनाकर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय पर एफसीए की मंजूरी न मिलने के कारण विकास परियोजनाओं में अक्सर देरी हो जाती है। एफसीए की मंजूरी के बाद ही विकास कार्यों के लिए विभागों को वन भूमि हस्तांतरित होगी।

इस मौके पर वन विभाग, कोर्ट, लोक निर्माण, जल शक्ति, पर्यटन, शिक्षा, एनएचएआई, पावर कारपोरेशन सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। गौर हो कि मंडी वन वृत में पर्यावरण मंजूरी के लिए पोर्टल परिवेश 1.0 में 182 और परिवेश 2.0 में 78 मामलों सहित 260 मामले लंबित हैं।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी।

#### उपायुक्त ने की सभी मामलों की समीक्षा

**उपायुक्त** ने पर्यावरण मंजूरी के लिए मौजूद 111 मामलों की एक-एक कर समीक्षा की तथा विभागों को इनके निपटारे के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल से हट गए 159 मामलों के निपटारे के लिए संबंधित विभागों को पत्र जारी होंगे।

उन्होंने कहा कि इन मामलों को पुनः अपलोड करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा जरूरी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने वन विभाग को सभी उपयोगकर्ता एजेंसियों के साथ सहयोग करने का भी आग्रह किया, ताकि लंबित मामलों का जल्दी से जल्दी निपटारा हो सके।

#### टिप्पणियों पर जल्द करें कार्रवाई

**डीसी** मंडी अपूर्व देवगन ने लंबे समय से लंबित मामलों के निपटारे के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न स्तरों पर लगाई गई टिप्पणियों पर कार्रवाई करें, ताकि मामलों को स्वीकृति मिल सके। उन्होंने कहा कि मामलों के निपटारे के लिए वन विभाग से तकनीकी सहयोग ले सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिद्धार्थ सरपाल, डीएफओ जिला मुख्यालय अंबरीश शर्मा, डीएफओ मंडी बसु डोगर और नाचन एस.एस. कश्यप सहित जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

#### कई मामले हैं लंबित

**उपायुक्त** ने बताया कि मंडी वन वृत में परिवेश 1.0 में कुल 182 मामले लंबित हैं, जिनमें से 51 में सैद्धांतिक अनुमति स्टेज-1 मिल चुकी है तथा 109 मामले यूजर एजेंसी द्वारा जरूरी विवरण अपलोड न करने पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पोर्टल से स्वतः ही हट गए हैं। डीएफओ स्तर पर केवल 3 मामले लंबित हैं। परिवेश 2.0 में कुल 78 मामले लंबित हैं, जिनमें से यूजर एजेंसी द्वारा आवश्यक विवरण अपलोड न करने पर 50 मामले पोर्टल से हट गए हैं।

## डॉ. अमित को मिली डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर के डॉ. अमित ठाकुर को ज़ाम्बिया के ग्रीनसाइड कॉलेज ऑफ बिजनेस एंड टेक्नोलॉजी ने डॉक्टर ऑफ साइंस की डिग्री प्रदान की है। डॉक्टर ऑफ़ साइंस यानी डीएससी एक मानद उपाधि है जो शोध में अहम और प्रभावशाली योगदान देने वाले छात्रों को दी जाती है।

केमिस्ट्री विषय में पीएचडी डॉ. अमित ठाकुर के नाम अब एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। डॉ. अमित जोगिंद्रनगर उपमंडल की चल्हारग पंचायत के अलमरा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने सरस्वती विद्या मंदिर भराड़ू से अपनी स्कूली शिक्षा की शुरुआत करने के बाद धर्मपुर व जोगिंद्रनगर से स्कूली शिक्षा पूरी की।

उसके बाद धर्मशाला कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की। फिर आगे की पढ़ाई के लिए वह देहरादून चले गए। जहां उन्होंने वर्ष 2013 में एचएनबी विश्वविद्यालय, देहरादून से पीएचडी की डिग्री हासिल की। फार्मा कंपनी से अपने करियर की शुरुआत करने वाले डॉ अमित अब पिछले कई वर्षों से जोगिंद्रनगर में अपना संस्थान चलाते हैं। डॉ अमित की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है।

उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों माता-पिता, बहन, पत्नी व अपने गुरुजनों को दिया है। अपने गुरुजनों को याद करते हुए डॉ अमित ने कहा कि उनके जीवन में प्रोफेसर रमेश दत्त, लेखराज हाजरी, तीरथ राज और पंकज गौतम जैसे गुरुजनों का बहुत बड़ा योगदान है। इनकी वजह से ही आज वह इस मुकाम पर पहुंच पाए हैं।

### 24 अक्तूबर को बिजली रहेगी बंद

**मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू हुकुमचंद ने बताया कि कार्य के दृष्टिगत 24 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठयाना, सदोह, नलहोग, डोलरा-बल्ह, जमाणा, कलोथर, खडकल्याणा, खपरेहड़ा, भलेड़, तरनोह, घेरू, नेरन, थाम्बा रोपड़ी तथा साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के सहयोग की अपील की है।

### सचिन ने पास की यूजीसी नेट व एचपी सेट की परीक्षा



**जोगिंद्रनगर।** मझवाड़ गांव के सचिन जसवाल ने यूजीसी नेट व एचपीपी एससी एचपी सेट की परीक्षा को पास करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सचिन ने यूजीसी नेट की परीक्षा 2024 इसी माह आए परिणाम में पास की जबकि एच.पी सैट 2024 की परीक्षा को भी अभी सितम्बर माह में पास किया है। सचिन के पिता अशोक कुमार वरिष्ठ सहायक बीईईओ जोगिंद्रनगर हैं जबकि माता सुमना देवी गृहणी हैं। उधर, दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन ओम मरवाह तथा अन्य ने बधाई दी।

## महंगाई रोकने में नाकाम केंद्र सरकार : एनके पंडित

- नेताओं के फिजूलखर्चे कम कर खाद्य वस्तुओं में दें सब्सिडी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी सदर कांग्रेस के प्रवक्ता एनके पंडित ने प्रेस को जारी बयान में महंगाई पर केंद्र की मोदी सरकार पर बड़ा राजनीतिक हमला करते हुए कहा कि आलू अर्धशतक और प्याज व टमाटर शतक लगाने को तैयार हैं, लेकिन मोदी सरकार को इसकी कतई फिक्र नहीं है।



एनके पंडित।

एनके पंडित ने कहा कि केवल बीजेपी राजनीतिक रोटियां सेकने में व्यस्त है और दालों के भाव आसमान छू रहे हैं। आज न भाजपा नेत्रियां और न ही नेता लोग सड़कों पर सब्जियों की माला पहने उतर रहे हैं।

एनके पंडित ने हिमाचल की सुक्खू सरकार से इस महंगाई रूपी डायन से छुटकारा दिलवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूरे देश में महिलाओं को 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए। इसके साथ ही नेताओं की फिजूलखर्ची को कम कर खाद्य वस्तुओं के लिए सबसिडी जारी की जाए, ताकि लोग सुकून की जिंदगी जी सकें।

### धर्मपुर में दिव्यांगता शिविर में 140 लोगों ने करवाया चेकअप

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



चेकअप करते हुए डॉक्टर।

सिविल हॉस्पिटल धर्मपुर में एक दिवसीय दिव्यांगता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन के विशेषज्ञ, नाक, कान, गला व साइकोलॉजी डॉक्टरों ने दूर पार से आए दिव्यांगों की जांच की।

इसमें लगभग 140 दिव्यांगों ने अपना चेकअप करवाया। निशुल्क जांच के साथ दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मपाल, वेल्फेयर आफिसर संजय कुमार, दिव्यांग कल्याण संस्था के उपाध्यक्ष मिनाल ठाकुर व ज्ञान चंद शर्मा तथा सलाहकार सुनील शर्मा उपस्थित रहे।

वहीं दिव्यांग कलयाण संस्था की प्रधान हेमलता पठानिया ने स्वास्थ्य विभाग का कैंप आयोजित करने के लिए आभार जताया है।

### छात्रों ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में हासिल किया प्रशिक्षण

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, सुंदरनगर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) जोगिंद्रनगर के 103 ऑटोमोबाइल विषय के व्यावसायिक छात्रों ने चार दिवसीय ऑन-जॉब प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य आशीष कौड़ा ने बताया कि व्यावसायिक प्रशिक्षक रंकज कुमार और बेअंत के नेतृत्व में छात्रों ने ऑटोमोबाइल विषय का गहन अध्ययन किया और व्यावहारिक अनुभव से लाभान्वित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी क्षेत्र में व्यवहारिक ज्ञान और कार्यकुशलता प्रदान करना था। संस्थान के ऑटोमोबाइल विभाग के प्रमुख रवि सांख्यान, प्रवक्ता विक्रांत शर्मा ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

## प्रदेश सरकार कर रही जनता को गुमराह: इंद्र सिंह गांधी

**अनंत ज्ञान, मंडी**



समीक्षा बैठक का शुभारंभ करते हुए इंद्र सिंह गांधी।

भाजपा बल्ह मंडल के पदाधिकारियों ने सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक की।

मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राणा ने बैठक की अध्यक्षता की। भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि बल्ह विधानसभा मे अभी तक 19600 के लगभग सदस्य बन गए है। यह अभियान 30 तारीख तक चलेगा और बल्ह विधानसभा के साथ साथ पूरे मंडी जिला में और लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाकर पार्टी के साथ जोड़ा जाएगा। इस बैठक में विशेष रूप से बल्ह विधानसभा के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने भाग लिया।इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि आज प्रदेश सरकार पूरी तरह फेल सरकार है। आज सभी वर्ग प्रदेश की सुक्खू सरकार से दुखी है।

### कून स्कूल में बांटा कंप्यूटर पर ज्ञान

**धर्मपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय कून में कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग के अंतर्गत बबीता कुमारी स्थानीय निवासी कून जो कि वर्तमान में पीजीडीसीए उपरांत सुंदरनगर में अध्यापन का कार्य करती हैं। उन्होंने स्थानीय पाठशाला के बच्चों और अध्यापकों के सम्मुख कंप्यूटर के उपयोग एवं विभिन्न क्षेत्रों में पढ़ाई करके विद्यार्थी किन क्षेत्रों में अपना भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने बच्चों को दसवीं कक्षा उपरांत किस किस विषय को चुनना है और 12वीं कक्षा के बाद कंप्यूटर के क्षेत्र में किस प्रकार हम रोजगार हासिल कर सकते हैं।

### राजस्व एवं बागवानी मंत्री मंडी जिला के प्रवास पर

**मंडी।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी मंडी जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार बागवानी मंत्री 23 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के जड़ोल पहुंचेंगे और वहां स्थित बागवानी उपज प्रसंस्करण एवं विपणन निगम लिमिटेड (एचपीएमसी) के वाइन प्लांट का उद्घाटन करेंगे।

बागवानी मंत्री सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग स्थित बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय का निरीक्षण करेंगे, तत्पश्चात वे कुल्लू जिला के लिए प्रस्थान करेंगे।

## धर्मशाला और सुंदरनगर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**उमेश, सुंदरनगर**



अंतर महाविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में धर्मशाला ने पीजी सेंटर शिमला को 187 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ धर्मशाला ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

बुधवार को सेमीफाइनल में धर्मशाला का मुकाबला मेजबान महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर के साथ होगा। वहीं आज के मैच में शिमला की कप्तान शिवाली ठाकुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। लेकिन यह निर्णय पूरी टीम पर भारी पड़ गया। प्रतियोगिता के प्रेस संयोजक व एचपीसीए अंपायर अनिल गुलेरिया ने बताया कि बुधवार को एमएलएसएम कॉलेज और धर्मशाला कालेज में सेमीफाइनल मुकाबला होगा।

### अग्निवीर भर्ती के लिए एडमिट कार्ड जारी

**मंडी।** भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय, मंडी डीएस सामंत ने बताया सेना में अग्निवीर भर्ती के लिखित परीक्षा में उर्तीण उम्मीदवारों को शारीरिक परीक्षा में भाग लेने के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि एडमिट कार्ड उम्मीदवार के पंजीकृत ईमेल पर भी भेजे गए हैं।

उन्होंने बताया यह भर्ती रैली मंडी, कुल्लू तथा लाहौल स्पीति के युवाओं के लिए 18 से 24 नवंबर तक मंडी में पड्डल मैदान में आयोजित की जाएगी। भर्ती रैली में मंडी, कुल्लू तथा लाहौल स्पीति जिलों के लिखित परीक्षा में उर्तीण उम्मीदवार भाग ले सकते हैं।

### भारत की पैदल यात्रा कर लिखेंगे संस्कृति और सभ्यता पर पुस्तक : रोविंग

**भीम बसेड़ू, महादेव**



भगवान बुद्ध की पावन स्थली कुशीनगर गोरखपुर निवासी 25 वर्षीय रोविंग सनोज घर से पैदल ही भारत भ्रमण पर निकल पड़े हैं। हाथ में तिरंगा झंडा थामे और पीठ पर करीब 25 किलो भार लादे रोविंग सनोज जो केमिकल इंजीनियर भी है।

इस दौरान उन्होंने बहुत ही सहज होकर बताया कि वे देश की संस्कृति एवं सभ्यता से परिचित होने के साथ अन्य लोगों को परिचित कराने के लिए एक पुस्तक निकालना उनकी भावी योजना में शामिल है, जिसे वे अपना सौभाग्य समझेंगे वहीं उन्हें आत्मसंतुष्टि भी मिलेगी।किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले रोविंग ने अपना नाम सनोज कुमार कुशवाह भीम बताया जो स्वयं को राम भगवान का वंशज भी मानते हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मंदिरों में अनेकों भगवती दुर्गा माता के यहां मत्था टेका वहीं कुल्लू में पांच दिन ठहरकर कुल्लू दशहरा उत्सव का लुत्फ उठाया साथ ही मनु महाराज, बिजली महादेव, हिडिंबा माता आदि के दर्शन कर स्वयं को भाव विभोर बताया।

## नगर निगम में विश्व प्रसिद्ध डॉ. नीना कपूर सम्मानित

**अनिल शर्मा, मंडी**



डॉ. नीना कपूर को सम्मानित करते हुए महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा।

नगर निगम मंडी में विश्व प्रसिद्ध डॉ. नीना कपूर के सम्मान में एक साधे समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने डॉ. नीना कपूर को शॉल व पहाड़ी टोपी पहनाकर सम्मानित किया। बता दें कि डॉ. नीना कपूर कैलिफोर्निया अमेरिका में कार्यरत हैं और मूल रूप से मंडी के समखेतर मुहल्ला से हैं। पिछले लंबे समय से अमेरिका में रक्त और मज्जा प्रत्यारोपण पर शोध कर रही हैं। विश्व के जाने माने टॉप टेन डॉक्टरों में शामिल डॉ. नीना कपूर की गिनती अमेरिका में दूसरे और विश्व में 10वें स्थान पर की जाती है। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार मुरारी शर्मा, इंटैक के संयोजक नरेश मल्होत्रा, सह संयोजक अनिल शर्मा, जगदीश कपूर, पार्षद निर्मल वर्मा, नीरज शर्मा, पारुल अरोड़ा, विनोद बहल, अजय सहगल व डॉ. नीना कपूर के परिजन उपस्थित रहे।

डॉ. नीना कपूर ने अमेरिका में बाल चिकित्सक की विशेषज्ञता प्राप्त की, तदोपरांत रक्त और मज्जा प्रत्यारोपण पर शोध करना आरंभ किया। डॉ. नीना कपूर ने एक बार कैंसर पीड़ित मरीज की कीमोथेरेपी होनी थी, लेकिन 14 वर्षीय कैंसर पीड़ित लड़की बालों को लेकर दुखी थी। इस पर डॉ. नीना कपूर ने उसे आत्मबल प्रदान करने के लिए अपने ही बाल कटवा दिए, जिस कारण उस लड़की का इलाज सफल रहा। (अनंत ज्ञान)

---

**उपलब्धि** बाल विज्ञान मेले में जिले भर में 3600 बच्चों ने लिया भाग, सदर में 372 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# रेणुका ने पेशीय बल से तैयार की बिजली, अरिंदम ने पर्यावरण पर दिखाई जागरूकता

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी जिला के सभी उप मंडलों में एक दिवसीय बाल विज्ञान मेले का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर के 3600 बच्चों ने भाग लिया। मंडी शहर के बाल स्कूल में भी उपमंडल सदर 1 और 2 का कार्यक्रम इकठ्ठा आयोजित किया गया जिसमें 372 बच्चे भाग ले रहे है जिसमें जूनियर, सीनियर और सीनियर सेकेंडरी लेवल पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल स्कूल मंडी की प्राचार्य जयश्री कपूर ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान 135 टीमें बनाई जाएगी जिसमें 2 बचें हर हर ब्लॉक से होंगे और 81 बच्चे मैथ ओलंपियाड में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना है ताकि बच्चे विज्ञान में नई खोज कर सके और उनमें विज्ञान के प्रति सोचने की क्षमता बढ़े। वहीं खलाणू हाई स्कूल से बाल मेले में आई रेणुका ने पेशीय बल से तैयार होनें वाली एनर्जी का मॉडल तैयार किया जिसमें जीम, मॉल, और ओपन एयर जिम आदि जगहों पर स्थापित करके बिजली तैयार की जा सकती है। रेणुका ने बताया कि सुबह के समय जब जिम जाते है और कसरत करते है उसमें कसरत के साथ बिजली भी तैयार हो सकती है और जिसमें एक ही समय पर दो फायदे मिल सकते है। रेणुका के मॉडल को देखने के लिए बार बार बच्चे और अध्यापक उसके पास आ रहे थे।



अरिंदम मॉडल और अध्यापक के साथ ।

### 430 बाल वैज्ञानिकों ने दिखाया हुनर

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** पीएमसी राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में उपमंडल स्तरीय बाल विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 73 स्कूलों के 430 बाल वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया, जबकि 70 जूरी सदस्यों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया। मेले में विज्ञान प्रश्नोत्तरी, गणित ओलंपियाड और मॉडल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्थानीय उपमंडल अधिकारी मनीष चौधरी रहे, जबकि स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर, इवेंट्स कोऑर्डिनेटर चांदराम, देवेंद्र कुमार और भूपेंद्र कुमार ने सभी प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया। गणित ओलंपियाड में वानिका और तरुण रहे अव्वल गणित ओलंपियाड के वरिष्ठ वर्ग में पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की वानिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

### गाली-गलौज करने पर मामला दर्ज

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में खेत से लौट रहे महिला के साथ गाली गलौज करने व थूकने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी अनुसार निशा देवी (35) पत्नी यशवंत सिंह निवासी गांव नाटन डाकघर स्यांजी तहसील सुंदरनगर ने थाना में दर्ज कराई । प्राथमिकी में कहा कि उसके पड़ोसी मोहन पुत्र हुकमिया, गोलू व छोटू पुत्र दुर्गा दास ने साथ गाली गलौज कर दिया और साथ ही पत्थर मारने लगे। जब वह अपने घर के अंदर आई तो इन लोगों ने उसके घर की ग्रिल तोड़ को तोड़ गिया और पति के साथ भी लड़ाई झगड़ा और मारपीट शुरू। डीएसपी भारत भूषण ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

## तुंगल के संजय पटियाल बनेंगे कर्नल

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

कोटली उपमंडल में पंचायत सुराडी के गांव सिकणमट निवासी संजय पटियाल को भारतीय सेना में कर्नल की पदोन्नति के लिए अनुमोदित किया गया है। वर्तमान में वे महाराष्ट्र के प्रमुख सैनिक स्कूल चंद्रपुर में लेफ्टिनेंट कर्नल उप प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं।



तुंगल के संजय पटियाल।

दिसंबर 2007 में तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम 104 के माध्यम से भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त करने के बाद एसबी-3 चयन बोर्ड की ओर से कर्नल के पद पर पदोन्नति के लिए उनकी संस्तुति की गई है। संजय पटियाल की स्कूलिंग महाराष्ट्र में हुई है। वहीं से इन्होंने फिजिक्स में एमएससी पास किया। इनकी माता सरला पटयाल, पत्नी पूजा पटयाल, दो बेटियां वैष्णवी व यशस्विनी हैं। भारतीय सेना में सेवाएं देते हुए पिछले 17 वर्षों के कार्यकाल में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षक, सेना मुख्यालय में स्टाफ अधिकारी, भारत चीन सीमा पर चीनी अनुवादक और दुभाषिया तथा विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में शिक्षा अधिकारी के तौर पर उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

अब जबकि वह भारतीय सेना में कर्नल का प्रतिष्ठित पद हासिल करने जा रहे हैं तो न केवल तुंगल क्षेत्र बल्कि पूरे मंडी जिला सहित प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग आज

**ऊना।** निदेशक परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग प्रक्रिया 23 अक्तूबर को निर्धारित की गई है। यह जानकारी देते हुए एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने बताया कि प्रशासनिक कारणों के चलते ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग करने की समय सारणी में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि 23 अक्तूबर को ड्राइविंग टेस्ट प्रातः 10.30 बजे और वाहनों की पासिंग बाद दोपहर 2.30 बजे होगी।

### सरकार बदले की भावना से कर रही कार्य : भुट्टो



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** प्रदेश की सुक्खू सरकार कुटलैहड़ में बदले की भावना से कार्य करने पर उतर चुकी है और मेरे के बाद अब मेरे समर्थकों पर झूठे केस बनाकर उन्हें प्रताड़ित करने पर तुली हुई है और उपमंडल बंगाणा प्रशासनिक अधिकारी सरकार और विधायक की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। उन्हें ज्ञात नहीं कि अब भाजपा की सरकार बनेगी और हमने एक-एक अधिकारी के नाम की लिस्ट बना ली है, बहुत जल्द कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हक की लड़ाई अब सड़कों पर आने वाली है। कुटलैहड़ भाजपा सक्रिय सदस्यता की बैठक में मुख्य तिथि पहुंचे कुटलैहड़ के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो की अध्यक्षता में 64 से ज्यादा सक्रिय भाजपा नेताओं ने सदस्यता ली। भुट्टो ने संबोधन कहा कि यह भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं। भुट्टो ने कहा कि जल शक्ति विभाग के अधिकारी कुटलैहड़ के विधायक को खुश करने के लिए दो इंच की 367 मेन लाइन से पाइप डालकर उनके होटल को पानी की सप्लाई दी जा रही है। अनुसूचित जाति के गांव का ट्रांसफॉर्मर होटल के आगे लगाया जा रहा है। अपने चाहतों को बंद कमरे में टेंडर वितरित किए जा रहे हैं, ऐसा गौरखधंधा आज तक कुटलैहड़ में नहीं देखा गया है, जो वर्तमान समय में हो रहा है। इस मौके पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, राज्य भाजपा कार्यकारणी सदस्य मनोहर लाल शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, जिला महिला मोर्चा की महामंत्री सुषमा ठाकुर, जिला पार्षद सदस्य निशा भुल्लर, उपप्रधान जीवन शर्मा, कु टलैहड़ भाजपा महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, राज्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव सूरम सिंह, कैप्टन प्रीतम डडवाल, पूर्व प्रधान रमेश शमा के अलावा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर को संवारा

**ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल टकारला में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के तहत बच्चों ने स्कूल की क्यारियों में से खरपतवार निकाल तथा फूलों के पौधों को खाद बगैहरा डालकर पानी भी दिया । प्रत्येक बच्चे ने तीन-तीन पौधे अपने हिस्से में लिए जिनकी वे हर रोज देखरेख करें। स्कूल के पानी की निकासी की नाली भी साफ की गई तथा स्कूल के चारों ओर की झाड़ियां की सफाई करके स्वच्छता का संदेश भी दिया। प्रधानाचार्य अनिल बख्शी ने बताया कि बच्चों ने स्वच्छता का संदेश देने के लिए पंचायत के दो वार्डो में रैली भी निकाल दूसरे सैशन योग प्रशिक्षक संदीप कुमार ने योग का महत्व बच्चों को समझाया। मुख्य अतिथि के रूप में डा. इतिश्री ने शिरकत की तथा बच्चों को स्वस्थ जीवन संतुलित आहार व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बच्चों से बातचीत की गई तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया। उन्होंने कहा की आदि से अधिक बीमारियां भगाने के लिए अपने आसपास और अपने शरीर की सफाई रखना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर स्टाफ के अन्य सदस्यों के साथ कार्यक्रम अधिकारी जसविंद्र कुमार और मंजू बाला भी उपस्थित रहे।

# ऊना से अंबोटा ट्रांसफर होगा स्टेट ऑफ आर्ट प्रशिक्षण संस्थान

## अधिसूचना जारी, विधायक राकेश कालिया ने तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी से उठाया था मसला

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर रोजगार हासिल करने में सक्षम बनाने वाला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्टेट आफ आर्ट राजकीय प्रशिक्षण संस्थान गगरेट अरसे बाद गगरेट से ही संचालित होगा। अब तक राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी का शिकार यह संस्थान बेशक गगरेट के लिए स्वीकृत था, लेकिन इसे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना के साथ चलाया जा रहा था।

विधायक राकेश कालिया द्वारा यह मामला तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के साथ उठाने के बाद अब इस संस्थान को डॉ. बीआर अंबेडकर बहुतकनीकी संस्थान अंबोटा में शिफ्ट करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस संस्थान के यहां शिफ्ट हो जाने से स्थानीय युवाओं को तो लाभ होगा ही बल्कि अब विधानसभा क्षेत्र गगरेट में एक नहीं बल्कि दो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हो जाएंगे। स्टेट ऑफ आर्ट राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गगरेट के लिए कई साल पहले स्वीकृत हुआ था। भवन के अभाव में इस संस्थान को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना में ही चलाया जा रहा था।



शिफ्ट करने का पत्र बहुतकनीकी संस्थान के प्राचार्य को सौंपते विधायक कालिया।

इस संस्थान के लिए अलग से इंस्ट्रक्टर व मनिस्टिरियल स्टाफ की भी व्यवस्था की गई थी। कई साल तक यह संस्थान ऊना में ही चलता रहा, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने युवाओं के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभा सकने वाले इस संस्थान को गगरेट में स्थापित करवाने पर ध्यान नहीं दिया। इस संस्थान में डीजल मैकेनिक, मोटर व्हीकल मैकेनिक व मोटर व्हीकल इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रानिक मैकेनिक के डिप्लोमा कोर्स करवाए जाते हैं। जिनके लिए कुल 68 सीटें भी स्वीकृत हैं।

गगरेट में कोई उपयुक्त जगह इस संस्थान के लिए नहीं होने के चलते यह संस्थान भले ही गगरेट के लिए स्वीकृत हुआ था, लेकिन इसे ऊना में चलाया जा रहा था। मामला विधायक राकेश कालिया के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को देखते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी से गगरेट के लिए स्वीकृत संस्थान को गगरेट में ही चलाने का आग्रह किया।

तकनीकी शिक्षा मंत्री के हस्तक्षेप के बाद तकनीकी शिक्षा निदेशक अक्षय सूद ने इस संस्थान को अब डॉ. बीआर अंबेडकर बहुतकनीकी संस्थान अंबोटा में चलाने के आदेश जारी कर दिए। जो ट्रेड इस संस्थान में चलाए जाएंगे, उसकी सारी मशीनरी भी यहां स्थानांतरित की जाएगी। विधायक राकेश कालिया ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में भी दक्ष हाथों की जरूरत है और इस संस्थान के यहां से संचालित होने से क्षेत्र के युवा भी तकनीकी रूप से दक्ष होकर रोजगार पाने के काबिल बन सकेंगे।

# दियोली में पियक्कड़ टोलियों के विरुद्ध गगरेट पुलिस की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गगरेट क्षेत्र में अब शाम ढलते ही पैग सेल करने वालों व खुलेआम सड़के किनारे, रेहड़ी, दुकान व खड्डों के आसपास मदिरापान करने वालों की खैर नही है।

अनंत ज्ञान **खबर का असर**

सोमवार शाम गगरेट पुलिस की टीम ने दियोली घनारी गांवों की सीमा पर दबिश दी। जहां मदिरापान के शौकीन अधिकतर प्रवासी ग्रामीण रास्तों के किनारे खुलेआम लालपरी का आनंद उठाने में मशगूल व्यस्त थे। इस बारे कई बार आने जाने ग्रामीण पंचायतों से सुधार के मांग करते आ रहे थे, लेकिन यह सिलसिला नहीं रुक रहा था। मामला ध्यान में आते ही गगरेट थाना प्रभारी सन्नी गुलेरिया सोमवार शाम गांववासियों के लिए समस्या बनते जा रहे पियक्कड़ों को नसीहत दी व रेहड़ी वालों को चेतावनी देकर भविष्य में ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी ।

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो पुलिस के एक्शन में आते ही कई पियक्कड़ प्रवासी बोतलें गिलास वही छोड़कर भागते नजर आए। क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग सरदीप, दीपू, नरेन आदि ने पुलिस की इस कार्रवाई को काबिलेतारीफ बताया है और अनंत ज्ञान अखबार का समस्या उठाने पर आभार व्यक्त किया है।


खाकी से बेखौफ, खुले में छलकते हैं जाम

अनंत ज्ञान, घनारी

जहां प्रशासन की ओर से नशे के खिलाफ मुहिम चलाकर लोगों और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए हजारों रुपए खर्च कर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में पोस्टरों और बैनरों द्वारा जागरूक किया जा रहा है।

गगरेट के समीप खुली जगह पियक्कड़ और नशेड़ी महफिल सजाए हुए।

इस तस्वीर में इन पियक्कड़ों की करतूत स्पष्ट उजागर होती है, वहीं इनकी महफिलों के स्थान के साथ गांव को जाने वाले रास्तों पर बच्चे, महिलाएं व आम ग्रामीण जाने में भय भी महसूस करता है।

अनंत ज्ञान में छपी खबर के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

### पंजावर-बाथरी सड़क के आंशिक भाग पर वाहनों की आवाजाही 4 महीने के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली खड्ड पर 36 मीटर सिंगल स्पैन पुल के निर्माण कार्य के चलते पंजावर-बाथरी सड़क (टी-13) के किलोमीटर 23/0 से 28/0 तक के हिस्से पर वाहनों की आवाजाही आगामी 4 महीने और 8 दिनों के लिए बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। वहां वाहनों की आवाजाही 22 अक्तूबर से 28 फरवरी, 2025 तक प्रतिबंधित रहेगी ताकि सड़क और पुल निर्माण का कार्य सुचारु रूप से और बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके।

उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। यातायात को वैकल्पिक मार्गों जैसे मोहल्ला डोला, गांव रोड़ा के लिंक रोड, गांव समनाल के लिंक रोड और हरोली बस स्टैंड से आईपीएच रेस्ट हाउस हरोली मार्ग की ओर मोड़ा जाएगा। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

# सरकारी स्कूलों में मिल रही प्राइवेट स्कूलों जैसी सुविधाएं : विधायक विवेक



बंगाणा स्कूल में दो दिवसीय बाल विज्ञान कांग्रेस मेले के समापन पर मौजूद गणमान्य।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरगामी सोच से अब राज्य के हर सरकारी स्कूल में प्राइवेट स्कूलों की पूरी सुविधाएं मिल रही हैं, जिस की बदौलत सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ रही है और वह दिन दूर नहीं, जब हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर होगा।

ये शब्द कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा में 32वीं दो दिवसीय बाल विज्ञान कांग्रेस मेले के समापन पर मुख्यातिथि शिरकत करके संबोधन में कही। इस मेले में कुल 49 पाठशालाओं के छात्रों ने भाग लिया और विभिन्न विज्ञान गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय विधायक विवेक शर्मा थेजब कि प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर एसएमसी के पूर्व अध्यक्ष विपिन सजन, विज्ञान अध्यापक संघ के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रकेश धीमान, उपनिदेशक सोमलाल, प्रदेश कांग्रेस सचिव देसराज मोदगिल, एस एम सी प्रधान राजेश ठाकुर भी मौजूद रहे।

### गगरेट अपर में बड़ी माली का खिताब बब्बू परागपुर के सिर सजा

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट की ग्राम पंचायत अपर गगरेट में आयोजित छिंज मेले में बड़ी माली के खिताब के लिए हुए रोमांचक मुकाबले में बड़ी माली का खिताब बब्बू परागपुर के नाम रहा। छोटी माली का सेहरा विशाल घुमारवीं के सिर सजा। एकदिवसीय इस छिंज मेले में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विधायक राकेश कालिया ने छिंज मेले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विजेता व उपविजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया। यहां बड़ी माली के लिए खिताबी भिड़ंत बब्बू परागपुर व रिक्की भंजाल के बीच हुई, जिसमें बड़ी माली का खिताब बब्बू परागपुर के नाम रहा। बब्बू परागपुर को पुरस्कार के तौर पर 61 सौ रुपए नकद व गुर्ज देकर सम्मानित किया गया जबकि बड़ी माली में उपविजेता रहे रिक्की भंजाल को 51 सौ रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। छोटी माली के लिए खिताबी भिड़ंत विशाल पहलवान व गोपी पहलवान के बीच हुई। जिसमें विशाल पहलवान ने बाजी मारी, जिन्हें 41 सौ रुपए नकद व बाल्टी तथा उपविजेता रहे गोपी पहलवान को 31 सौ रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर उपप्रधान आशीष शर्मा, धीरज वशिष्ठ, गुरमेल सिंह, राज कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### अनुसूचित जाति आयोग में ऐसे कदम उठाएंगे कि इनकी छाप धरातल पर नजर आए : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि आयोग दबे व पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि आयोग का अध्यक्ष पद ग्रहण करना जिम्मेदारी का काम है। वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात करने के बाद अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे और आयोग के कार्य को समझ कर भविष्य के लिए ऐसे कदम उठाएंगे कि इनकी छाप धरातल पर नजर आए। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए कांग्रेस हाईकमान के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट किया है। कुलदीप कुमार ने कहा कि उनकी नियुक्ति के साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी साबित किया है कि उनकी कथनी व करनी में अंतर नहीं है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ जो वादा किया था, उसे पूरा करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि बेशक वह कांग्रेस संगठन में सेवाएं देने के साथ प्रदेश कैबिनेट में भी बतौर उद्योग मंत्री सेवाएं दे चुके हैं लेकिन इससे पहले जो जिम्मेवारियां उन्हें मिलीं, अब मिली जिम्मेदारी उनसे बिलकुल अलग है। आयोग के अध्यक्ष के तौर पर उनका कार्यकाल याद किया जाए इसके लिए वह प्रयास करेंगे। आयोग का मुख्य उद्देश्य आपसी सामंजस्य के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने का होगा।

### जन्मजात विकारों की समयबद्ध जांच अनिवार्य : सीएमओ

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला ऊना द्वारा आज जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं में पाए जाने वाले जन्मजात विकारों की समयबद्ध जांच, प्रारंभिक प्रबंधन और रेफरल पर एकदिवसीय पुनः प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने की। उन्होंने बताया कि जन्मजात विकारों की समय पर जांच और उचित चिकित्सा न की जाए, तो ये विकार असाध्य हो सकते हैं। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम नवजात शिशुओं की सेहत में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होते हैं और जन्मजात विकारों से बचाव एवं प्रबंधन के प्रयासों को मजबूती प्रदान करते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएच हरोली के शिशु विशेषज्ञ डॉ. मनमीत सैनी ने नवजात शिशुओं की जांच, उनमें पाए जाने वाले जन्म दोषों, उनके प्रारंभिक प्रबंधन और रेफरल पर विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न अस्पतालों से शिशु विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, अन्य चिकित्सक और स्टाफ नर्सों ने भी हिस्सा लिया।

# ऊना जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में नवंबर माह में होंगी विशेष ग्राम सभाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में नवंबर महीने में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 को पारित करना है। उपायुक्त जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए विकास खंड वार विशेष ग्राम सभाओं का विस्तृत कैलेंडर जारी किया है। इसके मुताबिक विकास खंड गगरेट की ग्राम पंचायत गुगलैहड़ और बढ़ेड़ा राजपूतां में 4 नवंबर को ग्राम सभा की विशेष बैठकें लगेंगी।

5 नवंबर को जाडला कोयडी और लोहारली, 6 नवंबर को कुठेड़ा जसवालां और अमलैहड़, 7 नवंबर को रामनगर कुनेरन, 8 नवंबर को नकडोह और कैलाश नगर, 11 नवंबर को गगरेट अप्पर और अंबोटा, 12 नवंबर को गणु मंदवाड़ा और भंजाल लोअर, 13 नवंबर को भंजाल अप्पर और बड़ोह, 14 नवंबर को कलोह और बबेहड़, 16 नवंबर को रायेपुर और मरवाड़ी, 18 नवंबर को टटेहड़ा और ओयल, 19 नवंबर को जोह और सलोह

**डीसी ने विकास खंड वार विशेष ग्राम सभाओं का विस्तृत कैलेंडर जारी किया**

वैरी, 20 नवंबर को गोंदपुर बनेहड़ा लोअर और मवा सिंधिया, 21 नवंबर को मवां कोहलां और चलेट, 22 नवंबर को गोंदपुर बनेहड़ा अप्पर और ब्रह्मपुर, 23 नवंबर को डंगोह खुर्द और डंगोह खास, 25 नवंबर को पिरथीपुर और भद्रकाली, 26 नवंबर को अभयपुर और संघनेई, 27 नवंबर को दियोली और घनारी तथा 28 नवंबर को नंगल जरियाला और अम्बोआ में ग्राम सभा की विशेष बैठकें आयोजित होंगी।

विकास खंड हरोली के तहत 4 नवंबर को ग्राम पंचायत नगनोली, लोअर पंजावन, पंजावर, पंडोगा और ईसपुर में ग्राम सभा की विशेष बैठकें लगाई जाएंगी। 5 नवंबर को सलोह, घालूवाल, बढ़ेड़ा, बढ़ेड़ा लोअर और कांगड़ में, 6 नवंबर को हरोली, भदौड़ी, पालकवाह, कर्मपुर और ललड़ी, 7 नवंबर को बाथू, बटकलां, बाथड़ी, सिंगा बीटन, 8 नवंबर को गोंदपुर बुल्ला, हीरानगर, पोलियां बीत, कुठारबीत और पूबोवाल, 11 नवंबर को भदसाली, भदसाली हार, रोड़ा, समनाल और कुंगड़त, 12 नवंबर को खड्ड, भैणी खड्ड, धर्मपुर, सैंसोवाल और चंदपुर, 13 नवंबर को नंगलखुर्द, दुलैहड़, भंडियारा, बालीवाल और छेत्रां तथा 14 नवंबर को हलेडा विलना, हीरा और गोंदपुर जयचंद में ग्राम सभा की विशेष बैठकें आयोजित होंगी।

विकास खंड अंब के अंतर्गत अंदौरा अप्पर और भगड़ा पंचायत में 4 नवंबर को विशेष बैठकें रखी गई हैं। 5 नवंबर को चौआर और घेबट-बेहड, 6 नवंबर को कुठेड़ा खैरला और छपरोह, 7 नवंबर को चरूडू और धर्मशाला महंतां, 8 नवंबर को धुसाड़ा और मंदोली, 11 नवंबर को बेहड जस्वां और धर्मशाला महंतां खास, 12 नवंबर को दियोली और हंबोली, 13 नवंबर को मुबारिकपुर और भैरा, 14 नवंबर को अंदौरा लोअर और भटेड़, 16 नवंबर को डूहल बटवालां और घंघरेट, 18 नवंबर को अंब टिल्ला और बधमाणा, 19 नवंबर को खरोह, नैहरी नौरगा, 20 नवंबर को धंदड़ी और त्याई, 21 नवंबर को सपौरी, नारी चिंतपूर्णी, राजपुर जस्वां, 22 नवंबर को मैड़ी खास और पोलियां पुरोहितां, 23 नवंबर को कलरूही, गिंडपुर मलौन और रिपोह मिसरां, 24 नवंबर को ज्वार, शिवपुर और सिद्ध चलेहड़, 25 नवंबर को ज्वाल और नन्दपुर, 26 नवंबर को कुठियाड़ी, कटोहड़ कलां और टकारला, 27 नवंबर को लोहारा लौअर, जबेहड़ और सूरी, 28 नवंबर को डूहल बंगवाला, लडोली और ठठल, 29 नवंबर को लोहारा अप्पर, प्रम्ब और सारड़ा तथा 30 नवंबर को स्थोतर और कटोहड़ खुर्द में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी।

इसके अलावा विकास खंड बंगाणा की वोहरु, चुल्हड़ी, थड़ा और बल्ह खालसा ग्राम पंचायतों में 4 नवंबर को ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 पारित करने के लिए विशेष ग्राम सभा की बैठकें करवाई जाएंगी। 5 नवंबर को चंगर, प्रोईयां कलां, रायपुर और दोबड़, 6 नवंबर को बुढवार, बल्ह, मंदली और छपरोह कलां, 7 नवंबर को मोमन्यार, थानाकलां, टीहरा और पलाहटा, 8 नवंबर को कठोह, डीहर, धनेत और अम्बेहड़ा धीरज, 11 नवंबर को बडूही, बैरियां, चौली और जोल, 12 नवंबर को सोहारी, टकोली, चौकी खास और पल्लियां, 13 नवंबर को करमाली, खरयालता, अरलूखास और जसाना, 14 नवंबर को हटली केसरू, सुकडीयाल, पीपलू और सिहाना, 16 नवंबर को चमियाड़ी, मुच्छाली, डोहगी और धतोल, 18 नवंबर को धुंदला, मलांगड़, तनोह व लठियाणी तथा 19 नवंबर को बुधान और ढयुंगली पंचायतों में विशेष बैठकें आयोजित होंगी।

### विकास खंड ऊना के अंतर्गत यहां-यहां आयोजित होंगी बैठकें

विकास खंड ऊना के अंतर्गत सभी पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 पारित करने के लिए ग्राम सभा की विशेष बैठकें लगाई जाएंगी। इस कड़ी में 4 नवंबर को अजनौली और कुरियाला, 5 नवंबर को अरनियाला लोअर, अरनियाला अप्पर और बसाल लोअर, 6 नवंबर को बटूही, बसाल अप्पर और धमांदरी, 7 नवंबर को डंगोली, चलोला और नंगल सलांगड़ी, 8 नवंबर को डठबाडा, देहलां लोअर और झूडोवाल, 11 नवंबर को कोटलाकलां लोअर, कोटलाकलां अप्पर और बसोली, 12 नवंबर को कोटला खुर्द, लालसिंगी और अबादा वराना, 13 नवंबर को लमलैहड़ी, मदनपुर और चताड़ा, 14 नवंबर को नारी, पनोह ओर रैंसरी, 16 नवंबर को रायपुर सहोडा, रामपुर और सासन, 18 नवंबर को कुठारकलां, कुठार खुर्द और झलेड़ा, 19 नवंबर को झंबर, मलाहत और लमलैहड़ा, 20 नवंबर को मैहतपुर, नंगड़ा और अजौली, 21 नवंबर को समूरकलां और बरनोह, 22 नवंबर को सुनेहरा, टब्बा और बडैहर, 23 नवंबर को बदोली और बड़साला, 25 नवंबर को बहडाला, भडोलियां कलां और बीनेवाल, 26 नवंबर को भटोली, चड़तगढ़ और छतरपुर, 27 नवंबर को देहलां अप्पर, फतेहपुर और उदयपुर, 28 नवंबर को जखेड़ा, जनकौर और खानपुर, 29 नवंबर को टक्का और त्यूड़ी तथा 30 नवंबर को मजारा, मलूकपुर, सनोली और बनगढ़ में विशेष बैठकें आयोजित होंगी।

**मंथन** प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना की संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

# कर्मचारियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कर्मचारी सरकार व प्रशासन की रीढ़ हैं और सरकार के कार्यक्रमों, कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों को धरातल पर कार्यान्वित करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। यह बात उपायुक्त जतिल लाल ने मंगलवार को बचत भवन ऊना में हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना की संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग 30 मांगों पर चर्चा की गई।

उपायुक्त ने सभी कर्मचारियों को पूर्ण पारदर्शिता, निष्ठा, तत्परता व ईमानदारी तथा अनुभवों से समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से जो भी सुविधाएं कर्मचारियों के लिए अपेक्षित होंगी, उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी आपसी तालमेल से कार्य करें, जिससे विकास को नई दिशा तथा प्रशासनिक कार्य प्रणाली को और गति मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारी नेताओं ने जो भी मांगें जिला स्तर पर उठाई हैं, तर्कसंगत हैं। अतः इनका



जेसीसी की बैठक में उपस्थित उपायुक्त जतिन लाल और अन्य गणमान्य।

संबंधित विभाग त्वरित हल सुनिश्चित करें तथा आगामी बैठकों में इस मामलों दोबारा उठाने की आवश्यकता न पड़े, जबकि कर्मचारियों की राज्य स्तर की समस्याओं को इनके समाधान के लिए शीघ्र भेजने का आश्वासन दिया।

महासंघ द्वारा चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ को रात्रि ड्यूटी के दौरान सुरक्षा उपलब्ध करवाने की मांग पर उपायुक्त ने बताया कि जिले के 100 बेड या इससे अधिक क्षमता वाले अस्पतालों में पहले से ही 24 घंटे सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गई है और अन्य चिकित्सा संस्थानों पर सुरक्षा के लिए मामला राज्य सरकार के पास विचाराधीन है, तब तक रात्रि समय में जिले के चिकित्सा संस्थानों में पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए। सरकारी आवासों की मरम्मत बारे उठाए गए मुद्दे पर उपायुक्त ने कहा कि रक्कड़ कालोनी स्थित अधिकतर आवासों की मरम्मत की जा चुकी है, जबकि शेष सरकारी आवास जिनकी मरम्मत होनी है, को मरम्मत होने के उपरान्त ही आवंटित किया जाए।

इसके अलावा राजस्व कालोनी के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है तथा इसके निर्माण के लिए विभाग अन्य औपचारिक्ताओं को शीघ्र पूरा करके प्रेषित करे ताकि मामले को सरकार के समक्ष बजट प्रावधान हेतु प्रस्तुत किया जा सके, जबकि एनजीओ विश्राम भवन को 5 कनाल भूमि आवंटित कर दी गई है, जिस पर चारदीवारी का काम भी कर दिया गया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को इसके भवन के लिए व्यय अनुमान तैयार करने के निर्देश दिए ताकि मामले को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि जो दुकानदार और रेहड़ी वाले अपनी रेट लिस्ट डिस्प्ले नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बैठक में सहायक आयुक्त वरिंद्र कुमार, ऊना के एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान और बंगाणा के एसडीएम सोनू गोयल, डीएसपी अजय ठाकुर, सीएमओ डॉ. राजीव और विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महासचिव राजेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष रमेश ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा सिंह सहित जिला ऊना सहित सभी विकास खंडों के कर्मचारी प्रतिनिधि और अन्य कर्मचारी नेता भी उपस्थित थे।

**जेसीसी की बैठक में अधिकारी स्वयं हों उपस्थित**

उपायुक्त ने इस बैठक में कुछ विभागों के अधिकारियों द्वारा स्वयं उपस्थित न होकर अपना प्रतिनिधि बैठक में भेजने का कड़ा संज्ञान लिया और कहा कि इस बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा होती है, लिहाजा सभी अधिकारियों को अपनी उपस्थिति ऐसी बैठकों में सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने विभिन्न विभागों में चल रहे खाली पदों को भरने का मामला सरकार के साथ उठाए जाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने उपायुक्त जतिल लाल का स्वागत किया और कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं व मांगों के समाधान के लिए तत्परता, व्यक्तिगत रुचि दिखाने व सकारात्मक सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट किया।



## न्यूज ब्रीफ

### छन्नीखोड के पास पार्वती नदी में शव बरामद

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में छन्नीखोड़ के पास पार्वती नदी में एक शव बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कुल्लू अस्पताल लाया गया है। शव की पहचान और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकियन गोकुल चंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पार्वती नदी किनारे लोगों ने एक शव पड़े हुए देखा, तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### लाहौल में 100 रिक्त पदों पर 25 को होगी भर्ती

**कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी लाहौल-स्पीति मनोरमा देवी ने कहा कि मैसर्ज एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड आरटीए बिलासपुर द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के 100 रिक्त पदों की भर्ती की मांग इस कार्यालय को अधिसूचित की गई है। भर्ती के लिए कैंपस साक्षात्कार जिला रोजगार कार्यालय लाहौल-स्पीति स्थित केलांग और उपरोजगार कार्यालय उदयपुर में आयोजित करवाए जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता दसवीं पास, लंबाई 168 सेमी और उससे अधिक तथा आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान 16,500 से 19,500 रुपए मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ है। योग्य पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित दिनांक 25 को सुबह 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय स्थित केलांग में और 26 को सुबह 10:30 बजे उपरोजगार कार्यालय उदयपुर मे पहुंच कर कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार हिमाचल प्रदेश के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो और यदि पंजीकृत नहीं है तो ऑनलाइन अपना पंजीकरण करवा लें तथा इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वह ऑनलाइन पंजीकरण के लिए पोर्टल www.eemis.hp.nic.in पर जाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू 01902-222522 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बाल अधिकारों से संबंधित विषयों को बताया




**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में आपदाओं और आपात स्थितियों में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लाहौल-स्पीति ने बाल सुरक्षा भारत के तकनीकी सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने की। डीसी ने कहा कि आपदाओं और आपात स्थितियों में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों पर एक प्रभावी निगरानीतंत्र की जरूरत है। बाल्यावस्था को प्रभावित करने वाले कारण जैसे हिंसाए, घरेलू हिंसा, बाल तस्करी, बाल श्रम, प्रताड़ना तथा शोषण आदि मामलों पर अंकुश लगाने के लिए कार्यशालाएं एवं जागरूकता शिविर ही सशक्त माध्यम हैं। बाल तस्करी करने तथा बच्चों में मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए हम सभी का सामूहिक दायित्व है। कार्यशाला में बाल सुरक्षा भारत (बीआरबी) के संसाधन व्यक्तियों निवेदिता सिंह, मिर्जा तौसीफ बेग, सुनील कुमार ने आपदाओं और आपात स्थितियों में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से बताया। कार्यशाला में सहायक आयुक्त संकल्प गौतम मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोशन लाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय डोगरा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरानंद बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविंद्र ठाकुर और महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, पुलिस और अग्निशमन सेवा के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

### राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए वंशिका का चयन

**कुल्लू।** व्यास संस्कृत महाविद्यालय रघुनाथपुर कुल्लू की छात्रा वंशिका का चयन शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता में राष्ट्र स्तर के लिए हुआ है। स्टूडेंट की इस उपलब्धि के लिए कॉलेज प्रबंधन समिति व प्राध्यापकों ने कॉलेज में एक अभिनदन समारोह का आयोजन किया। इस अभिनदन समारोह में इन छात्रों ने अपने अनुभवों को भी कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों के साथ व्यक्त किया और कहा कि आप सभी विद्यार्थी साथियों को भी इस तरह की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए और अपने ज्ञान में हमेशा वृद्धि करते रहना चाहिए। गत दिनों शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी कॉलेजों में विख्यात व्यास संस्कृत महाविद्यालय रघुनाथपुर कुल्लू के छह विद्यार्थियों ने विजन फार विकसित भारत के लिए शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया था। यह प्रतियोगिता भारतीय शिक्षण मंडल युवा आयाम द्वारा प्रांत स्तर पर बिलासपुर स्थित शिवा कॉलेज आफ एजुकेशन घुमारवीं में आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता में प्रांत स्तर पर व्यास संस्कृत महाविद्यालय रघुनाथपुर कुल्लू के बलदेव, विपाशा शर्मा, वंशिका ठाकुर, मोनिका ठाकुर, मेनका ठाकुर और सुनीता ठाकुर इन छह विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन छह विद्यार्थियों का शोध पत्र लेखन में मार्ग दर्शन कॉलेज के दर्शनाचार्य डॉ. पुरुषोत्तम लाल ने किया था। बलदेव, विपाशा शर्मा, वंशिका ठाकुर, मोनिका ठाकुर और सुनीता ठाकुर इनके शोध पत्र लेखन को प्रांत स्तर पर उत्तम पाया और इनके इस कार्य के लिए इन्हें प्रांत स्तर पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता में हिमाचल के ग्यारह विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ, जिसमें एक छात्रा व्यास संस्कृत कॉलेज की भी है। अभिनंदन समारोह के दौरान इन विद्यार्थियों के शोध पत्र लेखन के मार्ग दर्शन करने वाले दर्शनाचार्य ने कहा कि इस तरह की विविध प्रतियोगिताओं में सभी विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, जिससे ज्ञान में वर्धन होता है।

# 45 साल से बन रही तलाड़ा-कुल्हागाड़ सड़क

## सड़क के नाम पर लगी सिर्फ शिलान्यास पट्टिका, ग्रामीणों ने निजी भूमि की दान

**अनंत ज्ञान, सैंज**

ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रत्येक गांव को सड़क से जोड़ने का दावा करने वाली सरकार का व्यावहारिक पक्ष सत्य से कितना परे है, इसकी मिसाल बंजार के तहत आने वाली तलाड़ा व भलाण पंचायत में देखने को मिलती है, जहां दोनों ओर रोड तैयार है, किंतु बीच में बजट खत्म बताया जा रहा है। हैरानी की यह है कि ग्रामीणों ने अपने स्तर पर उक्त सड़क की डीपीआर, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से क्लीयरेंस तथा निजी भूमि दान की है, लेकिन सड़क का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है।

मजे की बात यह है कि तलाड़ा-कुल्लागाड़ सड़क का शिलान्यास तीन बार हो चुका है, लेकिन लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली इस सड़क में सवाल उठा रही है। वर्ष-1978 से तलाड़ा-कुल्हागाड़ निर्माणाधीन सड़क मार्ग पिछले 48 वर्षों से निर्मित हो रही है, लेकिन सात किलोमीटरलंबे इस मार्ग में अभी तक मात्र 500 मीटर हिस्सा बन पाया है। लिहाजा ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सम्मानित करने का फैसला लिया है। पंचायत भलाण के प्रधान पूर्ण चंद, उपप्रधान भोजराज, पूर्व प्रधान टीकम राम पहाड़िया, गीता देवी ने विभाग पर सवाल दागते हुए बताया कि लोगों ने कई वर्ष पूर्व सड़क के लिए गिफ्ट डीड की है, ताकि ग्रामीणों के कृषि उत्पाद व अन्य नकदी फसलों को मंडियों तक सुगमता के साथ पहुंचाने में मदद मिलेगी, लेकिन विभाग व सरकार ने 45 वर्षों में सड़क के नाम पर सिर्फ शिलान्यास के पत्थर ही जड़े हैं। पंचायत प्रधान पूर्ण चंद ने बताया कि अधर में लटके सड़क के निर्माण कार्य से दो पंचायत के लोग परेशान हैं, जबकि ग्रामीणों का गुस्सा फूटने वाला है। हर वर्ष बरैहिन, घाट, राऊगी, बागी, परगना, खनियारगी, फलोहू, माटाकोतना, मठैणा, माहली, कीमण, नौणू आदि गांवों के किसानों, बागवानों तथा आम जनता को सड़क सुविधा न होने के चलते भारी परेशानी मोल लेनी पड़ती है। सड़क सुविधा के अभाव में ग्रामीणों की नकदी फसलें खेतों में ही सड़ जाती हैं।


तलाड़ा-कुल्हागाड़ सड़क।

पंचायत के उपप्रधान भोजराज ने बताया कि चुनाव के दौरान उक्त सड़क बड़ा मुद्दा बनती है, लेकिन सरकार बनने के बाद मामला ठंडा पड़ जाता है, जो कि चिंता का विषय है। पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि पिछले पांच दशकों से बन रही तलाड़ा कुल्हागाड़ संपर्क सड़क के लिए बजट का प्रावधान कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए, ताकि तीन पंचायतों के लोगों को सड़क सुविधा का लाभ मिल सके। उधर, इस बारे जब लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता चमन सिंह ठाकुर से बात की तो उन्होंने बताया कि उच्च सड़क के लिए बजट का प्रावधान किया जा रहा है तथा जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में दो दिनों में 53 शोध पत्रों का व्याख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू कॉलेज में मंगलवार को पर्वतीय पारिस्थितिक तंत्र जैव विविधिता केंद्रीय विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ।

दो दिनों तक चले छह सत्रों में 53 शोध पत्रों का वाचन किया गया। मंगलवार को पहला सत्र का विषय जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र सेवा था, जिस पर एनईईआरआई नागपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शालिनी ध्यानी, बीजीएसबी विश्वविद्यालय, राजौरी, जम्मू कश्मीर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. श्रीकर पंत और कुमायूं विश्वविद्यालय, नैनीताल के प्रोफेसर आशीष तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए। दूसरा सत्र जैव विविधता में स्वदेशी ज्ञान पर केंद्रीत था, जिसमें आरसीएफसी जोगिंद्रनगर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अरूण चंदन, राजकीय महाविद्यालय, मंडी की डॉ. तारा और केवीएन बजौरा की डॉ. चंद्रकांता ने वक्तव्य दिया। तीसरे सत्र में एचएफआरआई, शिमला के वैज्ञानिक डॉ. विनीत जिस्टा ने कृषि व वन में जैव विविधता विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। चौथा सत्र जैव विविधता में नवाचार पर केंद्रीत रहा। इस दौरान रीजनल सेंटर फॉर बायो टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रेम सिंह कौशल और एसपीयू मंडी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हितेश कुमार ने अपने-अपने विचारों से अवगत करवाया।

प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 6 सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें 53 शोध पत्रों का वाचन हुआ। इस दौरान हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. एसएस सामंत, डॉ. बृजबाला, प्रो. सोम किशन, प्रो. जय प्रकाश, डॉ. मान सिंह, प्रो. राजेश, डॉ. आशीष, डॉ. शुभम दीप, डॉ. अश्वनी, डॉ. सुनील, डॉ. संतोष ठाकुर, प्रो. पूजा सोहल, प्रो. रवि, प्रो. नंदिनी आदि उपस्थित रहे।

# कल से लाहौल-स्पीति के प्रवास पर रहेंगे जनजातीय विकास मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी वीरवार से लाहौल-स्पीति के प्रवास पर रहेंगे।



सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जगत सिंह नेगी 24 अक्तूबर को सुबह 11 बजे एकलव्य आवासीय विद्यालय परिसर कुकुमसेरी में शैक्षणिक खंड एवं स्टूडेंट्स के छात्रावास भवन की आधारशिला रखेंगे। शाम 5 बजे उपमंडल पांगी के लिए रवाना होंगे और 26 को केलांग मुख्यालय में 11:45 बजे पूर्वाहन डीसी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में परियोजना सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे और वन अधिकार अधिनियम-2006 की बैठक की भी अध्यक्षता करेंगे। मंत्री का रात्रि ठहराव केलांग में रहेगा। 27 को वह केलांग से काजा के लिए सुबह 9 बजे रवाना होंगे। 28 को सुबह 10 बजे रंगरीक में निर्माणाधीन 2 मेगावाट सोलर प्लांट का निरीक्षण करेंगे और 11 बजे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में परियोजना सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के उपरांत वन अधिकार अधिनियम 2006 की बैठक की भी अध्यक्षता करेंगे। रात्रि ठहराव विश्राम गृह ताबो में रहेगा और 29 को कल्पा किन्नौर के लिए रवाना होंगे।

# जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला मुख्यालय केलांग में स्थित पुलिस लाइन में जिला लाहौल-स्पीति पुलिस की जेसीसी एवं क्राइम रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने की।

बैठक में उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय राज कुमार, प्रभारी पुलिस थाना उदयपुर मुकुल शर्मा, प्रभारी पुलिस थाना केलांग सहायक पुलिस उपनिरीक्षक मलकीत सिंह, प्रभारी थाना काजा उपनिरीक्षक पवन कुमार एवं सभी चौकी प्रभारी मौजूद रहे। इस मिटिंग में जवानों के वेलफेयर से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और उनकी समस्याओं का समाधान निकाला गया। इसके साथ ही मासिक क्राइम रिव्यू मीटिंग में अपराध नियंत्रण और संबंधित मामलों पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न एनजीओ ग्रेड-1 और 2 को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, एक सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में जिला पुलिस की सहायता के लिए आईटीबीपी के अधिकारी को भी प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी अद्वितीय समर्पण और बहादुरी के लिए दिया गया, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन सफल हो सका।



### इन्हें प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

**एएसआई** अनुप कुमार, एएसआई कृष्ण लाल, एएसआई ओम प्रकाश, एचसी अजय कुमार, एचसी मुनीश कुमार, एचएचसी हंस राज, सीटी संदीप भारती, सीटी दुनी चंद, सीटी खुशाल ठाकुर, सीटी/डीवीआर डिंपल कुमार, एचएचसी विजय कुमार, विजयेंद्र, शाखा प्रबंधक एचपी ग्रामीण बैंक केलांग।

### बचाव कार्य के लिए इन्हें किया सम्मानित

**एएसआई** उत्तम चंद, सीटी अविनाश, सीटी कपिल, सीटी पवन, सीटी अमरजीत, इंस्पेक्टर रोहित सिंह राठौर, द्वितीय बटालियन आईटीबीपी, सीटी/जीडी श्याम सिंह, द्वितीय बटालियन आईटीबीपी, सीटी/जीडी दीपेंद्र सिंह, द्वितीय बटालियन आईटीबीपी, सीटी/जीडी विंदर नारायण शुक्ला, द्वितीय बटालियन आईटीबीपी, एचसी/डीवीआर राम वीर, द्वितीय बटालियन आईटीबीपी, सीटी/मेड प्रवीण कुमार नेगी, द्वितीय बटालियन आईटीबीपी।

# दशहरा उत्सव से वापस बागी कोठी पहुंचे देवता श्रृंगा ऋषि


देवता श्रृंगा ऋषि व देवता मार्कंडेय ऋषि लाहुंड का भव्य देव मिलन।

**शीला कौल, बंजार**

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के समाप्त होने के पश्चात अब देवी-देवता अपने-अपने देवालयों में विराजमान होने लग गए हैं।

गौर रहे कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के शुभारंभ पर बंजार घाटी के देवालय सुन पड़ गए थे पर दशहरा उत्सव समापन पर अब सभी देवी-देवता अपने मंदिरों में विराजमान हो गए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को बंजार की पांच कोठी के आराध्य देवता श्रृंगा ऋषि लाव-लश्कर ढोल-नगाड़ों की थाप पर अपने मंदिर बागी कोठी में देर शाम विराजमान हो गए हैं। बंजार आगमन पर देवता का भव्य स्वागत किया गया। देवता के साथ-साथ बलागाड़ पंचायत के गांव लाहुंड मार्कंडेय ऋषि भी बंजार नगर पहुंचे, तो देवता श्रृंगा ऋषि के साथ उन का भव्य मिलन हुआ। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भाग लेने के पश्चात अब कलवारी घाटी के आराध्य लक्ष्मी-नारायण ,माता गाड़ा दुर्गा बंदल, देवता लक्ष्मी नारायण पझारी, देवता शेष नाग जीभी आदि अपने देवालय में पहुंच गए हैं।

## आज होगा दो देवताओं पिता व पुत्र का भव्य महामिलन

**कुल्लू।** कुल्लू के गदौरी में दो देवताओं (पिता व पुत्र) का भव्य देवमिलन होगा और इस देवमिलन के सैकड़ों लोग साक्षी बनेंगे। जी हां, मंडी जनपद के आराध्य बड़ा देव कमरुनाग पहली बार अपने भक्त के बुलावे पर कुल्लू आए हैं और बुधवार को बड़ादेव कुल्लू के गदौरी पहुंचेंगे।

बड़ादेव कमरुनाग के साथ उनके पुत्र देवता बालाटिका टूंग्रा भी कुल्लू आ रहे हैं। गदौरी में देव बड़ा कमरुनाग व देव बालाटिका का आपस में मिलन होगा और इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए सैकड़ों लोग उत्सुक हैं। लोगों का कहना है कि इससे पहले देव कमरुनाग कब कुल्लू आए हैं, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। कुल्लू के बुजुर्गों के अनुसार बड़ा देउ कमरुनाग का रथ 100 साल से भी पहले कभी आया होगा, लेकिन उन्होंने ऐसा सुना नहीं है। वहीं, देउ के भक्त जसवंत शर्मा व रमेश शर्मा और उनके समस्त परिवार ने लोगों से अपील की है कि सभी इस दिव्य और अलौकिक मिलन के साक्षी बनने के लिए बुधवार को देव बाला टिक्का मंदिर परिसर गदौरी में सादर आमंत्रित हैं। देवता के आगमन पर बुधवार शाम और वीरवार को ब्रह्मभोज का आयोजन किया जाएगा और इस देवकारज में सभी आमंत्रित हैं।

# देवता विभांडक के नए गुर बने जलोड़ा के यादवेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंजार**



बंजार उपमंडल की साजवाड़ पंचायत के गांव सोझा में देवता विभांडक ऋषि के नए गुर का चयन देवता की अनुमति के पश्चात किया गया।

देवता द्वारा पुराने गुर के निधन के पश्चात नए गुर (देवता के आदेश को सुनाने वाले) का चयन किया जाता है। देवता के नए गुर के रूप में यादवेंद्र सिंह पुत्र केहर सिंह गांव जलोड़ा को देवता के नए गुरु के रूप में देव विधि अनुसार देवता द्वारा चुना गया। आचार्य देव प्रकाश शर्मा, कारदार टेक सिंह ठाकुर, पुजारी पद्म सिंह, जय सिंह जीवा नंद आदि ने बताया कि देवता के नए गुर चुनने के पश्चात गाडू की रस्म को अदा किया जाता है, जिसके लिए देवता के मुख्य स्थल भंडार में जाकर कुल पुरोहित आचार्य देव प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में गाडू और रिचा की रस्म को निभाया गया। उसके पश्चात देवता का रथ लगभग 13000 फुट की ऊंचाई पर लांभरी जोत पर ढोल-नगाड़ों की थाप पर जाकर दूसरी रस्म गाडू रिचा को निभाया। वह शक्तियां अर्जित करने के पश्चात देवता वापस दूसरे दिन गांव सोझा पहुंचे जिस के पश्चात मंगलवार को देव भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान देवता के हारयान, देवलू, श्रद्धालु मौजूद रहे ।

**स्टॉल** 10 दिवसीय राष्ट्रीय सरस मेले का सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने किया शुभारंभ

# सजा सरस मेला, 55 हस्तशिल्पी ले रहे भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के ढालपुर रथ मैदान में राष्ट्रीय सरस मेले का आगाज हो गया है। ग्रामीण विकास परियोजना अभिकरण ( डीआरडीए ) के सौजन्य से आयोजित हो रहे 10 दिवसीय इस सरस मेले का मंगलवार को मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश के 55 के करीब हस्तशिल्पी अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य संसदीय सचिव ने मेले में विभिन्न विभागों व स्वयं सहायता समूहों की ओर से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने संबोधन में मेले में पहुंचे सभी हस्त शिल्पियों का स्वागत किया।




रथ मैदान में राष्ट्रीय सरस मेले के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि सीपीएस सुंदर ठाकुर के साथ अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग।

उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय दशहरा पर्व के बाद अब इस मेले के आयोजन से बहुत से लोगों को रोजगार मिलेगा और इनकी आजीविका में बढ़ोतरी होगी। सीपीएस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान भी देश के विभिन्न इलाकों से हस्तशिल्प से जुड़े हुए लोग यहां पहुंचे थे, लेकिन अब सरस मेले के माध्यम से भी यहां लोगों को कई राज्यों की हस्तशिल्प उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा कई स्वयं सहायता समूह के द्वारा भी यहां प्रदर्शनी लगाई गई है, जिससे इन समूह की आर्थिकी भी मजबूत होगी। हिमाचल सरकार भी हस्तशिल्प और हथकरघा को प्रोत्साहित कर रही है और उनके संवर्धन के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं, जिसका हस्तशिल्प और हथकरघा से जुड़े लोगों को फायदा मिल रहा है। भविष्य में ढालपुर की मुख्य सड़क के यातायात को रोजाना सायं सर्कुलर रोड से चलाया जाएगा तथा मुख्य सड़क को मालरोड के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां पर स्वयं सहायता समूह अपने उत्पाद बिक्री कर सकेंगे।

इस अवसर पर डीसी तोरुल एस रवीश, जिला ग्रामीण विकास परियोजना अधिकारी डॉ. जयवंती ठाकुर, अरण्यपाल कुल्लू संदीप शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। लिहाजा, कुल्लू में इस बार देश दुनिया से आए लोगों के अलावा स्थानीय लोगों को दशहरे के दौरान बहुत कुछ नया देखने को मिल रहा है और लोग व्यापारिक मेले के अलावा अब राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले में भी जमकर खरीददारी करेंगे।

### हस्तकला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा आयोजन

**हस्तकला** को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दशहरे के बाद सरस मेला आयोजित किया जा रहा है। ढालपुर मैदान में व्यापारिक मेले में सामान की खरीददारी के लिए जहां सैकड़ों की संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। वहीं, मंगलवार से रथ मैदान में शुरू हुए इस सरस मेले में भी नए-नए हस्तनिर्मित उत्पादों की खरीददारी के लिए लोग पहुंचे। सीपीएस ने जिले के लोगों से अपील की है कि इस अनूठे मेले का जरूर हिस्सा बनें और विभागों व अन्य समूहों के कार्यों की भी सराहना करें ।

# अभिनव कश्यप को एबीवीपी कुल्लू इकाई की कमान


कुल्लू कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई की ओर से हाल ही में कुल्लू कॉलेज में छात्र संघ चुनाव करवाए गए, जिसमें एबीवीपी के कार्यकर्ता अभिनव कश्यप को एबीवीपी कुल्लू इकाई अध्यक्ष चुना गया।

अभिनव कश्यप की नेतृत्व क्षमता और समर्पण के मद्देनजर छात्रों ने उनपर विश्वास जताते हुए उन्हें इकाई अध्यक्ष की कमान सौंपी है। वहीं, कुल्लू इकाई की नई कार्यकारिणी में मोनिका ठाकुर सचिव, अखिल नेंगी को भुंतर तहसील संयोजक, समीक्षा शर्मा को कुल्लू तहसील संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा नवीन ठाकुर व इशु विष्ट, अंशुल, रितिका शर्मा, निशित चौधरी, धीरज को उपाध्यक्ष। संयुक्त सचिव प्रीकृत, नितिन, संजना, अरमान, रुद्र व डाक्श को संयुक्त सचिव चुना गया। इसके अलावा पीयूष ठाकुर को सोशल मीडिया प्रमुख, जबकि रिया ठाकुर को सह संयोजक नियुक्त किया गया। जिला सोशल मीडिया संयोजक सारांश ने बताया कि नई कार्यकारिणी ने छात्रों के बीच सहयोग और संवाद बढ़ाने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। छात्रों की समस्याओं का समाधान और उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी छात्रों से अपील करते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी का समर्थन करें और मिलकर कॉलेज के विकास में योगदान दें।



# टमाटर के दामों ने पकड़ी रफ्तार हिमसोना 1671 रुपए प्रति क्रेट बिका

## हाईब्रिड के दाम भी 800 तक पहुंचे, सोलन और सिरमौर के टमाटर की बढ़ी मांग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

देश की बड़ी सब्जी मंडियों में एक बार फिर से सोलन और सिरमौर के रेड गोल्ड यानी टमाटर की मांग बढ़ने लगी है। मंगलवार को सब्जी मंडी में हिमसोना बेस्ट क्वालिटी के टमाटर का दाम 1671 रुपए प्रति क्रेट बिका।

इससे सोलन सब्जी मंडी में टमाटर की चमक और लाली लौट आई है। इससे किसानों को कुछ हद तक राहत मिली है। हालांकि टमाटर की फसल अब समाप्ति की ओर है, लेकिन अगले 15 दिनों तक टमाटर के अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। इसके बाद बाहरी राज्यों का टमाटर मंडियों में आना शुरू हो जाएगा। वहीं, टमाटर के दामों में आए उछाल से आम उपभोक्ताओं को 60 से 80 रुपए प्रति किलो टमाटर खरीदने पड़ रहे हैं। खास बात यह है कि पिछले महीने की गिरावट के बाद टमाटर के दामों ने तेजी पकड़ी है। (अनंत ज्ञान)



सोलन सब्जी मंडी में बिक्री के लिए पहुंचा टमाटर।

### बाहरी राज्यों में पहुंच रहा टमाटर

**बाहरी** राज्यों में सोलन के टमाटर की मांग के चलते व्यापारी वातानुकूलित ट्रकों में टमाटर की खेप को गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, नासिक पहुंच रहे हैं। इसी तरह हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए भी टमाटर की सप्लाई की जा रही है। मंडी में हिमसोना बेस्ट क्वालिटी के दाम 1671 रुपए प्रति क्रेट बिका, जबकि हाई ब्रीड टमाटर के भी प्रति क्रेट दाम 800 रुपए तक पहुंच गए। इससे किसानों को पिछले नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है।

### पिछले वर्ष टूटे थे रिकॉर्ड

**पिछले** वर्ष किसानों को रिकॉर्ड तोड़ दाम मिलते थे, जब टमाटर का थोक भाव प्रतिकिलो 150 से 180 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गया था। यानी प्रति क्रेट के दाम 4000 हजार से 4500 भी बिके। किसानों को इस बार भी अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। कारोबारियों का मानना है कि मैदानी राज्यों में बारिश बढ़ते ही सोलन के टमाटर की मांग देश की बड़ी मंडियों में बढ़ जाएगी। इससे बेस्ट क्वालिटी टमाटर के दामों में अच्छा खासा उछाल आएगा।

# मॉर्डन इंडियन स्कूल दोहा कतर, एसआर ग्लोबल स्कूल लखनऊ ने जीते मुकाबले



प्रतियोगिता के एक मुकाबले में बॉल को ब्लॉक करने का प्रयास करते खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा (किप्स) में सीबीएसई की छात्र वर्ग की हर श्रेणी की नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता में मंगलवार को खेल के दूसरे दिन खेले गए कुछ प्रमुख मैचों में अंडर-17 श्रेणी में मॉर्डन इंडियन स्कूल दोहा कतर, एसआर ग्लोबल स्कूल, लखनऊ, संजीवनी इंटरनेशनल स्कूल राजस्थान, सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोपाल, बाल भारती पीतमपुरा, दिल्ली और आरएस कॉन्वेंट सैनिक स्कूल वाराणसी विजेता रहे। अंडर-14 श्रेणी में विद्या ज्ञान स्कूल, सीतापुर उत्तर प्रदेश, देव स्पोर्ट्स पब्लिक स्कूल प्रयागराज, प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट और शाह सतनाम जी स्कूल सिरसा विजयी रहे। अंडर-19 श्रेणी में अंसार इंग्लिश स्कूल केरला, फेलोशिप मिशन स्कूल जयपुर, नेवी चिल्ड्रन स्कूल कोची और डीपीएस गिरिध ने जीत हासिल की। अभी तक लीग मैच खेले जा रहे हैं और इनके बाद नॉक आउट मैच खेले जाएंगे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद व उपप्रधानाचार्या पूनम ने सभी खिलाड़ियों को खेल की भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया तथा अतिथियों और दर्शकों का धन्यवाद किया।

# बाल विज्ञान मेले में एवीएन स्कूल का बेहतरीन प्रदर्शन



बाल विज्ञान मेले में पुरस्कार लेकर लौटे छात्र।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

एवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने हिमकोस्ट शिमला और शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में पुरस्कार जीत कर अपनी-अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

विद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य के चंदोला के अनुसार नाहन स्थित डीएवी स्कूल में आयोजित खंड स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में करनपॉल अरोड़ा ने गणित ओलंपियाड में सीनियर सेकेंडरी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, इसी प्रतिस्पर्धा में मन्नत सभरवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, साइंस मॉडल स्पर्धा में वैभव ने प्रथम और जूनियर वर्ग में अरनव शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, विज्ञान प्रशोत्तरी प्रतियोगिता में अक्षत वालिया और नंदिनी सैनी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर सभी विजयी प्रतिभागियों और उनके गाइड अध्यापकों को प्रधानाचार्य ने अपनी शुभकामनाएं भी प्रदान की।

# बायोटेक्नोलॉजी स्टैंड अप कॉमेडी में शीर्ष पर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय में मंचतंत्र का 14वें संस्करण के तहत अंतर-विभागीय प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उदार कला और आध्यात्मिक विज्ञान संकाय विजेता के रूप में उभरा।

मंचतंत्र में कृषि, इंजीनियरिंग, लिबरल आर्ट्स, फार्मास्युटिकल साइंसेज, जैव प्रौद्योगिकी और प्रबंधन सहित विभिन्न स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन चांसलर प्रो. पीके खोसला ने किया और मनमोहक प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के लिए मंच तैयार किया। उदार कला और आध्यात्मिक विज्ञान संकाय, जो समग्र विजेता के रूप में उभरा, उन्होंने ग्रुप मेडल, युगल नृत्य, एंकरिंग और लोक नृत्य जैसी कई श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने फैशन शो, फ्लैशमॉब प्रतियोगिताओं में उपविजेता का स्थान हासिल किया। विज्ञान और कृषि संकाय को समग्र उपविजेता नामित किया गया, जिसने डुएट सांग और फ्लैशमोब में जीत सहित विभिन्न क्षेत्रों में उम्दा प्रदर्शन किया। प्रबंधन विज्ञान संकाय ने बॉलीवुड डांस में अपनी जीत से सबको प्रभावित किया, जबकि स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी ने स्टैंड-अप कॉमेडी में शीर्ष पुरस्कार जीता और युगल नृत्य में दूसरा स्थान हासिल किया। सस्टेनेबिलिटी एंड कम्युनिटी एंगेजमेंट की निदेशक पूनम नंदा ने कहा, मंचतंत्र ने शूलिनी विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय की ऊर्जा और रचनात्मकता को समाहित किया है, जिसमें प्रत्येक विभाग एक अविस्मरणीय अनुभव में योगदान देता है।



शूलिनी विश्वविद्यालय में मंचतंत्र के तहत करवाई की प्रतियोगिता में प्रतिभागी।

# लोकनृत्य में झटका पहला स्थान

## राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में सम्मान समारोह आयोजित



राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में सम्मान समारोह के आयोजन पर स्टूडेंट्स व स्कूल स्टाफ।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने दशहरा उत्सव पर सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने कहा कि विद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं ने तीन प्रतियोगिताओं में लोक नृत्य में प्रथम स्थान, एकल गान में दूसरा स्थान, समूह गान में भी दूसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य ने समस्त छात्राओं, प्रवक्ता नीलम वर्मा और हेमंत को भी उनके मार्गदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# स्वयंसेवियों ने गांव दीदग के बाजार और जल स्रोतों की साफ-सफाई की

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

शिक्षा खंड की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनियो दीदग में आयोजित सात दिवसीय, राष्ट्रीय योजना विशेष शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवियों ने एक नई मिसाल पेश की।

शिविर के दौरान प्रोजेक्ट वर्क के तहत कैंप में स्टूडेंट्स के द्वारा स्वेच्छा से विद्यालय भवन को रंगने का संकल्प लिया गया। बच्चे खुद ही ब्रश आदि ले कर स्कूल आ गए। वालंटियर्स ने विद्यालय के संपूर्ण भवन के 11 कमरों, सभी शौचालयों, बाहरी दीवारों और कला मंच को सुंदर रंग से रंग दिया। विद्यालय भवन की छत के रखरखाव कार्य के कारण विद्यालय के कुछ कमरे खराब हो गए थे, उन सभी को संपूर्ण एनएसएस इकाई ने एक ही दिन में ठीक कर दिया। अगले दिन जब स्टाफ स्कूल पहुंचा, तो विद्यालय की काया पलट देख कर सभी हैरान हो गए।

इस कार्य में विजेश पाल पुंडीर प्रवक्ता जीव विज्ञान तथा कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में, 43 स्वयंसेवियों सहित राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी इंदू ठाकुर, प्रवक्ता अर्थशास्त्र खुद दीवारों पर रंग करने उतर गई। स्वयंसेवियों ने गांव दीदग के बाजार और जल स्रोतों की सफाई की तथा विद्यालय के द्वारा गोद लिए गए हिमगिरि वन क्षेत्र मे पौधों की गुड़ाई भी की।

# दशकों से लंबित मुकदमों की जांच पूरी कर न्यायालय भेजे

**सोलन।** सोलन पुलिस एक तरफ नशा तस्करों, चोरों, गैर सामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए इनकी गतिविधियों पर नकेल कसने में कामयाबी हासिल की है। वहीं, दूसरी तरफ आपराधिक मामलों की अन्वेषण प्रक्रिया में गुणवत्ता लाने तथा अन्वेषण अधीन अभियोगों, विशेषता लंबी अवधि से अन्वेषण अधीन तथा पुन अन्वेषण के पुराने मामलों के निपटारे के लिए भी एक विशेष अभियान चलाया है। इस विशेष अभियान के दौरान सोलन के सालों पुराने लंबित/अन्वेषण अधीन अभियोगों की जांच पूरी की गई है तथा इन मामलों में पीड़ितों को भी न्याय मिलने की आस जगी है। एसपी के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक जिला पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान 18 ऐसे पुराने अभियोगों का निपटारा कर अदालतों को भेजा गया है, जो पिछले काफी सालों से पुन अन्वेषण के लिए लंबित थे। निपटाए गए पुनः अन्वेषण के इन 18 अभियोगों में से अधिकतर धोखाधड़ी शीर्षक के हैं, जिनमें सबसे पुराना मामला थाना परवाणू का वर्ष 1999 का है। इसके अतिरिक्त पुन- अन्वेषण के निपटाए गए मामलों में वर्ष-2008 का 1 अभियोग, वर्ष 2009 के 2, वर्ष 2011 का 1, वर्ष 2013 के 2, वर्ष 2014 के 3, वर्ष 2015, 2016 तथा 2017 के 1/1, वर्ष 2018 के 2 तथा वर्ष 2019, 2020 व 2021 का भी 1/1 अभियोग शामिल है। इसी अभियान के दौरान जिला पुलिस द्वारा थाना परवाणू के धोखाधड़ी के साल 1999 के एक 25 वर्ष पुराने मामले का निपटारा कर आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में पेश किया गया है।

# रितिका ठाकुर राष्ट्र स्तरीय खो-खो के लिए चयनित



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरयांज की छात्रा रितिका ठाकुर ने राज्य स्तरीय अंडर-19 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्र स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं। रितिका अनिल ठाकुर की पुत्री गांव बुईला की निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें और उनके परिवार को हार्दिक बधाई दी है। रितिका की इस उपलब्धि ने न केवल अपने स्कूल का बल्कि, पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# नशामुक्त भारत ही बनेगा संस्कारित और समृद्ध भारत

**अनंत ज्ञान, नाहन**



एवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छठी से जमा दो कक्षाओं के लगभग 900 विद्यार्थियों और अध्यापकों ने नशे के खिलाफ शहरभर में एक जनजागरूकता अभियान चलाया और एक विशाल रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

स्कूल के प्रधानाचार्य केके चंदोला के अनुसार आज समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन ने हमारी युवा पीढ़ी को अपने कुचक्र में जकड़ लिया है फलस्वरूप सामाजिक और मानवीय संवेदनाओं को क्षति पहुंची है। राष्ट्र के भविष्य को नशे की आदत पड़ना पूरे राष्ट्र की क्षति है और नशामुक्त भारत हो तो संस्कारित और समृद्ध भारत बन सकता है। इसलिए हम सभी को इस सामाजिक अभिशाप बनती जा रही नशे की प्रवृति को मिटाने के प्रयास करने पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि उनके विद्यालय द्वारा नशे के विरुद्ध यह अभियान शहरभर और पूरे सिरमौर में चलाया जा रहा है।

# नुक्कड़-नाटक से आपदा में बचाव के बताए गुर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग के संबद्ध कलाकारों ने सोलन के विभिन्न क्षेत्रों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से आपदा के दौरान सुरक्षा एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

सप्तक कला मंच कंडाघाट के कलाकारों ने सोलन स्कूल तथा गंज बाजार सोलन में लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक से लोगों को अवगत करवाया कि भूकंपीय झटके महसूस होने पर शांत रहें व हड़बड़ी न करें। भूकंप के 5-10 मिनट बाद तक अपनी सुरक्षित जगह से न हटें क्योंकि भूकंप के बाद भी झटके आने की संभावना बनी रहती है। कलाकारों ने अवगत करवाया कि चोट लगने पर प्राथमिक उपचार करें, भवन के अंदर आगे न जाएं व बिजली उपकरणों का प्रयोग न करें तथा प्रशासन की ओर से समय-समय पर जारी निर्देशों की अनुपालन करें। झंकार म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बद्दी तथा ट्रक ऑपरेटर यूनियन बद्दी में गीत-संगीत से आपदा से बचाव के गुर बताए। उन्होंने गीत से लोगों को भू-स्खलन से जान-माल की रक्षा के बारे में अवगत करवाया।



आपदा के दौरान सुरक्षा एवं बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करते कलाकार।

# कबड्डी में हिमाचल का नेतृत्व करेंगे कोरग स्कूल के तरुण



**नाहन।** सिरमौर के संगड़ाह खंड के अंतर्गत आने वाली कोरग स्कूल के छात्र तरुण का चयन राष्ट्रीय अंतर-14 कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मंडी के धर्मपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तरुण ने बेहतरीन प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश टीम में जगह बनाई है। तरुण के चयन से उनके परिजन काफी उत्साहित हैं और कोच सुशील ठाकुर व प्रधानाचार्य जगत सिंह पंवार सहित स्कूल के सभी शिक्षकों व छात्रों ने भी तरुण को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरदेव को प्रशंसा प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार



**सोलन।** जिला सोलन पुलिस के यातायात विभाग में तैनात हेड कांस्टेबल संख्या 219 गुरदेव सिंह को 24 से 8 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं पर नियंत्रण पाना था। इस अवधि के दौरान गुरदेव सिंह ने शराब पीकर वाहन चलाने के 20 चालान किए, जो उनके सतर्कता और प्रतिबद्धता का परिणाम है। उनके इस अनुकरणीय कार्य के लिए उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र श्रेणी-तीन प्रदान की गई। साथ ही 500 रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके योगदान की सराहना की गई। इस सम्मान से सोलन पुलिस विभाग में कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों के मनोबल को बढ़ावा मिलेगा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

### बाल मेले में स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**दाड़लाघाट।** शिक्षा खंड धुंदन के अंतर्गत नवगांव स्कूल में क्लस्टर स्तर का बाल मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान कृष्णदेव गौतम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। मेले में फैंसी ड्रेस, चित्रकला प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा चम्मच दौड़ आदि खेलों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मेले में राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला नवगांव, मंगरुड, बरोग, छामला के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### प्रेम लता ने यूसीजी नेट की परीक्षा की उत्तीर्ण



**नाहन।** सिरमौर के दूरदराज क्षेत्र जरवा जुनेली स्कूल में बतौर कला अध्यापिका प्रेम लता शर्मा ने यूसीजी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। कड़ी मेहनत व लगन से उन्होंने यह परीक्षा पास की है। शुरू से ही पढ़ने-लिखने की शौकीन प्रेमलता शर्मा दो बच्चों की मां के साथ-साथ एक अच्छी गृहिणी भी हैं। बाबजूद इसके भी उन्होंने अपनी मेहनत के बलबूते यह सफलता हासिल की है। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रेम लता शर्मा उन सभी महिलाओं के लिए मिसाल है, जो जल्द हार मान जाती हैं। उन्होंने साबित कर दिया कि मेहनत से हर कोई मुकाम हासिल किया जाता है।

### जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन का होना जरूरी




**नाहन।** नाहन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बनकला की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हो गया। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान ऋषि पाल शर्मा ने इसमें बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्वयंसेवियों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर इसकी शुरुआत की। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नवनीत वर्मा ने स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन और सामाजिक समर्पण की भावना विकसित करने की सलाह दी। एसएमसी के अध्यक्ष ऋषिपाल शर्मा ने बच्चों से शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की नीति और रीति से काम करने के लिए प्रेरित किया तथा बच्चों को शिविर के दौरान अनुशासन में रहने के लिए कहा क्योंकि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम अधिकारी हरदेव ने सात दिन तक होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया।

### 25 को मां भद्रकाली की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा

**राजगढ़।** पंचायत करगाणू के करोड़ गांव में 25 अक्तूबर को मां भद्रकाली की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन स्वामी शरभेश्वरा नंद भैरव की पावन सानिध्य में होगा। इसके अतिरिक्त इस मौके पर दर्जनों महान संत अपनी उपस्थिति देंगे व इसमें स्थानीय विधायक रीना कश्यप बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। शुक्रवार को सुबह नौ बजे प्राण-प्रतिष्ठा, 11 बजे माता चौकी व उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों लोग भाग लेंगे।

### गिरिपार में घास कटाई का कार्य जोरों पर

**राजगढ़।** आगामी चार महीने के लिए घास एकत्रित करने के लिए गिरिपार क्षेत्र के किसान व बागवान इन दिनों भारी पसीना बहा रहे हैं। लोग सुबह-सुबह ही घास काटने के लिए निकल जाते हैं। दिन में लगभग 12 घंटे तक काम करने के बाद रात को अंधेरा होने के बाद अपने घर पहुंच रहे हैं। लोग अपने कार्य में इतने व्यस्त हो रहे हैं कि दिन का खाना भी घासनियों में ही खाना पड़ रहा है। परिवार के अधिकतर सदस्य घास काटने में ही व्यस्त हो रहे हैं। पूरे साल में अक्तूबर व नवंबर के दो महीने गिरिपार क्षेत्र के लोगों के लिए व्यस्तता से भरे हुए होते हैं। इसके साथ-साथ दो महीनों के भीतर लोगों को जहां मक्की, राजमाह, उड़द, तिल आदि फसलों को समेटना पड़ता है। वहीं, चार महीनों के लिए पशुओं के लिए चारा भी एकत्रित करना पड़ता है। इस बीच दिवाली का पर्व भी आता है, जिस कारण लगभग एक सप्ताह दिवाली की तैयारियों में लग जाते हैं। दिवाली के बाद लोग फिर एक बार घास काटने में जुट जाते हैं। गिरिपार में दिसंबर महीने से बर्फबारी शुरू हो जाती है। मार्च तक बर्फबारी का सिलसिला जारी रहता है, जिस कारण ऊंचाई वाले क्षेत्र करीब चार महीने तक बर्फ से ढके रहते हैं।

### खेल प्रतिभा से जोड़कर नशे से रखा जा सकता है दूर



**दाड़लाघाट।** नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन में हिमाचल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से जिला स्तरीय थ्रो बॉल टीम का ट्रायल आयोजित किया गया। इस ट्रायल में जिले के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्यातिथि बीआर वर्मा ने कहा कि युवाओं को खेल प्रतिभा से जोड़कर नशे से दूर रखा जा सकता है। थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ सोलन के अध्यक्ष मनोहर लाल और सचिव हरेंद्र वर्मा ने बताया कि हर जिले से एक टीम का चयन किया जा रहा है, जो मध्य प्रदेश में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रशिक्षक पूर्ण चंद शर्मा ने बताया कि हिमाचल की टीम के लिए 15 सदस्य टीम का चयन किया जाएगा। उन्हें उम्मीद है कि सोलन जिले के कई खिलाड़ी इस टीम में अपनी जगह बनाने में कामयाब होंगे।

### ट्रांसगिरि इलाके के एसटी प्रमाण पत्र वैध

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार के अनुसूचित जनजाति विकास विभाग ने सिरमौर जिले के हाटी इलाके के एसटी प्रमाण पत्रों को वैध घोषित कर दिया है। यह फैसला 1 से 3 जनवरी के बीच जारी किए गए प्रमाण पत्रों पर लागू होगा। इस फैसले से सिरमौर जिले के ट्रांस गिरि इलाके के हाटी समुदाय के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। दरअसल, सरकार के अनुसूचित जनजाति विकास विभाग ने इस मामले में विधि विभाग से परामर्श किया। लिहाजा, विधि विभाग ने उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार प्रमाण पत्रों को वैध घोषित करने की सिफारिश की। उधर, हाटी समुदाय के लोगों ने इस फैसले का स्वागत किया है। हिमाचल सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (जनजाति विभाग) की ओर से 4 अक्तू बर को जिलाधीश सिरमौर को एक पत्र जारी किया, जिसमें स्पष्ट किया गया कि गिरिपार क्षेत्र में जिन लोगों को 1 जनवरी से 3 तक हाटी जनजाति प्रमाणपत्र जारी हो चुके हैं, वे सभी वैध हैं, अर्थात वे सभी जनजाति के आधार पर लाभ लेने की पात्रता रखते हैं। इन आदेशों को लागू करने के लिए सिरमौर जिला प्रशासन ने भी 9 अक्तू बर को जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को पत्र के माध्यम से आदेश जारी किए थे।

**आयोजन** बद्दी विश्वविद्यालय के सभागार में मनाया नेशनल प्रिंट यूनिटी-डे, उत्तर भारत के राज्यों ने किया मंथन

# अजय को सौंपी प्रिंट-पैक एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

राष्ट्रीय प्रिंट यूनिटी-डे पर बद्दी विश्वविद्यालय के सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल के साथ-साथ उत्तर भारत के प्रिंटरों ने शिरकत की। प्रिंटिंग के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों के विषय पर इस वर्ष की थीम थी, जिसका मंथन तीन घंटे तक हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्था आफसेट प्रिंटर एसोसिएशन की हिमाचल इकाई का गठन भी किया गया, जिसमें बड़सर (हमीरपुर) के अजय भारद्वाज को सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। इससे पहले विशिष्टातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विशेषज्ञ डॉ. कंवरदीप शर्मा ने देश के विश्वविद्यालयों व औद्योगिक संस्थाओं के बीच प्रिंटिंग को लेकर किए गए प्रयासों को बताया और कहा कि इन दोनों के मध्य तालमेल का लाभ विद्यार्थियों को मिला है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रिंटिंग बी-टेक व एमटेक के कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश गत्ता उद्योग संघ के प्रदेश संरक्षक सुरेंद्र जैन ने बद्दी विश्वविद्यालय के अधिकारियों से आग्रह किया कि हिमाचल में बहुत से प्रिंट पैक उद्योग स्थापित हैं, लेकिन किसी भी विश्वविद्यालय में इसका कोर्स नहीं है। बद्दी विश्वविद्यालय के कुलपति के मुख्य सलाहकार टी. आर भारद्वाज ने कहा कि बद्दी विश्वविद्यालय में प्रिंटिंग से जुड़े कोर्स प्रारंभ करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने हिमाचल प्रिंट पैक एसोसिएशन की नई टीम को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




बद्दी में आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में उपस्थित प्रदेश के प्रिंटर व मुख्यातिथि।

### इनको मिली कमान

**इस** अवसर पर सौ से ज्यादा प्रिंटरों ने सर्वसम्मति से बड़सर (हमीरपुर) के युवा प्रिंटर अजय भारद्वाज को प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अनपुम अग्रवाल व गुरजिंदर कुंडलस उपाध्यक्ष, तनुज शर्मा महासचिव, मनोज कुमार सोलेरा संयुक्त सचिव, अंजय सिंह कोषाध्यक्ष, पट्टा महलोग के डॉ. रुप किशोर ठाकुर को प्रदेश संगठन मंत्री, आएस राणा को मुख्य सलाहकार व सुरेंद्र को मुख्य संरक्षक चुना गया।

## न्यूज ब्रीफ



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सहकारिता मंत्रालय (भारत सरकार) के पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश के पैक्स के सचिवों और अध्यक्षों के लिए आरआईसीएम, चंडीगढ़ द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### समीक्षा बैठक में सीएम धामी ने दिए निर्देश



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क गड्ढा मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से अब तक पूर्ण हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। सीएम आवास में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जहां-जहां सड़कों की मरम्मत का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए जनता को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध कराया जाए। निर्धारित समय सीमा में सड़कों की मरम्मत के कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दृष्टिगत राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए।

### बीएसएनएल ने कई नई सेवाएं कीं पेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने मंगलवार को कई नई सेवाएं पेश कीं। इनमें 'स्पैम ब्लॉकर्स' से लेकर स्वचालित सिम कियोस्क और डायरेक्ट-टू-डिवाइस सेवाएं शामिल हैं। बीएसएनएल ने सीडैक के साथ साझेदारी में खनन कार्यों के लिए कम विलंबता वाली 5-जी संपर्क सेवा भी शुरू की है। इसमें भारत में निर्मित उपकरणों और बीएसएनएल की प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता का लाभ उठाया गया है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कुल सात नई सेवाओं की शुरुआत की। बीएसएनएल की नई सेवाओं का अनावरण करते हुए सिंधिया ने कहा, ''बीएसएनएल सरकार का एक प्रमुख उद्यम है। एक प्रमुख उद्यम जो हमारे देश के प्रत्येक नागरिक की आकांक्षाओं, सपनों तथा अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है।''

### देवप्रयाग में ट्रक दुर्घटना में दंपती की मौत

**नई टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवप्रयाग के पास एक ट्रक के गंगा नदी में गिरने से उसके चालक एवं उसकी पत्नी के डूबने की आशंका है। देवप्रयाग पुलिस थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने यहां बताया कि सुबह करीब साढे पांच बजे देवप्रयाग से लगभग चार किमी आगे सैनिक होटल के पास केबिल बिछा रहे लोगों को सड़क के किनारे पैराफीट सहित खाई की ओर के पेड़ टूटे दिखे, जिससे उन्हें किसी वाहन के नदी में गिरने की आशंका हुई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को सड़क से करीब 120 मीटर नीचे गंगा किनारे ट्रक का पिछला हिस्सा दिखाई दिया जबकि उसका केबिन नदी में समाया हुआ था।

### मान का मंडियों से फसल का उठाव सुनिश्चित करने का निर्देश

**चंडीगढ़।** धान खरीद और उठाव में देरी को लेकर किसानों और विपक्षी दलों के हमले का सामना कर रहे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अधिकारियों को राज्यभर की मंडियों से फसल का उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। इस बीच, खाद्य मंत्री लाल चंद कटारूचक ने कहा कि अबतक मंडियों में 24 लाख टन से अधिक धान आ चुका है, जिसमें से 22.50 लाख टन की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अबतक मंडियों से लगभग 4.12 लाख टन का उठाव किया जा चुका है। राज्य में खरीद कार्यों की समीक्षा के लिए यहां एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मान ने कहा कि राज्य में धान का उठाव जल्द से जल्द किया जाना चाहिए ताकि किसानों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों ने देश को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### हिजबुल्लाह के बंकर में मिला खजाना

**इसराइल।** इसरायल की सेना ने हिजबुल्लाह पर हमला बोला और उसके टॉप कमांडर को मौत के घाट उतार दिया है। हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने के बाद अब इसरायली सेना ने दावा किया है कि उसे बेरूत में एक अस्पताल के नीचे स्थित हिजबुल्लाह का एक गुप्त बंकर मिला है। इस बंकर से सेना ने भारी मात्रा में नकदी और सोना बरामद किया है, जिसकी कीमत करोड़ों डॉलर है। इसरायल की सेना ने एक बयान जारी कर कहा है कि वह चिकित्सा सुविधा को निशाना नहीं बनाएगा, बल्कि अन्य स्थानों पर हिजबुल्लाह की संपत्तियों को नष्ट करना जारी रखेगा। इसरायल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगरी ने खुलासा किया कि बंकर को अल-साहेल अस्पताल के नीचे हिजबुल्लाह के पूर्व प्रमुख सैय्यद हसन नसरल्लाह ने बनवाया था।

### गैंगस्टर बिश्नोई को मिला चुनाव लड़ने का ऑफर



**नई दिल्ली।** आपराधिक मामलों को लेकर चर्चा में रहने वाले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को महाराष्ट्र के राजनीतिक दल उत्तर भारतीय विकास सेना पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया है। खास बात यह है कि पार्टी के अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने बिश्नोई को एक औपचारिक पत्र लिखकर उनकी तुलना महान क्रांतिकारी भगत सिंह से की है। पत्र में शुक्ला ने बिश्नोई की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'क्रांतिकारी' बताया और विश्वास जताया कि बिश्नोई के राजनीति में आने से महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। शुक्ला ने पत्र में लिखा कि हमारा प्रस्ताव है कि आप महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ें। उत्तर भारतीय विकास सेना के कार्यकर्ता और पदाधिकारी आपके अभियान का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। हम बस आपकी प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। पत्र में आगे कहा गया है, 'हमें गर्व है कि आप (लॉरेंस बिश्नोई), पंजाब में जन्मे एक उत्तर भारतीय हैं और ऐसे मुद्दे का प्रतिनिधित्व करते हैं जो हमारी पार्टी के मूल्यों से मेल खाता है। हमारी पार्टी आपकी जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### चुनाव से पहले पुणे पुलिस ने पकड़ी नोटों से भरी गाड़ी

**पुणे।** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। जिसको पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराने के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह सतर्क है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए पुलिस भी चुनाव आयोग का पूरा समर्थन कर रही है। इसी क्रम में पुणे ग्रामीण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रुपयों से भरी एक कार पकड़ी है। इसमें से पुलिस ने पांच करोड़ की नकदी भी जब्त की। वहीं, अब इसे लेकर सियासत तेज हो गई है। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने एकनाथ शिंदे के गुट पर तंज कसा है। पुणे ग्रामीण पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि चुनाव को देखते हुए इस समय सख्ती बरती जा रही है। हर गाड़ी की छानबीन की जाती है। इसी क्रम में सोमवार को मुंबई-बेंगलुरु हाइवे पर खेड़ शिवपुर टोल नाका पर पुलिस ने नाकाबंदी कर तलाशी की थी। उसी समय एक कार से पांच करोड़ रुपए जब्त किए गए। पुणे ग्रामीण पुलिस के एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि कार में ड्राइवर समेत चार लोग सवार थे। सभी से पूछताछ की गई है। बरामद नकदी को आयकर विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

### बेंगलुरु में दो बच्चे झील में डूबे, तलाश जारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण में एक झील में डूबने से लापता हुए दो बच्चों की तलाश अभी जारी है। दोनों बच्चों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।



लापता बच्चों की पहचान 13 वर्षीय श्रीनिवास और 11 वर्षीय लक्ष्मी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बेंगलुरु ग्रामीण के किंगेरी इलाके में रहने वाले दो बच्चे सोमवार शाम को घर से पानी लेने के लिए निकले थे, लेकिन वे वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिवार वालों ने उनकी तलाश शुरू की।पुलिस के अनुसार, श्रीनिवास और महालक्ष्मी अपनी मां के साथ झील के पास रहते थे। वे दोनों बर्तन लेकर पानी लाने के लिए झील के किनारे गए थे। वे झील के पास कुछ देर तक खेलते रहे और बाद में जब महालक्ष्मी अपना बर्तन भरने की कोशिश कर रही थी, तो वह फिसलकर पानी में गिर गई। उसका भाई श्रीनिवास मदद के लिए चिल्लाया और जब कोई उनकी मदद के लिए नहीं आया तो वे भी झील के अंदर कूद गया और अपनी बहन को बचाने की कोशिश में वह दोनों झील में डूब गए।

# हरियाणा में पराली जलने की घटनाओं पर 24 अधिकारी और कर्मचारी सस्पेंड

**एजेंसी, सोनीपत**

हरियाणा में सरकार बदलते ही कृषि विभाग के 24 अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज गिरी है। दरअसल, सरकार ने मंगलवार को 24 कर्मचारियों को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया है। इसमें एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर से लेकर एग्रीकल्चर सुपरवाइजर तक कर्मचारी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि प्रदूषण रोकने में विफल रहने पर हरियाणा सरकार ने यह कार्रवाई की है।

सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, सस्पेंड किए गए कर्मचारियों में सोनीपत के दो, पानीपत के दो, हिसार के दो, जींद के दो, कैथल के तीन, करनाल के तीन, फतेहाबाद के तीन, कुरुक्षेत्र के चार और अंबाला के तीन कर्मचारी शामिल हैं।

इन सभी अधिकारियों की ड्यूटी पराली जलाने से रोकने के लिए लगाई गई थी, लेकिन ये सभी



फाइल फोटो

इन गतिविधियों को रोकने में विफल रहे।

**पंजाब-हरियाणा के मुख्य सचिव को 23 अक्तूबर को किया गया तलबः** बता दें, पराली जलाने से रोकने में विफल रहने पर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार के साथ-साथ पैनल कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को भी फटकार लगाई थी। इसके साथ ही दोनों राज्यों के मुख्य सचिव को 23 अक्तूबर को कोर्ट में पेश होने को कहा था। इससे पहले ही हरियाणा सरकार ने अपने यहां बड़ी कार्रवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते कहा था कि पंजाब और हरियाणा सरकार ने पराली जलानेवालों के खिलाफ किसी प्रकार का कोई एक्शन नहीं लिया है। वहीं सीएक्यूएम को भी फटकार लगाते हुए लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा था। जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस अहसानउद्दीन अमनुल्लाह और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज की बेंच ने कहा था कि दोनों सरकारों को पहले भी इस बारे में कहा गया था लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पंजाब सरकार ने तो पिछले तीन साल में एक भी केस नहीं चलाया।

### 18 किसान गिरफ्तार

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के बीच पिछले कुछ दिनों में हरियाणा के कैथल जिले में 18 किसानों को खेतों में पराली जलाने के लिए गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली में खासतौर से कटाई के बाद अक्तूबर और नवंबर के दौरान प्रदूषण का स्तर बढ़ने के लिए अक्सर हरियाणा और पड़ोसी पंजाब में पराली जलाने को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

## भाजपा अध्यक्ष मल्होत्रा ने स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से की मुलाकात

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र पाल मल्होत्रा ने आज नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्ड से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान, मल्होत्रा ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों और शहर के हेल्थ सिस्टम में चल रहे सुधारों पर गहन चर्चा की। बैठक में चंडीगढ़ के प्रमुख सरकारी अस्पतालों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया।

मल्होत्रा ने सेक्टर 16 के सरकारी अस्पताल, सेक्टर 32 स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज और प्रतिष्ठित पीजीआई (पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च) की सुविधाओं और विकास को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने इन संस्थानों की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक योजनाओं और संसाधनों की जरूरत पर भी ध्यान केंद्रित किया।

जेपी नड्डा ने भी चंडीगढ़ के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी और आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन के लिए पूरी तरह से सहयोग प्रदान करेगी। (अनंत ज्ञान)

## आरजी कर घोटाला

## सीबीआई ने जांच के लिए चार हार्ड डिस्क चंडीगढ़ सीएफएसएल को भेजीं

**एजेंसी, कोलकाता**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से जब्त की गईं चार हार्ड डिस्क को जांच के लिए चंडीगढ़ की केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) भेज दिया है।

सीबीआई आरजी कर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई अधिकारियों को लगता है कि मामले से संबंधित महत्वपूर्ण डेटा हार्ड डिस्क से डिलीट कर दिया गया है। इसलिए हार्ड डिस्क को सीएफएसएल भेजा गया है ताकि डिलीट किए गए डाटा को फिर से प्राप्त किया जा सके।

सीबीआई ने कोलकाता की एक विशेष अदालत से मंजूरी





मिलने के बाद इन हार्ड डिस्क को सीएफएसएल भेजा है।

सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों का मानना है कि वित्तीय मामलों से संबंधित महत्वपूर्ण डेटा के अलावा हार्ड डिस्क से आरजी कर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डिलीट की गई फुटेज भी मिल सकती है। सीबीआई अधिकारी पहले से ही आरजी कर के पूर्व विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के पूर्व एसएचओ अभिजीत मंडल के मोबाइल फोन से डिलीट किए गए डाटा को फिर से प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं।

## जयशंकर ने कनाडा के 'दोहरे मानदंडों' की आलोचना की

**नई दिल्ली।** कनाडा में पिछले वर्ष सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले को लेकर नई दिल्ली और ओटावा के बीच बिगड़े संबंधों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा पर 'दोहरे मानदंड' अपनाने के लिए निशाना साधा।

जयशंकर ने इस बात का जिक्र किया कि कनाडा अन्य राजनयिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है और भारत में रहते हुए उसके राजनयिक 'विशेषाधिकार' का उपयोग करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा, 'दोहरे मानदंड इसके लिए बहुत हल्का शब्द है।'

निज्जर की हत्या के मामले में पिछले सप्ताह कनाडा ने भारत सरकार की संलिप्तता के नए आरोप लगाए थे, जिसके बाद भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था।

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के दिए निर्देश

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

कोरोना काल में बड़ी संख्या में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट के सदुपयोग तथा राज्य में सुरक्षित चारधाम यात्रा एवं पर्यटन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को आदि कैलाश, केदारनाथ सहित सभी हाई एल्टीट्यूड वाले धामों, पर्यटक स्थलों, होटलों व धर्मशालाओं पर पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर रखने के निर्देश दिए हैं। राज्य में मातृ मृत्यु दर को कम करने की पहल के रूप में मुख्य सचिव रतूड़ी ने हरिद्वार में एक पायलट प्रोजेक्ट तत्काल आरंभ करने के निर्देश दिए हैं।



इसके साथ ही उन्होंने मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए मेटरनल डेथ ऑडिट को अनिवार्य करने तथा स्वास्थ्य विभाग तथा एनएचएम के मध्य प्रभावी समन्वय के निर्देश दिए हैं। राज्य को 2025 तक टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को समय से पूरा करने के दृष्टिगत मुख्य सचिव ने टीबी बाहुल्य वाले क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर वहां पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में उत्तराखंड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति की 12वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि राज्य में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यधिक भवनों व इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण की अपेक्षा मेडिकल सेवाओं व मानव संसाधन के सुधार पर विशेष फोकस किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने राज्य में ग्रासरूट लेवल पर हेल्थ लिटरेसी बढ़ाने के भी निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

## जल संरक्षण के प्रयासों के बिना समाज प्रगति नहीं कर सकता : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भूजल की घटती गुणवत्ता और मात्रा पर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार को जल संसाधन के संरक्षण में सामूहिक उत्तरदायित्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करने के अवसर पर कहा, ''भूजल न केवल प्रदूषित हो रहा है, बल्कि कम भी हो रहा है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है।'' उन्होंने आगाह किया कि संरक्षण के प्रयासों के बिना समाज प्रगति नहीं कर सकता।

मुर्मू के अनुसार, सभी प्रमुख सभ्यताएं जल निकायों के आसपास विकसित हुई हैं, इसके बावजूद आधुनिक समय में पानी के विषय को अक्सर उपेक्षित किया जाता है। मुर्मू ने जल प्रबंधन में राज्य सरकारों की भूमिका पर जोर दिया और संरक्षण के प्रति समर्पण के लिए जल शक्ति मंत्रालय और इस विभाग के मंत्री सीआर



पाटिल की प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार के विजेताओं की उनके प्रयासों के लिए सराहना की और आग्रह किया कि उनकी सर्वोत्तम प्रथाओं को व्यापक रूप से साझा किया जाए। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित पुरस्कारों में नौ श्रेणियों में प्रयासों को मान्यता दी गई, जिसमें ओडिशा ने सर्वश्रेष्ठ राज्य के लिए शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद उत्तर प्रदेश दूसरे तथा गुजरात और पुडुचेरी तीसरे स्थान पर रहे।

## बंगाल-ओडिशा में दस्तक देगा चक्रवात 'दाना'

**कोलकाता।** भारत में एक और चक्रवाती तूफान 'दाना' दस्तक देने वाला है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दक्षिण अंडमान सागर में बन रहा चक्रवात सोमवार को निम्न दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया। मंगलवार को यह बंगाल की खाड़ी के ऊपर विकसित हो जाएगा। वहीं 23 अक्तूबर को यह चक्रवाती तूफान में तबदील हो जाएगा। दाना की 24 अक्तूबर की रात से 25 अक्तूबर की सुबह के बीच ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तट पर पहुंचने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 100 से 120 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है। वहीं, ओडिशा के 14 जिलों में 23 से 25 अक्तूबर तक स्कूल भी बंद रहेंगे।

## वायनाड के लिए प्रियंका से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकता : राहुल गांधी

**एजेंसी, दिल्ली**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के वायनाड संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने से एक दिन पहले मंगलवार को कहा कि वह इस क्षेत्र के लिए अपनी बहन से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकते।

प्रियंका गांधी वाद्रा बुधवार (23 अक्तूबर) को वायनाड संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगी और इस मौके पर पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और कई अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''वायनाड के लोग मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखते हैं और मैं उनके लिए अपनी बहन प्रियंका गांधी से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकता। मुझे विश्वास है कि वह वायनाड की जरूरतों की एक धुर समर्थक और संसद में एक शक्तिशाली आवाज साबित होंगी।

उन्होंने कहा, ''3 अक्तूबर को हमारे साथ जुड़ें, जब वह वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी। आइए मिलकर यह सुनिश्चित करें कि प्रेम से वायनाड का प्रतिनिधित्व होता रहे।'' वायनाड से निर्वाचित होने पर प्रियंका पहली बार किसी सदन की सदस्य बनेंगी। वह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले सक्रिय राजनीति में उतरी थीं। उसके बाद से वह पार्टी महासचिव की जिम्मेदारी निभा रही हैं।

## पीएम मोदी ने अमित शाह को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मंगलवार को 60वां जन्मदिन है। इस अवसर पर देश के राजनेताओं ने गृह मंत्री को शुभकामनाएं दी हैं। पीएम नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत देशभर के कई बड़े अमित शाह को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं।

पीएम मोदी ने अमित शाह को जन्मदिन की बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि अमित शाह को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। वे एक मेहनती नेता हैं, जिन्होंने अपना जीवन भाजपा को मजबूत करने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने एक असाधारण प्रशासक के रूप में अपनी पहचान बनाई है और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कई प्रयास कर रहे हैं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

## झारखंड विधानसभा चुनाव

## कांग्रेस ने 21 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट की जारी

**झारखंड।** कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। 21 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। जमेशदपुर पूर्व से अजय कुमार को टिकट दिया है, वह राज्य में कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। लोहरदगा से रामेश्वर उरांव को टिकट दिया है। झरिया से पूर्णिमा नीरज सिंह, जमशेदपुर वेस्ट से बन्ना गुप्ता और बेरमो से जयमंगल सिंह को टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने जामताड़ा से इरफान अंसारी को टिकट दिया है. वहीं, महगामा से दीपिका पांडे सिंह प्रत्याशी बनाया है। दरअसल कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य अजय कुमार और कुछ अन्य मंत्रियों के नाम शामिल हैं। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के कुछ घंटों के बाद यह सूची जारी की गई।

## धमाके से दहली ऑर्डिनेंस फैक्टरी दो की मौत, कई मजदूर मलबे में दबे

**एजेंसी, जबलपुर**



मध्य प्रदेश के जबलपुर में ऑर्डिनेंस फैक्टरी खमरिया में जोरदार धमाका हुआ। जिसमें 9 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए और दो कर्मचारियों की मौत होने की भी जानकारी मिल रही है। बताया जाता है कि फैक्टरी के एफ-6 सेक्शन में बम धमाका हुआ है। यह धमाका इतना जोरदार था कि बिल्डिंग ही गिर पड़ी। इसके मलबे में कई कर्मचारियों के दबे होने की खबर है। फैक्टरी प्रबंधन-जिला प्रशासन बचाव कार्य में जुटा है। इस हादसे की खबर तब लगी, जब घायल मजदूरों को फैक्टरी से बाहर इलाज के लिए भेजा गया।

## बुलंदशहर सिलेंडर ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या हुई छह

**एजेंसी, बुलंदशहर**



उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में थाना सिकंदराबाद क्षेत्र की आशापुरी कॉलोनी में सिलेंडर में अचानक ब्लास्ट हो गया। इसमें मौके पर 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं, 3 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सिलेंडर ब्लास्ट में पूरा मकान जमीदोज हो गया। दो मंजिला मकान ब्लास्ट के बाद ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। अब प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चला रही है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है। अधिकारियों को घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए हैं। मृतकों के प्रति शोक संवेदना जताई है। मकान में जिस समय ब्लास्ट हुआ, उस समय मकान के अंदर परिवार के 18 से 19 लोग मौजूद थे। 10 लोगो को सकुशल बाहर निकाला गया। वहीं, 5 लोगों की मौत हो गई। 3 लोग गंभीर घायल हुए। इसमें से एक की मौत इलाज के दौरान हो गई।

## बाजार

**सेंसेक्स 930.55 अंक का गोता लगाकर 80,220.72 अंक पर हुआ बंद**

## शेयर बाजार में बड़ी गिरावट से निवेशकों को 9.19 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चौतरफा बिकवाली के दबाव से बीएसई सेंसेक्स में मंगलवार को 930 अंक से अधिक की गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति में 9.19 लाख करोड़ रुपए की भारी गिरावट हो गई।

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी गिरावट जारी रही और 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 930.55 अंक यानी 1.15 प्रतिशत का गोता लगाकर



80,220.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,001.74 अंक तक लुढ़क गया था।

इस बड़ी गिरावट की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9,19,374.52 करोड़ रुपए घटकर 4,44,45,649.22 रुपए पर आ गया।

सेंसेक्स के अलावा छोटी कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 3.81 प्रतिशत नीचे आया, जबकि मझोली कंपनियों के शेयरों से संबंधित मिडकैप सूचकांक 2.52 प्रतिशत टूट गया।

# हॉकी, निशानेबाजी, क्रिकेट, बैडमिंटन ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर

**एजेंसी, लंदन**

भारत की राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे प्रमुख खेलों को 2026 में होने वाले खेलों के कार्यक्रम हटा दिया है तथा केवल 10 खेलों को इसमें जगह दी गई है।

लागत को सीमित करने के लिए टेबल टेनिस, स्क्वाश और ट्रायथलॉन को भी हटा दिया गया है। बर्मिंघम में 2022 में खेले गए राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नौ खेल अगले खेलों का हिस्सा नहीं होंगे। इन खेलों को केवल चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। ग्लासगो ने इससे पहले 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबानी की थी।

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने बयान में कहा,''खेल कार्यक्रम में एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, 3×3 बास्केटबॉल और 3×3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल को शामिल किया गया है।'' निशानेबाजी को इसलिए कार्यक्रम से बाहर किया गया है क्योंकि 2014 में इस खेल का आयोजन डंडी में बैरी बुडन सेंटर में किया गया था, जो ग्लासगो से 100 किमी से अधिक दूर है। इसके साथ ही तीरंदाजी को भी नजरअंदाज किया जाता रहा है। राष्ट्रमंडल खेल 2014 में हॉकी और कुश्ती की मेजबानी करने वाले ग्लासगो ग्रीन और स्कॉटिश प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र को आयोजन स्थलों की सूची से हटा दिया गया है, जबकि सर क्रिस होय वेलोड्रोम, जहां उस वर्ष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इस बार केवल साइकलिंग की मेजबानी करेगा।

हॉकी को बाहर करने का कारण यह भी हो सकता है कि इन खेलों के समाप्त होने के 2 सप्ताह बाद 15 से 30 अगस्त तक वावरे, बेल्जियम और एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में हॉकी विश्व कप का आयोजन किया जाएगा।

पहले इन खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था, लेकिन बढ़ती लागत को देखते हुए वह मेजबानी से हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने खेलों की मेजबानी करने के लिए हामी भरी थी।




## भारत ने कुश्ती में जीते हैं 114 पदक

राष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में देश को 114 पदक मिले हैं, जिनमें 49 स्वर्ण, 39 रजत और 26 कांस्य शामिल हैं। क्रिकेट को 2022 में फिर से राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल कर दिया गया था, जिसमें भारतीय महिला टीम ने रजत पदक जीता था। खेलों से हॉकी का बाहर होना भारत के लिए एक बड़ा झटका होगा। भारत की पुरुष टीम ने तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं, जबकि महिलाओं ने 2002 के खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते हैं। बैडमिंटन में भारत ने 10 स्वर्ण, आठ रजत और 13 कांस्य पदक सहित कुल 31 पदक जीते हैं। निशानेबाजी में भारत ने 135 पदक जीते थे, जिनमें 63 स्वर्ण, 44 रजत और 28 कांस्य शामिल हैं।




## भारत के लिए झटका

राष्ट्रमंडल खेलों का यह कार्यक्रम भारत की पदक संभावनाओं के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इससे पहले उन्होंने अधिकतर पदक उन खेलों में जीते थे, जिन्हें हटाया गया है। निशानेबाजी को बर्मिंघम खेलों के कार्यक्रम से भी हटाया गया था और उसकी वापसी की कम उम्मीद थी।

## पैरा खेल बने रहेंगे

पैरा खिलाड़ी 2002 से इन खेलों का हिस्सा रहे हैं और अगले खेलों में भी बने रहेंगे। सीजीएफ ने कहा, ''पैरा खेल को एक बार फिर खेलों में प्राथमिकता दी जाएगी। इस बार छह पैरा खेलों को खेल कार्यक्रम में शामिल किया गया है।''

## स्पोर्ट्स विंडो

### 'द हंड्रेड' की टीमों के लिए पांच आईपीएल फ्रैंचाइजी ने लगाई बोली

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाइंट्स उन आईपीएल फ्रैंचाइजियों में शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की प्रतियोगिता द हंड्रेड में टीमें खरीदने के लिए बोलियां जमा की हैं। जीएमआर ग्रुप और मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के सह-मालिक अवराम ग्लेजर ने भी टीम खरीदने के लिए बोलियां जमा की है। बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्तूबर थी। ईसीबी ने आठ फ्रैंचाइजी में से प्रत्येक में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए बोलियां आमंत्रित की थी। इस तरह से ईसीबी ने बड़ा हिस्सा अपने पास सुरक्षित रखा है जिससे उसका प्रतियोगिता पर नियंत्रण बना रहेगा।

### पीठ की चोट से परेशान नाओमी ओसाका

**नई दिल्ली।** जापान की स्टार खिलाड़ी नाओमी ओसाका पीठ की चोट के कारण महिला टेनिस टूर डब्ल्यूटीए के बाकी सत्र में नहीं खेल पाएगी। हांगकांग ओपन के आयोजकों ने कहा कि चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन न केवल इस टूर्नामेंट से हट रही है, बल्कि वह मौजूदा सत्र में आगे किसी भी प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएगी।



### बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अगले रणजी मैच के लिए मुंबई टीम से बाहर

**मुंबई।** शीर्षक्रम के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को फिटनेस और अनुशासनात्मक कारणों से त्रिपुरा के खिलाफ अगले रणजी मैच के लिए मुंबई टीम से बाहर किया गया है। मैच अगरतला में 26 से 29 अक्तूबर के बीच होना है। भारत के लिए पांच टेस्ट, छह वनडे और एक टी-20 मैच खेल चुके शॉ एक बार फिर विवादों से घिर गए हैं। समझा जाता है कि 24 वर्ष के शॉ टीम के अभ्यास सत्रों में नियमित रूप से भाग नहीं ले रहे और उनका वजन भी बढ़ गया है। शॉ ने दो रणजी मैचों में 7, 12, 1 और नाबाद 39 रन बनाए हैं। मुंबई की सीनियर पुरुष चयन समिति ने फिटनेस और बर्ताव को लेकर उन्हें बाहर किया है। उनकी जगह बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अखिल हरवाडकर खेलेंगे।



### वान को हराकर सोफिया केनिन पैन पैसिफिक ओपन के दूसरे दौर में




**टोक्यो।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन ने मंगलवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। अमेरिका की इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीन की 10वीं वरीयता प्राप्त वांग जन्यिू को 6-1, 6-4 से पराजित किया। केनिन की वांग ज़न्यिू के खिलाफ यह लगातार चौथी जीत है। कनाडा की बियांका एंड्रीस्कू और अमेरिका की लेयला फर्नांडीज भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। इस वर्ष पैन पैसिफिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग कनिवेन हैं।

# भारतीय हॉकी टीम के इरादे विश्व चैंपियन जर्मनी से 'बदला चुकता' करने के

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर दस साल बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी और विश्व चैंपियन जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के पहले मैच में बुधवार को ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ओलंपिक सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के इरादे से उतरेगी।

दिल्ली में 2013 से अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच नहीं खेला गया है। आखिरी बार 2014 में हीरो विश्व लीग फाइनल यहां हुआ था, हालांकि यदा कदा अंतर विभागीय मैच होते रहते हैं। हाल ही में महिला अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप भी खेली गई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम और पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ दोनों मुकाबले इस मैदान पर हॉकी की वापसी को यादगार बनाने का दम रखते हैं ।

सूत्रों के अनुसार एक निजी टिकट पोर्टल पर 12,000 से अधिक प्रशंसकों ने मुफ्त टिकट के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। नेशनल स्टेडियम की क्षमता 16,400 दर्शकों की है। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। पेरिस में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम सेमीफाइनल में करीबी मुकाबले में जर्मनी से 2-3 से हार गई थी।

मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी को हराना आसान नहीं है, जिसने नीदरलैंड के खिलाफ पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक का मुकाबला शूटआउट तक खींचा था। रैंकिंग में जर्मनी दूसरे और भारत 5वें स्थान पर है, लेकिन आधुनिक हॉकी में शीर्ष-5 टीमें कभी भी एक-दूसरे को हराने का माद्दा रखती हैं। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच में से तीन मुकाबले भारत ने जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के बाद सितंबर में भारत ने मेजबान चीन को 1-0 से हराकर 5वीं बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती। भारत के पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है चूंकि कोच क्रेग फुल्टोन की नजरें लॉस एंजल्स ओलंपिक-2028 पर है।

डिफेंडर और ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार टीम में लौटे हैं जो एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी के यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण बाहर थे। उन्हें क्लीन चिट मिल चुकी है। भारत को मिडफील्ड में हार्दिक सिंह की कमी खलेगी, जो पेरिस ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं।



फाइल फोटो

## राष्ट्रमंडल खेलों से हॉकी का हटना दुर्भाग्यपूर्ण : हरमनप्रीत

ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल-2026 से हॉकी को हटाये जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना उनकी टीम का लक्ष्य था। जर्मनी के खिलाफ यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर 23 और 24 अक्तूबर को होने वाले मैचों से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में हरमनप्रीत से जब इस फैसले पर प्रतिक्रिया के लिए पूछा गया तो उन्होंने कहा ,'' मुझे अभी पता चला है कि यह फैसला लिया गया है। यह अच्छा टूर्नामेंट था। हमारा लक्ष्य इस बार उसमें स्वर्ण पदक जीतना था ।''

राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता

# वन अधिकारी मोहित दत्ता ने जीता स्वर्ण पदक



स्वर्ण जीतने के बाद वन अधिकारी मोहित दत्ता अपने जोड़ीदार के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता-2024 में सोलन के वन अधिकारी मोहित दत्ता ने एक बार फिर से सोलन व वन विभाग का नाम रोशन किया है। दत्ता ने 16 से 20 अक्तूबर तक रायपुर में आयोजित बैडमिंटन वेटेरन युगल का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

ज्ञात रहे इस साल ऑल इंडिया नेशनल फोरेस्ट स्पोर्ट्स मीट का आयोजन रायपुर में किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के वन विभाग के 82 खिलाड़िों ने हिस्सा लिया। मोहित दत्ता और उनके धर्मशाला के सहयोगी एसीएफ दौलत राम की जोड़ी ने केरल, तमिलनाडु, यूपी, आईसीएफआरई देहरादून, वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को हराकर फाइनल में अरुणाचल को 2-1 से मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोलन शहर के मोहित दत्ता वन प्रशिक्षण संस्थान चायल में उप निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। वह सोलन बैडमिंटन एसोसिएशन के 20 साल सचिव और हिमाचल बैडमिंटन एसोसिएशन के 10 साल संयुक्त सचिव रहे चुके हैं। एकल मुकाबले में भी वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से भी केन विलियम्सन रहेंगे बाहर

**एजेंसी, पुणे**

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियम्सन कमर की मांसपेशियों में खिंचाव से अभी पूरी तरह नहीं उबरे हैं, जिस कारण वह भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को यह घोषणा की।

बेंगलुरु में पहला मैच आठ विकेट से जीतने के बाद न्यूजीलैंड तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। दूसरा मैच गुरुवार से यहां खेला जाएगा।

विलियम्सन श्रीलंका के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। वह अभी तक भारत में टीम से नहीं जुड़े हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियम्सन की प्रगति अच्छी है, लेकिन अभी तक वह पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान में स्टीड ने कहा,''हम केन विलियम्सन की प्रगति पर निगरानी रखे हुए हैं और वह सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। हमें उम्मीद है कि उनमें आगामी दिनों में और सुधार देखने को मिलेगा और वह तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे।''

उन्होंने कहा, ''हम उन्हें पूरी तरह से फिट होने के लिए जितना संभव हो सके उतना समय देंगे, लेकिन निश्चित रूप से हम इस मामले में सतर्कता बरतते रहेंगे।''

तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच एक नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा।



केन विलियम्सन

## रूट में तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ने की क्षमता : कुक

**दुबई।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक का मानना है कि जो रूट अपनी भूख और अविश्वसनीय प्रतिभा की बदौलत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ सकते हैं।

37 साल के रूट के नाम फिलहाल 12,716 टेस्ट रन हैं और वह भारतीय दिग्गज तेंदुलकर (15,921) से 3205 रन पीछे हैं।

रूट फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उनसे आगे राहुल द्रविड़ (13,288), जैक कैलिस (13,289) और रिकी पोंटिंग (13,378) और तेंदुलकर हैं। कुक ने कहा, ''मुझे लगता है कि जो रूट निश्चित रूप से इंग्लैंड टीम के लिए एक ऐसा रिकॉर्ड बना सकते हैं।

# एक साल बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में नेमार की सफल वापसी

**एजेंसी, अल ऐन**

ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने चोट के कारण एक साल बाहर रहने के बाद सोमवार को यहां प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में सफल वापसी की तथा एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के ग्रुपप चरण में अल हिलाल को संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन को 5-4 से हराने में मदद की।

नेमार ने अगस्त 2023 में सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के साथ अनुबंध किया था, लेकिन पिछले साल अक्तूबर में चोटिल होने से पहले वह अपने इस नए क्लब की तरफ से केवल पांच मैच खेल पाए थे। उन्होंने 369 दिन के बाद चार बार के एशियाई चैंपियन अल हिलाल की तरफ से अपना अगला मैच खेला। मैच समाप्त होने में जब केवल 13 मिनट का समय बाकी था तब नेमार ने मैदान पर कदम रखा। उन्होंने आते ही गोल पर करारा शॉट जमाया लेकिन वह गोल पोस्ट से टकरा गया। अल हिलाल की टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है।




# गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया-ए टीम के कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईशान किशन की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है और उन्हें आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई में 15 सदस्यीय इंडिया-ए टीम में शामिल किया गया। रणजी ट्रॉफी में मुंबई के खिलाफ शानदार शतक लगाने वाले महाराष्ट्र के गायकवाड़ को इंडिया-ए टीम का कप्तान बनाया गया है। इंडिया-ए की टीम मैके और मेलबोर्न में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगी और फिर पर्थ में सीनियर इंडिया टीम के खिलाफ तीन दिवसीय 'इंट्रा-स्क्वाड' मैच में हिस्सा लेगी। टीम। रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उपकप्तान), साई सुदर्शन, नितीश कुमार रेड्डी, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, बाबा इंद्रजीत, ईशान किशन (विकेट कीपर), अभिषेक पोरेल, मुकेश कुमार, खलील अहमद, यश दयाल, नवदीप सैनी, मानव सुथार, तनुश कोटियन।



**हॉकी**

## हॉकी विश्व कप-1975 के विजेता कप्तान ने की 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत

# भारतीय हॉकी टीम फिर बने विश्व चैंपियन : अजीतपाल

**आर मोहन चौहान, सोलन**

भारत को 1975 में हॉकी का विश्व कप जिताने वाले कप्तान और दो बार ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली हॉकी टीम में शामिल रहे अजीतपाल सिंह का सपना है कि उनके जीते जी भारतीय हॉकी टीम फिर से हॉकी विश्वकप कप जीते।

एक अप्रैल, 1947 को गांव संसारपुर जालंधर (पंजाब) में जन्मे ओलंपियन अजीतपाल सिंह इन दिनों कसौली में स्थित पुश्तैनी मकान में रह रहे हैं। भारतीय टीम ने अजीतपाल सिंह की कप्तानी में 1975 मलेशिया विश्व कप में पाकिस्तान को 2-1 हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया था। इसके बाद देश आज तक विश्व कप में नहीं जीत पाया है। उनका कहना है कि यदि देश की युवा पीढ़ी को नशे से बचना है तो उन्हें खेल मैदान में उतरना होगा।


1975 में हॉकी का विश्वकप जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ कप्तान अजीत पाल सिंह। (फाइल फोटो)

'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में अजीत पाल सिंह ने बेबाकी से भारतीय हॉकी को लेकर चर्चा की। ओलंपियन अजीतपाल ने कहा कि देश में हॉकी खेल को अभी भी वो स्थान नहीं मिल पाया, जिसका यह हकदार है। हॉकी को मौखिक तौर पर तो राष्ट्रीय खेल कहा जाता है, पर रिकॉर्ड में कहीं नहीं है।

अनंत ज्ञान विशेष बातचीत

पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के प्रदर्शन को लेकर उनका कहना है कि लगातार दो ओलंपिक मेडल जीत कर हॉकी टीम ने देश का खोया हुआ गौरव लौटाया है।

जरूरत है तो कांस्य पदक को स्वर्ण पदक में बदलने की। इसके लिए गलतियों को सुधार कर बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। भारतीय टीम एशिया चैंपियन तो बन चुकी है अब बारी विश्वकप जीतने की है। (अनंत ज्ञान)

## ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को सिखाया सबक

पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत पर अजीत पाल सिंह ने कहा कि टीम ने पूरा दमखम दिखाया और इस तरह की मिसाल पहले देखने को नहीं मिली। उनके मुताबिक भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को सिखा दिया कि हॉकी कैसे खेली जाती है। पेरिस ओलंपिक गेम्स के हॉकी इवेंट में अपने आखिरी लीग मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से मात दी थी। पूर्व कप्तान ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद भारतीय टीम, दुनिया की किसी भी टीम को हराने की काबिलियत रखती है।



## न्यूजीलैंड टीम में इंगलिस की वापसी

**क्राइस्टचर्च।** विकेटकीपर बल्लेबाज पॉली इंगलिस को भारत के खिलाफ गुरुवार से अहमदाबाद में शुरू होने वाली तीन मैचों की महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए महिला टी-20 विश्व चैंपियन न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

28 वर्षीय इंगलिस को महिलाओं के सुपर स्मैश में ओटागो स्पार्क्स और न्यूजीलैंड-ए की तरफ से बल्लेबाज और विकेटकीपर दोनों भूमिकाओं में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण टीम में लिया गया है।

**टीम।** सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, एडेन कार्सन, लॉरेन डाउन, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रूक हॉलिडे, पॉली इंगलिस (विकेटकीपर), फॉन जोनास, जेस केर, मेली केर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर , हन्ना रोवे, ली ताहुहू।